CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 37°C
न्यूनतम : 24°C

देहरादून, शनिवार 23 मई 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 285 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 5 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बिजली संकट से निजात दिलाने के उचित कदम उठाए सरकार: मायावती पेज 2



सीएसके के कप्तान गायकवाड़ पर लगा 24 लाख का जुर्माना खेल टाइम्स



काला सोना या देश का हरा भविष्य? सम्पादकीय



होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों से फीस वसूलेगा ईरान पेज 12

# चंद्रयान-3 का दुनिया में बजा डंका, मिला अमेरिकी प्रतिष्ठित सम्मान

**वाशिंगटन, वार्ता**

**भारत के** ऐतिहासिक चंद्र मिशन चंद्रयान को एक और बड़ी अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल हुई है। अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ एरोनॉटिक्स एंड एस्ट्रोनॉटिक्स (एआईएए) ने चंद्रयान-3 मिशन को वर्ष 2026 के प्रतिष्ठित 'गोडार्ड एस्ट्रोनॉटिक्स अवार्ड' से सम्मानित किया है।

यह सम्मान 21 मई को वाशिंगटन डीसी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिया गया। 23 अगस्त 2023 को चंद्रयान-3 ने इतिहास रचते हुए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सफल सॉफ्ट लैंडिंग की थी। भारत ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बना था। चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव वैज्ञानिक और रणनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इस क्षेत्र की सतह पर इससे पहले कोई मिशन नहीं पहुंच पाया था। मिशन ने भविष्य के मानव चंद्र अभियानों के लिए अहम वैज्ञानिक आंकड़े उपलब्ध कराए। साथ ही चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र की मिट्टी में कई महत्वपूर्ण रासायनिक तत्वों की मौजूदगी की पुष्टि की।



**■ अमेरिका ने चंद्रयान-3 मिशन को वर्ष 2026 के अंतरिक्ष विज्ञान के सर्वोच्च प्रतिष्ठित गोडार्ड एस्ट्रोनॉटिक्स अवॉर्ड से सम्मानित किया**

वैज्ञानिकों का मानना है कि ये संसाधन भविष्य में चंद्रमा की सतह पर निर्माण और अन्य गतिविधियों के लिए उपयोगी साबित हो सकते हैं। यह पुरस्कार भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की ओर से अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने एआईएए एएससीईएनडी 2026 सम्मेलन में स्वीकार किया। अपने संबोधन में विनय क्वात्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्पेस विजन 2047 का जिक्र किया। उन्होंने भारत की गहरे अंतरिक्ष में खोज, मानव अंतरिक्ष उड़ान और तेजी से बढ़ते कमर्शियल स्पेस सेक्टर के रोडमैप को रेखांकित किया।

## आईटीबीपी महिला दल ने एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ाई कर कीर्तिमान बनाया

**नई दिल्ली।** आईटीबीपी के महिला दल ने पहली बार एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ाई कर इतिहास रच दिया है। यह दल 19 अप्रैल को आईटीबीपी के दिल्ली स्थित मुख्यालय से रवाना हुआ था। इसमें 11 महिला पर्वतारोहियों सहित कुल 14 महिला सदस्य सम्मिलित थे। भारत एवं नेपाल में चरणबद्ध प्रशिक्षण के बाद सभी 11 महिला पर्वतारोहियों ने नेपाल की ओर से 'साउथ कोल रूट' से सफलतापूर्वक एवरेस्ट शिखर की चोटी पर चढ़ाई की। दल ने 21 मई की रात 12:52 मिनट पर चोटी पर भारतीय ध्वज फहराया।

# एवरेस्ट से उतरते समय दो भारतीयों की मौत

**नई दिल्ली।** माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले 2 भारतीय पर्वतारोहियों की उतरते समय मौत हो गई। यह जानकारी शुक्रवार को नेपाल अभियान संचालक संघ के महासचिव ऋषि भंडारी ने दी।

उन्होंने बताया कि अरुण कुमार तिवारी और संदीप अरे नामक पर्वतारोही एवरेस्ट से उतरते समय बुरी तरह थक गए थे। इससे उनकी सांसें फूल गई थीं। भंडारी ने बताया कि आरे ने बुधवार को, जबकि अरुण तिवारी ने गुरुवार को शाम करीब 5:30 बजे एवरेस्ट को फतह किया था। अरुण तिवारी की मौत हिलेरी

**■ ज्यादा थकान से सांसें फूल गई थीं**

स्टेप के पास हुई। वहीं, संदीप अरे को शेरपा रेस्क्यू टीम कैंप-2 तक ले आई थी। कैंप पहुंचने के कुछ देर बाद ही उनकी मौत हो गई। बुधवार को संदीप रे समेत तीन भारतीय पर्वतरोही 8 हजार 848 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे थे। इसमें अन्य दो पर्वतारोही तुलसी रेड्डी पालपुनूरी और अजय पाल सिंह धालीवाल हैं। अगले दिन, गुरुवार को भारत के अरुण तिवारी और लक्ष्मीकांत मंडल चोटी पर पहुंचे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के केंद्रीय कार्यालयों में ईद-उल-अज़हा की छुट्टी अब 28 मई को

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में केंद्र सरकार के कार्यालयों में ईद-उल-अजहा (बकरीद) की छुट्टी 28 मई को होगी। केंद्र सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, पहले छुट्टी की घोषणा 27 मई के लिए की गई थी, लेकिन अब उसे एक दिन आगे बढ़ा कर 28 मई को कर दिया गया है। गौरतलब है कि ईद-उल-अजहा मुसलमानों का एक प्रमुख त्योहार है, जिसे इस्लामी महीने जिलहिज्जा की 10वीं तारीख को मनाया जाता है।

### राज्यसभा की 24 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव 18 जून को होंगे

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 10 राज्यों से राज्यसभा की 24 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव 18 जून को कराने की घोषणा की है। इन सीटों पर निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल आगामी जून और जुलाई माह में पूरा हो रहा है। इनमें आंध्र प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक से चार-चार सीटें, मध्य प्रदेश, राजस्थान से तीन - तीन, झारखंड से दो तथा मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम से एक-एक सीट के लिए चुनाव कराया जाना है। चुनाव आयोग की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इन चुनावों के लिए अधिसूचना पहली जून को जारी की जाएगी। नामांकन पत्र 8 जून तक भरे जा सकेंगे और उनकी जांच 9 जून को की जाएगी। नाम वापसी की तिथि 11 जून रखी गई है।

### महाराष्ट्र- तमिलनाडु से 2 रास सीटों के लिए उपचुनाव 18 को

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और तमिलनाडु से राज्यसभा की दो रिक्त सीटों के लिए उप चुनाव 18 जून को कराने की घोषणा की है। ये दोनों रिक्तियां क्रमश: श्रीमती सुनेत्रा अजीत पवार और श्री सी वी षणमुगम के त्यागपत्र से उत्पन्न हुई हैं। महाराष्ट्र से निर्वाचित श्रीमती सुनेत्रा पवार ने राज्यसभा की सदस्यता से 6 मई को और श्री षणमुगम ने 7 मई को इस्तीफा दिया था इनका कार्यकाल क्रमश: 4 जुलाई 2028 और 29 जून 2028 को समाप्त होना था। चुनाव आयोग द्वारा शुक्रवार को जारी कार्यक्रम के अनुसार इन दोनों राज्यों से रिक्त सीटों के उपचुनाव के लिए अधिसूचना 1 जून को जारी की जाएगी।

# माता-पिता IAS, तो बच्चों को आरक्षण क्यों: सुप्रीम कोर्ट

## सरकारी नौकरी में क्रीमी लेयर के कैंडिडेट के आरक्षण लेने पर कोर्ट ने जताई चिंता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सरकारी नौकरी में क्रीमी लेयर के कैंडिडेट के आरक्षण लेने पर चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि अगर माता-पिता दोनों आईएएस अफसर हैं, तो उनके बच्चों को आरक्षण क्यों मिलना चाहिए। शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ सामाजिक गतिशीलता भी आती है। ऐसे में अगर संपन्न बच्चों के लिए फिर से आरक्षण मांगा जाए, तो हम कभी भी इस चक्र से बाहर नहीं निकल पाएंगे।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने ये कमेंट तब किया। जब वे कर्नाटक हाईकोर्ट के एक फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। याचिकाकर्ता को क्रीमी लेयर के आधार पर आरक्षण के दायरे से बाहर रखा गया था। क्योंकि उसके माता-पिता दोनों ही राज्य सरकार के कर्मचारी हैं। यह मामला कर्नाटक में 'कुरुबा' समुदाय से जुड़े एक उम्मीदवार का है। कर्नाटक के पिछड़े वर्गों की सूची में इस समुदाय को श्रेणी 2(ए) के तहत रखा गया है। उम्मीदवार यानी याचिकाकर्ता का कर्नाटक पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड में सहायक इंजीनियर के पद पर सिलेक्शन हुआ था। उसकी आरक्षित कोटे के तहत नियुक्ति की गई थी। हालांकि, जिला जाति और आय सत्यापन समिति ने उम्मीदवार को जाति प्रमाण पत्र देने से इन्कार कर दिया और कहा कि वह क्रीमी लेयर के दायरे में आता है। उम्मीदवार के परिवार की सालाना आमदनी लगभग 19.48 लाख आंकी गई थी। अधिकारियों ने पाया कि उसके माता-पिता दोनों ही सरकारी कर्मचारी हैं और उनकी कुल आमदनी, 'क्रीमी लेयर' के लिए तय की गई सीमा से ज्यादा है। नियमों के अनुसार ओबीसी आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' की मौजूदा आय सीमा सालाना 8 लाख रुपये हैं।



**सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए आरक्षण ठीक**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जिन परिवारों ने सामाजिक और आर्थिक रूप से तरक्की कर ली है, उन्हें भी आरक्षण के फायदे मिलते जा रहे हैं। उच्च शिक्षा और बेहतर आर्थिक स्थिति के साथ-साथ सामाजिक रुतबे में भी सुधार आता है। सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए आरक्षण ठीक, लेकिन सबको नहीं। इसमें कुछ संतुलन चाहिए।

**कहा: अगर संपन्न बच्चों के लिए फिर से आरक्षण मांगा जाए, तो हम कभी भी इस चक्र से बाहर नहीं निकल पाएंगे**

# दुनिया की 22 सबसे हॉट सिटी सभी भारत में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**■ यूपी के 13 शहर इनमें शामिल, 35 शहरों में रात में भी गर्म हवाएं चलीं, कई राज्य में स्कूलों के टाइम बदले गए, बांदा फिर टॉप पर**

**नई दिल्ली।** देश को अगले 3 दिन तक गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। शुक्रवार दोपहर 3 बजे दुनिया के 22 सबसे गर्म शहरों में पारा 47 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। यह सभी शहर भारत के हैं। इनमें 13 शहर उत्तर प्रदेश के हैं।

ओडिशा का बोलांगीर और बिहार का सासाराम सबसे ज्यादा गर्म रहा। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक देश के 35 शहरों में गुरुवार को रात का पारा 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। बिहार के पटना और गयाजी में गर्मी के कारण 22 से 26 मई तक 5वीं तक के स्कूल बंद किए गए हैं। मधेपुरा और सहरसा में गुरुवार को बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई। पंजाब सरकार ने सरकारी दफ्तरों और स्कूलों का समय बदल दिया है। अब दफ्तर और स्कूल सुबह साढ़े 7 बजे खुलेंगे और दोपहर 1.30 बजे बंद होंगे। 23 मई को राजस्थान में गंभीर हीटवेव का अलर्ट है। रातें भी गर्म रहेंगी।



छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में भी हीटवेव चलेगी। असम, मेघालय, केरल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, कर्नाटक और तमिलनाडु में भारी बारिश का अनुमान है। 24 मई को बिहार, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, राजस्थान और तेलंगाना में हीटवेव की स्थिति बनी रह सकती है। पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में गर्म और उमसभरा मौसम बना रह सकता -शेष पृष्ठ दो पर

# नीट पेपर लीक: पुणे की फिजिक्स टीचर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने शुक्रवार को 11वां आरोपी गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान मनीषा संजय हवलदार के रूप में हुई है।

वे पुणे के सेठ हीरालाल सराफ प्रशाला कॉलेज में टीचर हैं। मनीषा नीट परीक्षा प्रक्रिया में शामिल थीं। एनटीए ने उन्हें एक्सपर्ट के तौर पर नियुक्त किया था। मनीषा की फिजिक्स के क्वेश्चन पेपर तक पहुंच थी। अप्रैल 2026 में उन्होंने फिजिक्स से

**■ एनटीए ने एक्सपर्ट के तौर पर किया था शामिल**

संबंधित कुछ सवाल अन्य आरोपी मनीषा मंधारे के साथ शेयर किए थे। मनीषा को 16 मई को गिरफ्तार किया गया था। अब तक, इस मामले में दिल्ली, जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे, लातूर और अहल्यानगर से कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीआई जांच में खुलासा हुआ है कि नीट का पेपर 5 राज्यों में बिका था।

# शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान इस्तीफा दें: अभिजीत

**नई दिल्ली -ब्यूरो।** कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके सोशल मीडिया पेज बनाने के 7 दिन बाद पहली ऑनलाइन पिटीशन लेकर आए। इसमें उन्होंने नीट पेपर लीक मामले में शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है। वहीं सीजेपी के इंस्टाग्राम पर 21 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए हैं।

दीपके ने एक्स पर वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि आज हम एक पिटीशन शुरू करने जा रहे हैं। जिसमें शिक्षामंत्री के इस्तीफे की मांग की है। आप सब लोग ज्यादा से ज्यादा इस पिटीशन पर साइन कीजिए, ताकि सिस्टम की गलती पर सवाल उठ सके। उधर कॉकरोच जनता पार्टी पेज के इंस्टाग्राम पर अचानक लोकप्रिय होने से उसके फाउंडर अभिजीत दीपके के माता-पिता बहुत ज्यादा परेशान हो गए हैं। उन्हें डर है कि उनका बेटा किसी मुसीबत में पड़ सकता है। उसे गिरफ्तार भी किया जा सकता है। अभिजीत के पेरेंट्स भगवान और अनीता दीपके महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में रहते हैं। दोनों ने गुरुवार को एक मराठी न्यूज चैनल को बताया कि हम अपने बेटे को राजनीति में नहीं भेजना चाहते -शेष पृष्ठ दो पर



**■ कॉकरोच जनता पार्टी फाउंडर के माता-पिता बोले- दो रातों से नहीं सोए, डर है बेटा गिरफ्तार न हो जाए**

# न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के लेखकों को हटाने का आदेश वापस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी बुक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' चैप्टर पर हुए विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने दो महीने पहले दिया फैसला बदल दिया है।

11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि जिन तीन शिक्षाविदों ने विवादित हिस्सा लिखा। उन्हें हटा दिया जाए और दोबारा काम न दिया जाए। अब शुक्रवार को तीनों शिक्षाविदों की याचिका पर कोर्ट ने आदेश बदलते हुए कहा कि केंद्र, राज्य, यूनिवर्सिटी और सरकारी फंड पाने वाले संस्थान इस मामले में खुद फैसला लें। मामले में जिन 3 शिक्षाविदों का नाम आया था। उनमें प्रोफेसर मिशेल डैनिनो, सुपर्णा दिवाकर और आलोक प्रसन्न कुमार शामिल हैं। पहले सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि इन लोगों ने जानबूझकर तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया और छात्रों के सामने न्यायपालिका की नकारात्मक छवि दिखाई। अब कोर्ट ने यह टिप्पणी वापस ले ली है। एनसीईआरटी ने 23 फरवरी को क्लास 8 के स्टूडेंट्स के लिए सोशल साइंस की नई टेक्स्टबुक जारी की थी। ये किताब एकेडमिक सेशन 2026-27 से स्कूलों में पढ़ाई जानी थी। इसका पहला पार्ट जुलाई 2025 में रिलीज किया गया था। किताब का नाम 'एक्सप्लोरिंग सोसायटी: इंडिया एंड बियॉन्ड पार्ट 2' है। इसमें 'द रोल ऑफ द ज्यूडिशियरी इन अवर सोसायटी' चैप्टर के अंदर 'करप्शन इन द ज्यूडिशियरी' का टॉपिक जोड़ा गया है। इसमें कहा गया है कि भ्रष्टाचार, बड़ी संख्या में पेंडिंग मामले और जजों की भारी कमी ज्यूडिशियल सिस्टम के सामने प्रमुख चुनौतियों में शामिल हैं। जज आचार संहिता से बंधे होते हैं, जो न केवल कोर्ट में उनके व्यवहार को कंट्रोल करता है, बल्कि कोर्च के बाहर उनके आचरण को भी तय करती है। किताब के एक सेक्शन का टाइटल इंसाफ में देरी इंसाफ न मिलने जैसा है। यहां सुप्रीम कोर्ट में 81 हजार, हाईकोर्ट्स में 62 लाख 40 हजार, डिस्ट्रिक्ट और सबऑर्डिनेट कोर्ट के 4 करोड़ 70 लाख पेंडिंग केस की संख्या भी बताई गई है। 24 फरवरी को चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने किताब छापने और बिक्री पर रोक लगाने का आदेश दिया।



**■ एनसीईआरटी मामले में सुप्रीम कोर्ट बोला- कंटेंट पर सवाल, व्यक्ति पर नहीं, लिखने वालों पर सरकार फैसला करे**

# उमर खालिद-शरजील को SC से राहत नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2020 दिल्ली दंगा मामले में आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत ने संकेत दिया कि आदेश शुक्रवार के दौरान या फिर 25 मई को सुनाया जा सकता है।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने साफ कहा कि दोनों आरोपियों को जमानत से इन्कार इसलिए नहीं किया गया, क्योंकि संविधान के अनुच्छेद 21 को कम महत्व दिया गया, बल्कि उनके कथित रोल और मामले की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया था। सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा कि वह हालिया फैसलों में की गई टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देना चाहती। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि मामले में कानूनी पहलुओं को व्यापक स्तर पर देखने की जरूरत है। कोर्ट की इस टिप्पणी को यूएपीए मामलों में बेल को लेकर भविष्य की सुनवाई के लिहाज से अहम माना जा रहा है। अदालत ने एक अहम कानूनी सवाल को बड़ी बेंच के पास भेज दिया है। यह सवाल इस बात से जुड़ा है कि क्या लंबे समय तक जेल में रहना और ट्रायल में देरी, यूएपीए जैसे सख्त कानूनों के तहत जमानत पर लगी कानूनी पाबंदियों को पीछे छोड़ सकती है। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि इस मुद्दे पर विस्तृत और अधिकारिक फैसला जरूरी है। अदालत ने मामले को भारत के सीजेआई सूर्यकांत के पास भेजते हुए उचित बड़ी बेंच गठित करने का निर्देश दिया।

**■ UAPA में जमानत पर बड़ी बेंच करेगी सुनवाई**

### दिल्ली HC से उमर खालिद को तीन दिन की अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली दंगा साजिश मामले में आरोपी उमर खालिद को 3 दिन की अंतरिम जमानत दी। जमानत एक जून सुबह 7 बजे से 3 जून शाम 5 बजे तक प्रभावी रहेगी। खालिद को इसके लिए एक लाख रुपये का निजी मुचलका भरना होगा। हाईकोर्ट ने कहा कि उमर को पहले भी पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए अंतरिम जमानत मिल चुकी है।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### नया बिजलीघर बनाना सरकार के वश में नहीं: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भीषण गर्मी के बीच उत्तर प्रदेश में व्याप्त बिजली संकट को लेकर भारतीय जनता पार्टी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि बिजली के नए संयंत्र लगाना सरकार के वश की बात नहीं है। यादव ने एक्स पर लिखा कि बिजली के नए प्लांट लगाना तो आपके बस में था नहीं, न ही आपकी तंग सोच में। मुंह से ये कह ही देते '3 गुना 660 सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर प्लांट' तो गर्मी में झुलसते प्रदेशवासियों को सुनकर ही थोड़ी राहत मिल जाती। उन्होंने कहा कि भाजपा के कुराज में उप्र में बिजली की सिर्फ 'मांग' बढ़ रही है या 'दाम' बढ़ रहे हैं, सप्लाई-आपूर्ति नहीं। भाजपा राज, यूपी खस्ताहाल। उन्होंने अपने संदेश के साथ स्मार्ट नगर, लखनऊ, राजधानी, उत्तर प्रदेश शब्द भी जोड़े। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है और कई जिलों से बिजली कटौती की शिकायतें मिल रही हैं।

### गंगा में स्नान करते समय बीयर पीने का वीडियो वायरल

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में गंगा में नाव पर बिरयानी पार्टी के बाद स्नान करते समय एक युवक द्वारा बीयर पीने का मामला सुर्खियों में है। शुक्रवार को 'द बनारस बार एसोसिएशन' के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के काशी क्षेत्र के संयोजक शशांक शेखर त्रिपाठी ने दशाश्वमेध पुलिस को लिखित शिकायत कर मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है। त्रिपाठी ने बताया कि सुबह सोशल मीडिया अकाउंट देख रहे थे, तभी एक वीडियो उनके सामने आया जिसमें एक युवक गंगा में स्नान करते हुए बीयर पी रहा है।

# 19 लोगों को गन लाइसेंस किस आधार पर दिए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश में बढ़ते गन कल्चर और हथियार लाइसेंस के दुरुपयोग पर बेहद सख्त टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि हथियारों का सार्वजनिक प्रदर्शन समाज में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा करता है और इससे कानून का राज कमजोर होता है। योगी सरकार सभी जिलाधिकारियों, पुलिस कमिश्नरों और एसएसपी से इस मामले में जवाब मांगा गया है। कोर्ट ने पूछा कि आखिर ऐसे लोगों को लाइसेंस किस आधार पर दिए गए?

इलाहाबाद हाई कोर्ट में जय शंकर उर्फ बैरिस्टर बनाम उत्तर प्रदेश राज्य मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रदेश में हथियार लाइसेंस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए। न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की एकल पीठ ने कहा कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में आर्म्स एक्ट और उससे जुड़े नियमों का सही तरीके से पालन नहीं हो रहा है। अदालत ने माना कि हथियार लाइसेंस जारी करने, नवीनीकरण और ट्रांसफर की प्रक्रिया में भारी



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने योगी सरकार से मांगा जवाब

लापरवाही बरती जा रही है। इस दौरान हाई कोर्ट के सामने राज्य सरकार की ओर से दाखिल हलफनामे में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए। प्रदेश में अब तक 10 लाख 8 हजार 953 हथियार लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं, साथ ही 23 हजार 407 आवेदन अभी भी लंबित हैं। एक हजार 738 अपीलें कमिश्नरों के पास लंबित हैं। 6 हजार 62 ऐसे लोगों को लाइसेंस दिए गए हैं, जिन पर दो या उससे ज्यादा आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। अदालत ने इस पर नाराजगी जताते हुए पूछा कि आखिर ऐसे लोगों को हथियार लाइसेंस किस आधार पर दिए गए? हाईकोर्ट ने कहा कि हथियारों का सार्वजनिक प्रदर्शन समाज में डर और असुरक्षा का माहौल पैदा करता है। अदालत ने साफ कहा कि आत्मरक्षा के नाम पर 'गन कल्चर' को बढ़ावा नहीं दिया जा सकता। कोर्ट के मुताबिक हथियारों का खुलेआम प्रदर्शन सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ता है और कानून व्यवस्था पर गलत असर डालता है। जिन लोगों की डिटेल मांगी गई हैं, वो हैं रघुराज प्रताप सिंह (राजा भैया), धनंजय सिंह, सुशील सिंह, बृजभूषण शरण सिंह, विनीत सिंह, अजय मरहद, सुजीत सिंह बेलवा, उपेंद्र सिंह गुड्डू, पप्पू भौकाली, इंद्रदेव सिंह, सुनील यादव, फरार अजीम, बादशाह सिंह, संग्राम सिंह, सुल्लू सिंह, चुलबुल सिंह, सनी सिंह, छुन्नू सिंह और डा. उदय भान सिंह।

### अगली सुनवाई 26 मई को होगी, सरकार देगी जवाब

अब सबकी नजर 26 मई को होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी है, जहां सरकार और पुलिस प्रशासन को विस्तृत जवाब देना होगा।

# पूर्वी यूपी में गर्मी लेगी और विकराल रूप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रचंड गर्मी और तीव्र ताप लहर का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश के पूर्वी इलाके में अगले 48 घंटे के दौरान तापमान में दो से तीन डिग्री तक की बढ़ोत्तरी होने के आसार है।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार को भी उष्ण लहर से लेकर भीषण उष्ण लहर चलने की संभावना है। अगले 48 घंटों के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की और बढ़ोतरी होने के आसार हैं। विभाग द्वारा जारी उष्ण लहर बुलेटिन के अनुसार बीते 24 घंटों में प्रयागराज, सुल्तानपुर और गाजीपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया गया, जबकि लखनऊ, बाराबंकी, कानपुर नगर, वाराणसी, बहराइच, बांदा, मुजफ्फरनगर और मेरठ समेत कई



अगले 48 घंटे के दौरान तापमान में दो से तीन डिग्री तक की बढ़ोतरी होने के आसार

जिलों में तापमान सामान्य से ऊपर रहा। बीते दिन वाराणसी (बीएचयू), प्रयागराज, बांदा, सुल्तानपुर, गाजीपुर, उरई, हमीरपुर, मुजफ्फरनगर और मेरठ में लू और भीषण लू की स्थिति दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, मिर्जापुर, वाराणसी, संत रविदास नगर और जौनपुर जिलों में भीषण लू चलने की आशंका है। वहीं सोनभद्र, चंदौली, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, कानपुर नगर, उन्नाव, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, मेरठ, गाजियाबाद, आगरा, झांसी और ललितपुर समेत कई जिलों में अत्यधिक गर्म हवाएं चल सकती हैं। विभाग ने आगरा, बहराइच और गोरखपुर में हीट इंडेक्स 50 से 60 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना जताई है, जबकि मऊ, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मिर्जापुर और रायबरेली समेत कई जिलों में यह 40 से 50 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर 11 बजे से तीन बजे तक धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थ लेने तथा हल्के सूती कपड़े पहनने की सलाह दी है। विभाग ने मजदूरों, बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों को विशेष सावधानी बरतने को कहा है।

# बिजली संकट से निजात दिलाने में कदम उठाए सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती पर चिंता जताते हुए कहा कि सरकार को बिजली संकट से आमजन को निजात दिलाने के त्वरित उपाय करने चाहिए।

सुश्री मायावती ने एक्स पर जारी संदेश में कहा कि बिजली संकट से गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, छोटे व्यापारी और करोड़ों मेहनतकश लोगों का जीवन अति-कष्टदाई बन गया है। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल आबादी वाले राज्य में भीषण गर्मी के इस मौसम में बिजली की कम आपूर्ति व कटौती आदि की आम शिकायतों व उसको लेकर विशेषकर गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, छोटे व्यापारियों व अन्य करोड़ों मेहनतकश लोगों का जीवन



बसपा प्रमुख मायावती ने की मांग

अति-कष्टदाई बना हुआ है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर लोग विभिन्न रूपों में अपना आक्रोश भी प्रकट कर रहे हैं, जिसकी चर्चा समाचार माध्यमों में भी काफी व निरन्तर रहती है। सरकार से अपील है कि वह बिजली आपूर्ति सम्बंधी लोगों के कष्ट व परेशानियों को ध्यान में रखते हुए जरूरी उपाय तत्काल सुनिश्चित करे। साथ ही नए बिजलीघर आदि के माध्यम से भी आगे के लिए बिजली आपूर्ति की स्थिति को सुधारने का प्रयास करे तो यह व्यापक जनहित में उचित होगा।

## पहले उत्तर प्रदेश की पहचान गुंडाराज और माफिया राज से होती थी: सीएम योगी

# विकसित राज्य के रूप में पहचान बना रहा यूपी

देवरिया, वार्ता

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की पहचान 'एक जिला एक उत्पाद', सुशासन, कानून के राज और तेजी से विकसित हो रहे राज्य के रूप में बन रही है, जबकि पहले प्रदेश की पहचान गुंडाराज और माफियाराज से होती थी।

योगी शुक्रवार को देवरिया शहर से सटे पोखरभिडा गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 655 करोड़ 45 लाख रूपए लागत की 19 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि देवरिया की जनता ने भाजपा को जिले की सातों विधानसभा सीटों पर विजय दिलाई



देवरिया के पोखरभिड़ा गांव में आयोजित जनसभा में बोले सीएम योगी राज्य में अब कानून व्यव्था बेहतर

थी और सरकार ने भी जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित विकास योजनाओं को स्वीकृति देकर विकास कार्यों को गति देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले समाजवादी पार्टी शासनकाल में प्रदेश की पहचान 'एक जिला, एक गुंडा और माफिया' के रूप में होती थी, लेकिन आज उत्तर प्रदेश 'एक जिला, एक प्रोडक्ट', सुशासन और कानून व्यवस्था के लिए जाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता के एक वोट की ताकत से अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बना, जबकि मथुरा, काशी, विध्यवासिनी धाम और वृंदावन जैसे धार्मिक स्थल अपनी सांस्कृतिक विरासत और पहचान के साथ विकसित हो रहे हैं। योगी ने कहा कि आज प्रदेश में महिलाएं, बेटियां और व्यापारी सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं से छेड़छाड़ करने वालों के लिए अगले चौराहे पर यमराज इंतजार करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद उत्तर प्रदेश की छवि में व्यापक बदलाव आया है। अपराध, भ्रष्टाचार और अराजकता से बाहर निकलकर प्रदेश ने राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर नई पहचान बनाई है।

### सबकी समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सबकी समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निस्तारण तत्परता, पारदर्शिता और संवेदनशील ढंग से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक होना चाहिए। उन्होंने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए शीघ्रता से समस्या समाधान के लिए निर्देशित किया।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 75415.35
निफ्टी 23719.30


सोना 159490 प्रति 10 ग्राम
चांदी 285000 प्रति किलो

# निजी क्षेत्र के बैंकों और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के शेयरों को निवेशकों का समर्थन

मुंबई, वार्ता

निजी क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय सेवा कंपनियों के शेयरों को निवेशकों के समर्थन तथा इंजीनियरिंग और अवसंरचना क्षेत्र से जुड़ी कुछ चुनिंदा कंपनियों के शेयरों में लिवाली निकलने से स्थानीय शेयर बाजारों के प्रमुख शेयर सूचकांक शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए। शुरुआती कारोबार में रुपये की विनिमय दर में सुधार के संकेतों से भी बाजार को समर्थन मिला।

बंबई बाजार का सेंसेक्स 231.99 अंक या 0.31 प्रतिशत बढ़कर 75,415.35 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 64.60 अंक या 0.27 प्रतिशत बढ़कर 23,719.30 पर बंद हुआ। सेंसेक्स सुबह 75,260.39 पर खुलने के बाद ऊपर में 75,810.97 और नीचे में 75,230.75 अंक तक गया था। कल बाजार 75,183.36 पर बंद हुआ था। इसी तरह निफ्टी 50 सुबह 23,671.20 पर खुल कर ऊपर में 23,835.65 और नीचे में 23,671 तक गया था। बीएसई में आज साप्ताहिक कारोबार के आखिरी दिन 15 शेयर



लाभ में और 15 हानि में रहे। लाभ में रहे प्रमुख शेयरों में ट्रेन्ट 3.01 प्रतिशत, एक्सिस 2.52 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक 1.77 प्रतिशत, एशियन पेंट 1.56 प्रतिशत और हिंदुस्तान लीवर 1.06 प्रतिशत लाभ में रहा। एचडीएफसी बैंक, कोटक बैंक, बजाज फाइनेंस, अल्ट्रासीमेंट, बजाज फिनसर्व, इंडिगो ओर रिलायंस भी लाभ में रहे। सनफार्मा, आईटीसी, पावरग्रिड, भेल, भारती एयरटेल और इन्फोसिस जैसे कई प्रमुख शेयरों में 2.43 प्रतिशत से 0.61 प्रतिशत तक की गिरावट रही। संसेक्स में शामिल सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की अन्य कंपनियों के शेयर भी गिरावट में बंद हुए। पूरे दिन कारोबार के दौरान बाजार में उतार.चढ़ाव बना रहा।

### सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट दर्ज की गई है। एमसीएक्स पर सोना करीब 700 रुपये सस्ता हुआ है, जबकि चांदी की कीमत में 1,600 रुपये की गिरावट आई है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमत बढ़ी है और साथ ही डॉलर इंडेक्स भी मजबूत हुआ है। इससे फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर सकता है। इसका असर सोने और चांदी की कीमत पर देखने को मिल रहा है। गुड रिटर्न्स के मुताबिक 24 कैरेट वाला सोना 440 रुपये की गिरावट के साथ 1,59,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट वाला सोना 400 रुपये की गिरावट के साथ 1,46,200 रुपये पर आ गया। 18 कैरेट वाले सोने की कीमत 330 रुपये गिरकर 1,19,620 रुपये रह गई। चांदी 2,85,000 रुपये प्रति किलो के भाव पर ट्रेड कर रही है। बीते सत्र में बाजार बंद होने तक राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमत 5,000 रुपये उछली।

# भारत-साइप्रस में हुए छह समझौते

## रक्षा, साइबर सुरक्षा आदि शामिल, आठ घोषणाएं भी की

नई दिल्ली, वार्ता

भारत और साइप्रस ने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक उन्नत करने के साथ-साथ रक्षा, आतंकवाद-रोधी सहयोग, साइबर सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और समुद्री सहयोग समेत छह क्षेत्रों में समझौतों पर हस्ताक्षर किये और संबंधों को मजबूत बनाने की दिशा में आठ घोषणाएं भी की।

भारत की तीन दिन की यात्रा पर आये साइप्रस के राष्ट्रपति महामहिम निकोस क्रिस्टोडूलाइड्स के साथ शुक्रवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की द्विवपक्षीय वार्ता के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों देशों के बीच जिन छह समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए उनमें आतंकवाद-रोधी संयुक्त कार्य समूह की स्थापना, वर्ष 2026-2031 के लिए रक्षा सहयोग रोडमैप, साइप्रस के अनुसंधान, नवाचार और डिजिटल नीति उप मंत्रालय तथा भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच नवाचार और प्रौद्योगिकी सहयोग संबंधी समझौता शामिल है। भारत और साइप्रस ने साइबर सुरक्षा संवाद और कांसुलर संवाद शुरू करने पर भी सहमति जताई, जबकि साइप्रस के लारनाका संयुक्त बचाव समन्वय केंद्र और भारत के रक्षा मंत्रालय के बीच खोज एवं बचाव सहयोग को लेकर तकनीकी व्यवस्था पर भी हस्ताक्षर किये गये। यात्रा के दौरान कूटनीतिक प्रशिक्षण, उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान, तथा वर्ष 2026-2030 के लिए सांस्कृतिक सहयोग से जुड़े समझौते भी किए गए। एक महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक कदम के तहत साइप्रस ने व्यापार, संपर्क और समुद्री परिवहन स्तंभ के अंतर्गत भारत की हिन्द प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने की घोषणा की। भारत ने साइप्रस को ष्भारत स्वास्थ्य पहल सहयोग, हित एवं मैत्री (भीष्म) क्यूब उपहार स्वरूप देने की घोषणा की। दोनों देशों ने 18 मई को पहली बार ष्भारत-साइप्रस अंतरिक्ष दिवसष मनाकर अंतरिक्ष क्षेत्र में बढ़ते सहयोग को भी रेखांकित किया।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दुनिया की...** है। केरल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, कर्नाटक और तमिलनाडु में भारी बारिश हो सकती है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और झारखंड में 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी-तूफान की चेतावनी दी गई है। उत्तर प्रदेश के बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज समेत 10 जिलों में हीटवेव का रेड अलर्ट है। राज्य का बांदा गुरुवार को लगातार 5वें दिन देश का सबसे गर्म शहर रहा, यहां तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। इसके अलावा प्रयागराज में 46.6 डिग्री सेल्सियस, वाराणसी में 45.6 डिग्री सेल्सियस, हमीरपुर और सुल्तानपुर में 45.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। हरियाणा में गर्म रात का 38 साल का रिकॉर्ड टूटा। गुरुवार का भिवानी में रात का तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो साल 1988 में 34.8 डिग्री सेल्सियस रहा था। इसके अलावा राज्य का सिरसा सबसे गर्म शहर रहा, यहां अधिकतम तापमान 45.8 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तराखंड: 6 जिलों में हीटवेव का अलर्ट, मसूरी समेत हिल स्टेशनों में पारा 30 डिग्री सेल्सियस पार, नैनीताल में स्कूलों का समय बदला उत्तराखंड के 6 जिलों में आज हीटवेव और 5 जिलों में बारिश का अलर्ट है। मसूरी, नैनीताल और लैंसडाउन जैसे हिल स्टेशनों में भी अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के ज्यादा पहुंच रहा। शुक्रवार को नैनीताल में स्कूलों का समय बदला गया है। पंजाब सरकार ने गर्मी की वजह से सरकारी दफ्तरों और स्कूलों का समय बदल दिया है। अब दफ्तर और स्कूल सुबह साढ़े 7 बजे खुलेंगे और दोपहर 1.30 बजे बंद होंगे। स्कूलों के आदेश सभी क्लासेज के लिए होंगे। यह आदेश सोमवार यानी 25 मई से लागू होंगे। सीएम भगवंत मान ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए ये फैसला लिया है।

**शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र...** थे। अभिजीत के इस कदम के बारे में सुनकर हमारी रातों की नींद उड़ गई है। भगवान दीपके ने कहा कि आज का माहौल देखकर डर लगना स्वाभाविक है। चाहे उसके कितने भी फॉलोअर्स क्यों न हों। उसने खुद भी भारत लौटने पर गिफ्तार होने का डर जाहिर किया है। वह मशहूर हो गया है, और ऐसे लोगों को अक्सर गिरफ्तार कर लिया जाता है। पिछली दो रातों से मैं इसी चिंता में सो नहीं पाया हूं कि उसके साथ क्या हो सकता है। अभिजीत की मां ने कहा कि हमें कॉकरोच पार्टी के बारे में अपने एक पड़ोसी से पता चला था। मैं चाहती हूं बेटा राजनीति से दूर रहे। वह 'आप' के साथ काम कर चुका था। उस समय भी मैंने उससे कहा था कि हमारा राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है और उसे कोई नौकरी कर लेनी चाहिए।

### विकसित हुई किफायती और उच्च-प्रदर्शन वाली थर्मल बैटरी सामग्री

**नई दिल्ली।** भारतीय वैज्ञानिकों ने ऐसी किफायती तथा उच्च-प्रदर्शन वाली तापीय ऊर्जा भंडारण सामग्री विकसित की है जो केंद्रित सौर ऊर्जा (सीएसपी) संयंत्रों और औद्योगिक अपशिष्ट ऊष्मा पुनर्प्राप्ति प्रणालियों में उपयोग होने वाली थर्मल बैटरियों की क्षमता को काफी बढ़ा सकती है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आज बताया कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के स्वायत्त संस्थान इंटरनेशनल एडवांस्ड रिसर्च सेंटर फॉर पाउडर मेटलर्जी एंड न्यू मैटेरियल्स (एआरसीआई) के शोधकर्ताओं ने थर्मल ऊर्जा भंडारण अनुप्रयोगों के लिए स्पिनेल नैनो कम्पोजिट फेज चेंज मटेरियल (पीसीएम) विकसित करने की एक लागत प्रभावी और बड़े पैमाने पर अपनाई जा सकने वाली प्रक्रिया तैयार की है। उन्होंने कहा कि शोध के दौरान वैज्ञानिकों ने पाया कि फेज चेंज मटेरियल में केवल एक प्रतिशत स्पिनेल ऑक्साइड नैनोकण मिलाने से उसकी विशिष्ट ताप क्षमता में करीब 45 प्रतिशत तक वृद्धि हो गई। विशिष्ट ताप क्षमता किसी पदार्थ की ऊष्मीय ऊर्जा संग्रहित करने की क्षमता को दर्शाती है। नैनोकणों के बेहतर फैलाव से सामग्री की सतह ऊर्जा बढ़ती है।

# नीट पेपर लीक की जिम्मेदारी लें मोदी व प्रधान

## परीक्षा के पेपर लीक मामले में सरकार ने संसदीय समिति के समक्ष गलत बयान दिया

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि नीट-यूजी 2026 परीक्षा के पेपर लीक मामले में सरकार ने संसदीय समिति के समक्ष गलत बयान दिया है और 2024 के पेपर लीक की सच्चाई छिपाने का प्रयास किया है, जिससे लाखों छात्रों का नुकसान हुआ है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

पार्टी ने यह भी आरोप लगाया है कि मोदी सरकार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से परीक्षा धांधलियों और पेपर लीक मामलों की सच्चाई दबाने का काम कर रही है तथा नीट-यूजी 2026 परीक्षा में पेपर लीक मामले को नकारने की कोशिश की जाती रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि 2018 में एनटीए के गठन के बाद से ही मोदी सरकार और उसका तंत्र पेपर लीक माफिया के साथ मिलीभगत कर एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं में व्यापक अनियमितताओं और धांधली की सच्चाई



दबाने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार एनटीए के महानिदेशक ने एक संसदीय समिति के समक्ष दावा किया है कि नीट-यूजी 2026 परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ था। रमेश ने कहा कि यदि यह दावा सही है, तो यह बेहद शर्मनाक और चौंकाने वाली बेईमानी है, क्योंकि परीक्षा से पहले कथित तौर पर एक 'गेस पेपर' विद्यार्थियों के बीच प्रसारित हो रहा था, जिसमें वास्तविक परीक्षा में आए दर्जनों प्रश्न शामिल थे। उन्होंने सवाल किया कि यदि इसे पेपर लीक नहीं माना जा रहा है, तो फिर इसे क्या कहा जाएगा और सरकार अब इसे नकारने की कोशिश क्यों कर रही है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार इससे पहले भी नीट-यूजी 2024 में सामने आई व्यापक अनियमितताओं को दबाने की कोशिश कर चुकी है।

### धांधलियों को छिपाने में जुटा है एनटीए: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शी बनाने के लिए जिस राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) का गठन किया था, वह परीक्षा धांधलियों तथा अनियमितताओं की सच्चाई छिपाने का काम में जुटी है और अब नीट-यूजी 2026 परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि 2018 में एनटीए के गठन के बाद से ही सरकार और उसका तंत्र परीक्षा माफिया के साथ मिलीभगत कर एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं में व्यापक अनियमितताओं और धांधली की सच्चाई दबाने में लगा हुआ है। उन्होंने मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि एनटीए के महानिदेशक ने एक संसदीय समिति के समक्ष दावा किया कि नीट-यूजी 2026 का पेपर लीक नहीं हुआ।

# मुख्यमंत्री ने 483 अभ्यर्थियों को दी नियुक्ति पत्र की सौगात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में सिंचाई विभाग एवं कृषि विभाग के अन्तर्गत विभिन्न पदों पर चयनित कुल 483 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। जिसमें 473 पद सिंचाई एवं 10 पद कृषि विभाग के शामिल हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री और मेजर जनरल (से.नि) भुवन चंद्र खंडूड़ी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि खंडूड़ी ने ऐसे उत्तराखंड का सपना देखा था, जहाँ युवाओं की पहचान उनकी मेहनत और प्रतिभा से हो। उन्होंने कहा कि आज युवाओं को मिलने जा रहे नियुक्तिपत्र इस बात का प्रमाण है कि राज्य सरकार उनके सवप्नों को पूरा कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा यह नियुक्ति पत्र वितरण प्रतिभाशाली युवाओं की मेहनत, लगन और संकल्प का सम्मान है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि निश्चित ही युवा पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सेवा-भाव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए राज्य एवं राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा युवकों की सफलता के पीछे माता-पिता का त्याग, परिवार का संघर्ष और वर्षों की मेहनत छिपी हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा जब भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी होती है, तभी व्यवस्था में योग्य और ईमानदार लोग आते हैं।



■ कहा, साढ़े चार साल में 33 हजार अभ्यर्थियों को मिली सरकारी नौकरी

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार ने देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया। नकल विरोधी कानून के परिणाम सामने आ रहें हैं। आज नौकरी में चयन, मेहनत और प्रतिभा से हो रहा है। यह नई कार्यसंस्कृति उत्तराखंड की सबसे बड़ी ताकत बन रही है। जिसका परिणाम है कि साढ़े चार वर्षों में सरकार में करीब 33 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी का लक्ष्य देवभूमि उत्तराखंड की सेवा करना होना चाहिए। कोई भी विभाग, भवनों और फाइलों से नहीं अपितु कर्मठ और ईमानदार लोगों से चलता है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत-2047 के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार भी सिंचाई एवं कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखंड विकास की नई ऊँचाइयों को छू रहा है। प्रदेश की जीएसडीपी विकास दर 7.23 प्रतिशत दर्ज की गई है। पिछले चार वर्षों में प्रति व्यक्ति आय में लगभग 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। राज्य का बजट आकार एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। बेरोजगारी दर में रिकॉर्ड गिरावट आई है। रिवर्स पलायन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है आज पहाड़ का युवा पलायन नहीं, संभावनाएँ देख रहा है।

### यह पल उत्तराखण्ड के विकास की यात्रा में युवाओं की सक्रिय सहभागिता का शुभारंभ: महाराज

सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने सभी चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पल उत्तराखण्ड के विकास की यात्रा में युवाओं की सक्रिय सहभागिता का शुभारंभ है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में पारदर्शी, निष्पक्ष एवं योग्यता आधारित भर्ती प्रक्रिया को निरंतर मजबूती मिली है। आज उत्तराखंड का युवा यह महसूस करने लगा है कि उसकी मेहनत, प्रतिभा और समर्पण का उसे लाभ अवश्य मिलेगा। सिंचाई मंत्री ने कहा कि सिंचाई विभाग केवल नहरों और परियोजनाओं का विभाग नहीं, बल्कि किसानों की समृद्धि, जल संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार भी है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि नव नियुक्त कर्मचारी राज्य की प्रगति और जनता की अपेक्षाओं के सहभागी भी बनेंगे।

### अपने जीवन में नया अध्याय शुरू करने जा रहे सभी युवा: जोशी

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सभी युवा अपने जीवन में नया अध्याय शुरू करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर सख्त नकल विरोधी कानून लागू होने के बाद अब पात्र और मेहनती बच्चों को ही नियुक्तियां मिल रही हैं। उन्होंने कहा आज लाखों नौजवान स्टार्टअप, नवाचार के माध्यम से भी नया अध्याय शुरू कर रहें हैं। इस अवसर पर विधायक श्रीमती सविता कपूर, उमेश शर्मा काऊ, महंत दलीप सिंह रावत, प्रमुख सचिव मीनाक्षी सुंदरम, सचिव सुरेंद्र नारायण पांडे व युगल किशोर पंत मौजूद रहे।

# हीट स्ट्रोक से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

देहरादून। प्रदेश में लगातार बढ़ते तापमान और गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने हीट वेव से हीट स्ट्रोक के बचाव एवं उपचार के लिए व्यापक तैयारियो के साथ प्रत्येक जिले के लिए हेल्थ एडवाइजरी जारी कर दी हैं। साथ ही प्रत्येक जिले की चिकित्सालय इकाई में हीट स्ट्रोक रूम बनाए जाएंगे।



■ स्वास्थ्य महानिदेशक सुनीता टम्टा ने दिए प्रत्येक चिकित्सा इकाई में हीट स्ट्रोक रूम बनाने के निर्देश

स्वास्थ्य महानिदेशक सुनीता टम्टा ने बताया कि प्रदेश की प्रत्येक चिकित्सा इकाई में विशेष "हीट स्ट्रोक रूम" स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि गर्मी से प्रभावित मरीजों को तत्काल और बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सके। सुनीता टम्टा ने बताया कि सभी हीट स्ट्रोक रूम में आइस पैक, आईवी फ्लूइड, ओआरएस सॉल्यूशन, आवश्यक दवाइयां एवं वेंटिलेटर जैसी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इसके साथ ही अस्पतालों में डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को भी हीट स्ट्रोक से संबंधित उपचार और आपातकालीन प्रबंधन के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक ने कहा कि मौसम विभाग के पूर्वानुसार बढ़ते तापमान को देखते हुए बच्चों बुजुर्ग एवं कामकाजी लोगो को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा हीट स्ट्रोक से बचाव एवं जागरूकता के लिए प्रचार-प्रसार सामग्री भी प्रत्येक जिले में पहुंचा दी गई है। पोस्टर, पंपलेट व जनजागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को अधिक गर्मी में बाहर न निकलने, पर्याप्त पानी पीने, हल्के कपड़े पहनने और शरीर में पानी की कमी न होने देने के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

# नवीन के उत्तराखंड दौरे को लेकर कार्यकर्ताओं मे उत्साह, मिलेगा मार्गदर्शन: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन राज्य आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं मे जबरदस्त उत्साह का माहौल है। इस दौरान उन्हे बूथ से लेकर मंडल, जिला और प्रदेश स्तर की बैठक में पार्टी के माध्यम से उन्हें पार्टी की सांगठनिक गतिविधियों और चुनावी योजना तैयारियों की जानकारी दी जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष का मार्गदर्शन, प्रदेश में 27 की चुनावी हैट्रिक लगाने की दिशा में निर्णायक रूप से लाभदायक साबित होगा।

पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन जी 28 मई को तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड आ रहे हैं। इस दौरान वे संगठन और सरकार की विभिन्न बैठकों मैं शामिल होकर प्रदेश मे सांगठनिक और विकास कार्यों की जानकारी लेंगे। जमीनी स्तर पर चल रहे सांगठनिक कार्यों और राजनीतिक परिस्थितियों एवं रणनीतिक योजनाओं की जानकारी देने के लिए उनके साथ एक बूथ, एक मंडल, और एक जिले के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न होगी। इसके अतिरिक्त वे प्रदेश पदाधिकारी बैठक भी लेंगे, जिसमें जिला प्रभारी, सह प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष भी शिरकत करेंगे। साथ ही प्रदेश कोर ग्रुप एवं सरकार के मंत्रियों के साथ राज्य में हो रहे विकास एवं जानकयांकारी कार्यों की जानकारी भी लेंगे। नवीन अब तक अनुमानित कार्यक्रमों के अनुसार 30 मई को राज्य से अपना प्रवास पूरा कर दिल्ली लौटेंगे। इस दौरे को लेकर प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने सभी कार्यकर्ताओं को अपने अभूतपूर्व जोश एवं उत्साह से अलग, राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत बहुत सादगी एवं गरिमामय तरीके से करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह वर्ष प्रदेश में चुनाव का है, जिसमें पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम धामी के नेतृत्व में हमे जीत की हैट्रिक लगाने की दिशा बढ़ना है। अब तक डबल इंजन सरकार के अभूतपूर्व विकास एवं कल्याणकारी कार्य और सांगठनिक सक्रियता के चलते हमने सभी चुनावी चुनौतियां को पार किया है। लोकसभा चुनाव, पंचायत, निकाय मे हर बार भाजपा ने शानदार जीत दर्ज की है। ऐसे में जब 27 के चुनावी समर की रणनीतिक तैयारी के लिए हम सब कार्यकर्ता जब उतर रहे हैं तो राष्ट्रीय अध्यक्ष का अपने बीच होना, जोश को आसमान पर ले जाता है।

■ बूथ से लेकर मंडल व जिले स्तर तक राष्ट्रीय अध्यक्ष को दिया जायेगा सांगठनिक फीड बैक



# दो प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए

**देहरादून।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की ने प्रोफेसर अंजन सिल द्वारा विकसित अभिनव लिथियम-आयन बैटरी इलेक्ट्रोड प्रौद्योगिकियों हेतु दो प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, जो भारत के उन्नत ऊर्जा भंडारण पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दोनों प्रौद्योगिकियों का आगे के विकास एवं व्यावसायीकरण हेतु कैथियन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरण किया गया है।

ये प्रौद्योगिकियां रिचार्जेबल लिथियम-आयन बैटरियों के विद्युत-रासायनिक प्रदर्शन, ऊर्जा घनत्व, चार्जिंग क्षमता तथा समग्र दक्षता को बढ़ाने पर केंद्रित हैं। इन नवाचारों से इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, पोर्टेबल इलेक्ट्रॉनिक्स तथा नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में कुशल एवं सतत ऊर्जा भंडारण समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करने में सहायता मिलने की अपेक्षा है। इस अवसर पर दोनों प्रौद्योगिकियों के आविष्कारक प्रोफेसर अंजन सिल ने कहा, "इन प्रौद्योगिकियों का हस्तांतरण प्रयोगशाला-स्तरीय अनुसंधान को प्रभावशाली औद्योगिक अनुप्रयोगों में परिवर्तित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# प्रदेश में चाय उत्पादन व टी टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को कैंप कार्यालय में कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश में चाय उत्पादन की संभावनाओं को तलाशते हुए सुनियोजित कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उत्तराखंड की चाय को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए मंत्री जोशी ने असम में चाय की टेस्टिंग कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि असम की तर्ज पर उत्तराखंड में भी वन विभाग की रिक्त भूमि पर चाय बागानों के विकास की संभावनाएं तलाशते हुए वन विभाग के साथ समन्वय बनाकर कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। विभागीय मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश के राजकीय उद्यानों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में टी टूरिज्म को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता और चाय बागानों को पर्यटन से जोड़कर प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने चाय की ब्रांडिंग एवं विपणन के लिए टाटा ग्रुप सहित अन्य प्रतिष्ठित समूहों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

बैठक में अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि वर्तमान में प्रदेश के अल्मोड़ा, बागेश्वर, चमोली, रुद्रप्रयाग, पौड़ी, टिहरी, नैनीताल, चंपावत एवं पिथौरागढ़ जनपदों में लगभग 1500 हेक्टेयर क्षेत्रफल में चाय बागान स्थापित हैं। इन बागानों से लगभग 7 लाख किलोग्राम हरी चाय पत्तियों का उत्पादन किया जा रहा है, जिससे करीब 1.50 लाख किलोग्राम प्रसंस्कृत चाय का उत्पादन हो रहा है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि वर्तमान में चंपावत, घोड़ाखाल एवं कौसानी के चाय बागानों को टी टूरिज्म से जोड़ा गया है।

इस अवसर पर सचिव कृषि एसएन पांडेय, निदेशक कृषि दिनेश कुमार, निदेशक चाय विकास बोर्ड महेंद्र पाल, सीईओ ओद्यानिकी परिषद नरेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।



■ कैंप कार्यालय में कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक

# फॉरेस्ट गार्ड के एक हजार पदों पर होगी नई नियुक्तियां: सीएम

## मुख्यमंत्री ने की वनाग्नि नियंत्रण, पेयजल, स्वास्थ्य एवं मानसून तैयारियों की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में वनाग्नि नियंत्रण, पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं एवं मानसून तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन संपदाओं को नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा वनाग्नि की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए रिस्पॉन्स टाइम न्यूनतम रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि वनाग्नि की सूचना मिलने के एक घंटे के भीतर संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचें।

**वनाग्नि नियंत्रण के लिए शीतलखेत मॉडल अपनाने के निर्देश:** मुख्यमंत्री ने वनाग्नि पर प्रभावी नियंत्रण के लिए शीतलखेत मॉडल को प्रदेशभर में लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने फायर लाइन के आसपास छोटी-छोटी तलैया बनाने, वनाग्नि रोकथाम के लिए ठोस एक्शन प्लान तैयार करने तथा आग बुझाने वाले कार्मिकों को पर्याप्त उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए। मुख्यमंत्री ने फॉरेस्ट गार्ड की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक हजार नई नियुक्तियां करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम समितियों एवं वन पंचायतों को वनाग्नि रोकथाम के लिए नियमानुसार आवश्यक बजट उपलब्ध कराने को कहा। मुख्यमंत्री ने मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को देखते हुए वन विभाग के प्रत्येक डिवीजन में पशु चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने मोबाइल अलर्ट प्रणाली के माध्यम से संबंधित क्षेत्रों में वनाग्नि की सूचना तत्काल उपलब्ध कराने पर बल दिया।

बैठक में प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम, प्रमुख वन संरक्षक रंजन मिश्रा, सचिव सचिन कुर्वे, सी. रविशंकर, रणवीर सिंह चौहान, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव बंशीधर तिवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



### मानसून तैयारियों की समीक्षा, प्रभारी सचिव करेंगे स्थलीय निरीक्षण

मुख्यमंत्री ने मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपदों के प्रभारी सचिव अपने-अपने जिलों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लें तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए।

### अस्पतालों में फायर सेफ्टी ऑडिट और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने सभी अस्पतालों का फायर सेफ्टी ऑडिट अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पतालों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री ने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं का पूरा डाटा सुरक्षित रखा जाए तथा मानसून काल में उन्हें अस्पतालों तक पहुंचाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता: धामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में वनाग्नि नियंत्रण, पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं एवं मानसून तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते कहा कि चारधाम यात्रा पर जाने वाले जिन श्रद्धालुओं को स्क्रीनिंग टेस्ट में स्वास्थ्य की दृष्टि से फिट नहीं पाया जा रहा है, उन्हें यात्रा न करने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षित एवं सकुशल यात्रा कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

ग्रीष्मकाल को देखते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेश में पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल टैंकरों की पूरी उपलब्धता बनी रहे तथा क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों को शीघ्र सुचारू किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन को पेयजल के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने मैदानी क्षेत्रों के साथ-साथ तीर्थाटन एवं पर्यटन स्थलों पर भी पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विद्युत आपूर्ति निर्बाध बनी रहे और ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के लिए और अधिक प्रभावी प्रयास किए जाएं।

# पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के भवनों व रिसर्च सेंटरों के विस्थापन के संबध में सौंपा ज्ञापन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी से शुक्रवार उनके कैंप कार्यालय में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कृषि मंत्री गणेश जोशी को पंतनगर हवाई अड्डे के विस्तार कार्य के चलते ध्वस्त के लिए पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के भवनों एवं रिसर्च सेंटरों के विस्थापन हेतु बजट राशि शीघ्र उपलब्ध कराने के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण में सकारात्मक आश्वासन देते हुए शीघ्र कार्यवाही का भरोसा दिलाया। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रदेश सरकार कृषि एवं अनुसंधान से जुड़े संस्थानों के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध है और इस विषय में शीघ्र उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



# आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सरकार की प्राथमिकता: डॉ. रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने श्रीनगर के विभिन्न विद्यालयों में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने राजकीय प्राथमिक विद्यालय श्रीकोट गंगानाली के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया।

इसके साथ ही जूनियर हाईस्कूल गंगानाली श्रीकोट में कंप्यूटर कक्ष निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया। वहीं राजकीय प्राथमिक विद्यालय नगर पालिका श्रीनगर में नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करने के साथ



**कैबिनेट मंत्री ने किया विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण**

अतिरिक्त कक्ष एवं शौचालय निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी गई।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

कहा कि विद्यालयों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षिक वातावरण और आवश्यक संसाधन मिल सकें। कहा कि नए विद्यालय भवनों के निर्माण से बच्चों को सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण में अध्ययन का अवसर मिलेगा।

साथ ही कंप्यूटर कक्षों की स्थापना से छात्र-छात्राएं डिजिटल शिक्षा एवं तकनीकी ज्ञान से जुड़ सकेंगे, जिससे वे भविष्य की प्रतिस्पर्धाओं के लिए बेहतर रूप से तैयार हो पाएंगे। कहा कि वर्तमान समय तकनीकी एवं डिजिटल शिक्षा का है। ऐसे में सरकार विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के साथ आधुनिक संसाधनों को भी बढ़ावा दे रही है। प्रदेश में शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री ने विद्यालय परिसरों का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं से संवाद किया तथा उनकी पढ़ाई, उपलब्ध सुविधाओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी श्रीनगर नूपुर वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अश्विनी, तहसीलदार दीपक भंडारी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय गंगानाली श्रीकोट की प्रधानाचार्य रश्मि गौड़ सहित आदि मौजूद थे।

# विकास योजनाओं पर मंथन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त बनाने पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में (इंटरनेशनल फंड फॉर एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट) के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में रीप परियोजना के अन्तर्गत जनपद में संचालित विकास योजनाओं, ग्रामीण आजीविका संवर्धन, कृषि, महिला सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने प्रति. निधियों को जनपद टिहरी गढ़वाल की भौगोलिक, सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों के साथ-साथ विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों, कृषि आधारित गतिविधियों, उद्यमिता विकास तथा आजीविका संवर्धन कार्यक्रमों के सम्बन्ध में विकास खण्डवार विस्तार से जानकारी दी गयी। इसके साथ ही पीपीटी के माध्यम से जनपद के पॉली हाउस, पौधशाला, मशरूम की खेती एवं जनपद में सफल फार्मरो के उत्पादों, कार्यो का चित्रण कर जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में ग्रामीण विकास एवं आजीविका को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से लगातार कार्य किए जा रहे हैं तथा ऐसी जैसी संस्थाओं के सहयोग से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्य करने तथा विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए।बैठक में जिला विकास अधिकारी मो. असलम के अलावा इंटरनेशनल फंड फॉर एग्रीकल्चरल डेवलपमेंटके प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# टिहरी पालिका के निर्णय का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** नगर पालिका परिषद टिहरी की ओर से शराब नहीं, संस्कार मुहिम को सामाजिक रूप से अंगीकृत किया जाना एक अत्यंत सराहनीय और दूरदर्शी पहल है। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक प्रस्ताव नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक मजबूत कदम है। शराब नहीं संस्कार मुहिम चलाने वाले समाजसेवी सुशील बहुगुणा ने कहा कि इस मुहिम के माध्यम से नशामुक्त समाज, पारिवारिक मूल्यों की मजबूती और युवा पीढ़ी को सही दिशा देने का जो संकल्प लिया गया है, वह निश्चित रूप से आने वाले समय में नगर क्षेत्र के लिए प्रेरणादायी परिणाम देगा। नगर पालिका द्वारा इस अभियान को प्रोत्साहन राशि एवं व्यवहारिक समर्थन देना यह दर्शाता है कि स्थानीय प्रशासन अब केवल विकास कार्यों तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक सुधार की जिम्मेदारी भी सक्रिय रूप से निभा रहा है। शराब नहीं, संस्कार मुहिम को नगर पालिका टिहरी द्वारा अपनाया जाना जनभागीदारी आधारित सामाजिक सुधार की एक उत्कृष्ट मिसाल है। यह पहल अन्य निकायों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। बहुगुणा ने कहा कि शराब नहीं संस्कार मुहित के तहत जिले में अभी तक कई गांवों में लोगों ने शादी-व्याह में शराब नहीं परोसी जिस कारण अन्य लोग भी इससे प्रेरित हो रहे है जो एक सकारात्मक पहल है और आने वाले समय में इसके अच्छे परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि अन्य संगठनों, प्रबुद्ध लोगों को भी इसके लिए आगे आना चाहिए जिससे समाज में बदलाव हो सके। उन्होंने कहा कि कई गांवों में भी लोगों ने बैठक कर गांवों में शराब पर प्रति. बंद लगाया है। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए नगर पालिका परिषद नई टिहरी के अध्यक्ष मोहन रावत एवं समस्त सभासद जनप्रतिनिधियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं साधुवाद।

# श्रीनगर में पेयजल व बिजली संकट से लोग परेशान

**ट्रांसफार्मर खराबी से कई क्षेत्रों में आपूर्ति ठप, पेयजल संकट गहराया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के एजेंसी मोहल्ला, हाईडिल कॉलोनी, बिलकेदार, डांग और सुमाड़ी सहित विभिन्न इलाकों में पेयजल और विद्युत आपूर्ति बाधित होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

भीषण गर्मी के बीच पानी और बिजली की समस्या ने लोगों की दिक्कतें बढ़ा दी हैं। एजेंसी मोहल्ला निवासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता अनूप बहुगुणा, सौरभ ने बताया कि पिछले एक-दो दिनों से क्षेत्र में



पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। पानी का दबाव कम होने से लोगों को दैनिक कार्यों में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वहीं हाईडिल कॉलोनी निवासी तनुज बड़ोनी ने कहा कि उनके क्षेत्र में पिछले दो दिनों से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप है।

साथ ही लगातार हो रही बिजली कटौती से हालात और खराब हो गए हैं। व्यापारी परवेज अहमद, यतेंद्र मिश्रा ने बताया कि गर्मी के मौसम में बार-बार बिजली गुल होने से व्यापार और आम जनजीवन दोनों प्रभावित हो रहे हैं। लोगों को रात के समय भी उमस और गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। वहीं गोला बाजार, नर्सरी रोड़, भागीरथमपुरम, टम्टा महौले में पेयजल आपूर्ति पूर्ण रूप से ठप पड़ी हुई है।

उन्होने विभागीय अधिकारियों से जल्द विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति सुचारू किए जाने की मांग की है। जल संस्थान श्रीनगर के सहायक अभियंता अर्पित मित्तल ने बताया कि विद्युत आपूर्ति सुचारू न होने और लो वोल्टेज की समस्या के कारण पेयजल आपूर्ति सुचारू नहीं हो पाई है। कहा कि जिन क्षेत्रों में पानी की अधिक समस्या है वहां विभाग द्वारा टैंकरों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया गया है।

वहीं विद्युत विभाग के एसडीओ प्रवेश कुमार ने बताया कि बिजली घर का 8 मेगा वोट एम्पेयर ट्रांसफार्मर का रेडियेटर फट जाने के कारण कई क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है। ट्रांसफार्मर में आई खराबी के चलते बिलकेदार, डांग, सुमाड़ी सहित अन्य क्षेत्रों में बिजली ठप है। उन्होंने कहा कि देहरादून से नया ट्रांसफार्मर मगवाया गया है। शनिवार तक विद्युत आपूर्ति सुचारू होने की उम्मीद है।

## एक नजर .......

### जनपदवासियों से वन अग्नि रोकने को सहयोग की अपील

**नई टिहरी।** जनपद में बढ़ती गर्मी एवं शुष्क मौसम को देखते हुए अपर जिला अधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी द्वारा समस्त जनपदवासियों से वन अग्नि की घटनाओं को रोकने हेतु सहयोग की अपील की गई है। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जंगलों में लगने वाली आग से पर्यावरण, वन संपदा, वन्यजीवों एवं मानव जीवन को गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जंगलों के आसपास बीड़ी, सिगरेट अथवा माचिस की तीली जलती हुई अवस्था में न फेंके तथा सूखी घास एवं झाड़ियों में आग न लगाएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही बड़ी वन अग्नि का कारण बन सकती है। प्रशासन द्वारा वन अग्नि की सूचना एवं त्वरित सहायता हेतु टोल फ्री नंबर भी साझा किए गए हैं। आमजन से अपील की गई है कि इन नंबरों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें तथा कहीं भी आग लगने की सूचना तत्काल संबंधित विभाग को दें, ताकि समय रहते आग पर नियंत्रण पाया जा सके। साथ ही सभी ग्राम प्रधानों, वन पंचायतों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं स्थानीय नागरिकों से वन संरक्षण एवं जागरूकता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की गई है। प्रशासन ने कहा कि जनसहभागिता से ही वन अग्नि जैसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

### जाखी मोटरमार्ग पर खाई में गिरा ट्रक चालक की मौके पर मौत



**कीर्तिनगर।** कोतवाली कीर्तिनगर क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार को दोपहर लगभग डेढ़ बजे करीब जाखी मोटरमार्ग पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली कीर्तिनगर पुलिस, दुगड्डा चौकी की टीम एवं एसडीआरएफ मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया।कोतवाली प्रभारी कीर्तिनगर संजय मिश्रा ने बताया कि कीर्तिनगर-जाखी मोटरमार्ग पर श्रीनगर से डामर लेकर जा रहा एक ट्रक ग्राम चौकी से आगे शोड, पाली नामक तोक के पास अचानक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया, जिससे चालक ट्रक के नीचे दब गया। करीब 25 से 30 फीट गहरी खाई में गिरे ट्रक में चालक अंदर फंसा हुआ था, जिसे पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक चालक विपिन पुत्र दर्शन लाल, निवासी ग्राम हॉट, जनपद चमोली की मौत हो चुकी थी। पुलिस की ओर से शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा व अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर घटना के कारणों की जांच की जारी है।

### रानीचौरी में चल रही हैं कक्षाएं, पहाड़ के शोध को लगा झटका

**रुद्रप्रयाग।** महाविद्यालय में छात्रों को पर्वतीय क्षेत्रों के अनुकूल कृषि अनुसंधान के साथ-साथ कृषि विज्ञान, बागवानी, मृदा विज्ञान और कीट विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों की शिक्षा मिलनी थी। मगर बुनियादी ढांचा न होने से छात्र टिहरी के रानीचौरी परिसर में पढ़ने को मजबूर हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर कृषि विकास के दावों की हवा निकल रही है।

### टुकड़ों में बजट जारी होने पर उठे सवाल

**रुद्रप्रयाग।** मौके पर पहुंचे युवा नेता मोहित डिमरी ने नए निर्माण कार्यों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि लंबे समय बाद अब यहां 7.26 करोड़ की लागत से केवल छात्रावास का निर्माण कराया जा रहा है। डिमरी ने पूछा बिना प्रशासनिक भवन, हाई-टेक लैब, एकेडमिक ब्लॉक और शिक्षकों के आवास के, अकेले हॉस्टल बनाकर कक्षाएं कैसे संचालित होंगी? टुकड़ों में बजट जारी करना कहीं सरकारी धन के दुरुपयोग की साजिश तो नहीं? उन्होंने मांग की कि सभी निर्माण कार्य एक साथ शुरू किए जाएं और पुराने घटिया निर्माण के लिए जिम्मेदार कार्यदायी संस्था पर सख्त कार्रवाई हो।

# चिन्यालीसौड़ में आंधी-तूफान से सौर ऊर्जा प्लांट को भारी नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जिले में शुक्रवार दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट बदल ली। इससे एक ओर जहां भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली, लेकिन तेज आंधी-तूफान और बारिश ने कई क्षेत्रों में भारी नुकसान पहुंचाया। चिन्यालीसौड़ क्षेत्र के मुंडरसेरा-कुमराडा स्थित हिमायती सोलर प्लांट पर तेज हवाओं के दौरान कई पेड़ टूटकर गिर पड़े, जिससे प्लांट में लगी सौर ऊर्जा की अनेक प्लेटें क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना के बाद प्लांट का विद्युत उत्पादन पूरी तरह ठप हो गया है।
स्थानीय लोगों के अनुसार दोपहर बाद अचानक तेज हवाओं के साथ मौसम बिगड़ गया। आंधी इतनी तेज थी कि कई स्थानों पर पेड़ उखड़



गए और मकानों की टीन की छतें उड़ गईं। दिचली और गमरी पट्टियों से भी कई मकानों की छतों की चादरें उड़ने तथा पेड़ गिरने की सूचनाएं सामने आई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ समय के लिए क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था।हिमायती सोलर प्लांट में लगे सौर पैनलों को नुकसान पहुंचने से विद्युत उत्पादन प्रभावित हुआ है, जिससे स्थानीय स्तर पर बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर भी असर पड़ सकता है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार प्लांट को लाखों रुपये का नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है।

इधर उपजिलाधिकारी डुंडा/ चिन्यालीसौड़ देवानंद शर्मा ने बताया कि फिलहाल किसी प्रकार की जनहानि या पशुहानि की सूचना नहीं है। हालांकि कई स्थानों पर पेड़ गिरने और संपत्ति को नुकसान पहुंचने की जानकारी मिली है।
उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय पटवारियों और संबंधित विभागों की टीमों को मौके पर भेजा गया है तथा नुकसान का आकलन कराया जा रहा है। मौसम विभाग ने आगामी घंटों में भी पर्वतीय क्षेत्रों में तेज हवाओं और हल्की बारिश की संभावना जताई है। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

# एलडीसी पदों पर विभागीय पदोन्नति के लिए आवेदन आमंत्रित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि प्रशासन ने संवर्ग भर्ती नियम (सीआरआर-2019) के प्रावधानों के तहत विश्वविद्यालय में लोअर डिवीजन क्लर्क के स्वीकृत पदों को मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) संवर्ग से सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (एलडीसीई) के माध्यम से भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए विश्वविद्यालय में लेवल-1 पर कार्यरत पात्र कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

इस संदर्भ में गढ़वाल विवि के कुलसचिव प्रो. वाईपी रैवानी ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए बताया कि एलडीसी पदों पर

**6 जून तक आवेदन भरकर कुलसचिव कार्यालय में जमा करवाने होंगे**

पदोन्नति के लिए अभ्यर्थियों के पास इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष शैक्षिक योग्यता होना अनिवार्य है। बताया कि इच्छुक एवं पात्र कर्मचारी निर्धारित प्रारूप में आवे. दन पत्र भरकर आवश्यक अभिलेखों सहित विभागाध्यक्ष अथवा प्रभारी के माध्यम से गढ़वाल विवि के कुलसचिव को 6 जून तक जमा करवा सकते है। बताया कि स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा पात्र पाए गए विभागीय अभ्यर्थियों को आगामी प्रक्रिया एवं परीक्षा संबंधी सूचना समयानुसार उपलब्ध कराई जाएगी।

# समाज सेवा के लिए समर्पित था स्व. जगमोहन आर्य का जीवन:सुरेन्द्र नेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** आर्य गिरधारी महर्षि दयानन्द ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सैनिक एवं समा. जसेवी श्रद्धेय स्वर्गीय जगमोहन सिंह आर्य की 20वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड सरकार सुरेन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि स्व. जगमोहन सिंह आर्य ने सदैव शोषित, पीड़ित एवं वंचित वर्ग की आवाज बनकर समाज सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका संघर्ष, सादगी और जनसेवा के प्रति समर्पण समाज के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। कार्यक्रम में शिक्षा एवं समाज हित में उल्लेखनीय कार्य कर रहे सम्मानित प्रमोद कुमार चौधरी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्व. जगमोहन सिंह आर्य के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर स्व. जगमोहन सिंह आर्य की धर्मपत्नी सत्यभामा देवी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख गीता नेगी, कांग्रेस प्रदेश महासचिव गीता सिंह, एससी एसटी प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष शूरवीर सिंह खेतवाल, पार्षद सुखपाल शाह, विकास आर्य समेत बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# 13 साल बाद भी नहीं लौटी रौंसाल की हरियाली

**विभागीय लापरवाही पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विकासखंड भिलंगना की ग्राम पंचायत रौंसाल में वर्ष 2013 की भीषण आपदा के बाद क्षतिग्रस्त हुई सिंचाई नहर आज तक नहीं बन पाई है।

हैरानी की बात यह है कि पूरे 13 वर्ष बीत जाने के बावजूद न तो सिंचाई विभाग ने नहर निर्माण की सुध ली और न ही क्षेत्र में संचालित स्वस्ति पावर परियोजना वर्तमान में (ग्रीनको पॉवर प्रोजेक्ट) ने गांव के विकास को लेकर किये गये औपचारिक अनुबंध का पालन किया। परिणामस्वरूप ग्रामीणों की कई हेक्टेयर उपजाऊ कृषि भूमि आज सिंचाई के अभाव में बंजर पड़ी हुई है। ग्राम प्रधान कृष्ण गोविन्द कंसवाल ने इस मामले को गंभीर बताते हुए प्रशासन और स्वस्ति पावर प्रबंधन के खिलाफ भारी नाराजगी व्यक्त की है।

उन्होंने आरोप लगाया कि परियोजना निर्माण के समय ग्राम पंचायत रौंसाल एवं प्रभावित क्षेत्रों के साथ रोजगार, सिंचाई, सार्वजनिक विकास कार्यों और श्मशान घाट निर्माण सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर औपचारिक अनुबंध किया गया था लेकिन वर्षों बाद भी अधिकांश वादे कागजों तक सीमित हैं। प्रधान कंसवाल ने कहा कि गांव के किसानों की आजी. विका पूरी तरह कृषि पर निर्भर है लेकिन सिंचाई व्यवस्था ध्वस्त होने से खेत सूख चुके हैं।

कई परिवार खेती छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। ग्रामीणों का आरा. ेप है कि एक ओर पावर परियोजना क्षेत्र से करोड़ों का उत्पादन कर रही है, वहीं दूसरी ओर प्रभावित गांव मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल द्वारा उपजिलाधिकारी घनसाली को जांच एवं कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

इसके बाद उपजिलाधिकारी कार्यालय में 15 मई 2026 को संबंधित विभागों, स्वस्ति पावर प्रबंधन और ग्राम पंचायत प्रति. निधियों की बैठक भी बुलाई गई है। बैठक में परियोजना से संबंधित सभी दस्तावेज और अनुबंध प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि वर्षों पुरानी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्र की जनता आंदोलन के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और परियोजना प्रबंधन की होगी।

# राइंका तपोवन में स्कूल सेप्टी कार्यक्रम में छात्रों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** एनडीइआरएफ की टीम ओर से डीडीएमए के सहयोग से एक दिवशीय जगरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड नरेंद्रनगर तेहशील नरेंद्र नगर के रा. ई. का. तपोवन में स्कूल सेफ्टी कार्यक्रम संपन्न किया गया, जिसमें लगभग 104 विद्यालय कार्मिकों एवं छात्र छात्राओं के द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को आपदा के समय खोज एवं बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

टीम द्वारा आपदाओं से बचाव के सम्बन्ध में, प्राथमिक उपचार, स्टेचर के इंप्रोवाईजेशन तरीके, खोज एवम बचाव में प्रयोग होने वाले विभिन्न उपकरणों की जानक. ारी दी गई और कार्यक्रम के दोरान




छक्त्थ् टीम के द्वारा संयुक्त रूप से डैमो एवं वॉलेंटरी उपस्थित अध्यापक, अध्यापिकाओं, कार्मिकों एवं छात्र- छात्राओं को अभ्यास भी कराया गया।

टीम लीडर सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार जी द्वारा बताया कि, कमांडेंट संतोष कुमार जी, 15 वीं बटालियन के दिशानिर्देश में टिहरी जनपद में इस तरह के प्रोग्राम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के तहत टिहरी जिले में एनडीइआरएफ की टीम के साथ जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से 6 से 23 मई तक जनपद टिहरी गढ़वाल के विकासखंड चंबा एवं नरेंद्र नगर के विभिन्न चयनित स्थानों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर संतोष प्रसाद पुरोहित 15 एनडीआरएफ टीम के साथ एवं जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मास्टर ट्रेनर अनिल सकलानी ने आपदा प्रबंधन विभाग, आपदा प्रबंधन के चरणो में होने वाले कार्यों, की जानकारी के साथ आपातकालीन टोल फ्री नम्बरों के बारे में एवं वन विभाग के वन दारोगा श्री राकेश रावत ने वनाग्नि, जंगली जानवरों के वचाव के तरीके बताया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रा. ई. का. तपोवन श्री प्रकाश बहुगुणा जी , द्वारा भी सभी को संबोधित किया गया और कहा गया कि आपदाओं के प्रति पूर्व तैयारी होनी चाहिए साथ ही सभी को अपदाओं के लिए जागरूक होना चाहिए।

## यूईटी के लिए 28 मई तक करें ऑनलाइन आवेदन

**श्रीनगर।** गढ़वाल विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (यूईटी) 2026-27 के लिए आनलाइन आवेदन तिथि बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अब अभ्यर्थी 28 मई सायं 5 बजे तक आवेदन कर सकेंगे। पूर्व में विश्व. विद्यालय की ओर से पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित की गई थी। छात्र हित को ध्यान में रखते हुए तिथि विस्तार का निर्णय लिया गया है। यूईटी के माध्यम से विश्व. विद्यालय के परिसरों एवं संबद्ध महाविद्यालयों,संस्थानों में बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड, एलएलबी, बीलिब. सहित विभिन्न स्नातकोत्तर डिग्री एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभ्यर्थियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर आनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है।

# वनाग्नि रोकथाम को लेकर जिलाधिकारी ने की विस्तृत समीक्षा, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को वनाग्नि रोकथाम एवं नियंत्रण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम, संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी तथा त्वरित कार्रवाई को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।
जिलाधिकारी ने डीएफओ सर्वेश दुबे को निर्देशित करते हुए कहा कि जंगलों में आग लगाने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने वन विभाग की टीमों को संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाने, फायर लाइन निर्माण, ग्रामीणों एवं वन पंचायतों को जागरूक करने तथा




त्वरित सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए।
बैठक में वनाग्नि नियंत्रण हेतु उपलब्ध संसाधनों, उपकरणों एवं मानव संसाधन की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसील स्तर पर वन विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस एवं ग्राम स्तर की समितियों के साथ नियमित समन्वय बनाए रखें, ताकि किसी भी घटना पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। इस दौरान एसडीएम चमोली आरके पाण्डेय सहित जनपद के सभी उपजिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी वर्चुअल उपस्थित रहे।

# नगर निगम ने चलाया अभियान अवैध कब्जों व अतिक्रमण को हटाया

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** महापौर एवं नगर आयुक्त नमामि बंसल के दिए गए निर्देशों के क्रम में देहरादून शहर को अतिक्रमणमुक्त एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए नगर निगम देहरादून ने शुक्रवार को

विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक अभियान चलाते हुए अवैध कब्जों एवं अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान निगम भूमि पर किए गए अतिक्रमणों को हटाकर संबंधित स्थलों को अतिक्रमणमुक्त कराया गया तथा शासकीय भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित की गई।

अभियान के तहत आज धोरण खास स्थित खसरा संख्या 463 में नगर निगम की भूमि पर अवैध रूप से लगाए गए बोर्ड, अवैध प्लाटिंग एवं निर्मित दीवार को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान निगम टीम द्वारा भूमि को पूर्ण रूप से अतिक्रमणमुक्त कराया गया।

एटीएस कॉलोनी क्षेत्र में शासकीय भूमि को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य हेतु अनुमति जारी की गई, ताकि भविष्य में भूमि पर किसी प्रकार का अवैध कब्जा न हो सके।

वहीं हरभजवाला क्षेत्र में खसरा संख्या 2062, 2064 एवं 2065 पर नगर निगम स्वामित्व की भूमि पर अवैध रूप से निर्मित सड़क के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त नगर निगम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में मंडी एवं अतिक्रमण संबंधी कार्रवाई भी की गई। वार्ड संख्या 98 में मंडी बाला वाला क्षेत्र में नोटिस जारी किए गए। साथ ही वार्ड संख्या 84 बंजारा वाला सब्जी मंडी क्षेत्र में भी संबंधित व्यक्तियों को नोटिस प्रेषित किए गए।रायपुर तपोवन रोड क्षेत्र में भी अभियान चलाते हुए अतिक्रमण के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई गई। नगर निगम ने कहा कि किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा, निर्माण अथवा अतिक्रमण किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा।



■ कई स्थानों पर की गई कार्रवाई

# सुबह-सुबह आपदा प्रभावित क्षेत्र सरखेत का निरीक्षण करने पहुंचे जोशी

■ कैबिनेट मंत्री ने सुरक्षात्मक एवं विकास कार्यों का लिया जायजा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को सरखेत पहुंचकर आपदा प्रभावित क्षेत्र में चल रहे विकास एवं सुरक्षात्मक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला प्रशासन एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी बरसात को देखते हुए प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आपदा प्रभावित क्षेत्र में मलवे की स्थिति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को तत्काल मलवे के चौनेलाइजेशन कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात से पूर्व आवश्यक सुरक्षात्मक कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करना अत्यंत आवश्यक है, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की आपदा से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सरखेत क्षेत्र में आपदा के मलवे के चैनेलाइजेशन एवं सुरक्षात्मक कार्यों के लिए विधायक निधि से 5 से 10 लाख रुपये तक की धनराशि उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्वास एवं सुरक्षा को लेकर गंभीर है और जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा, सिंचाई विभाग के ईई दीक्षांत गुप्ता, तहसीलदार सुरेन्द्र सिंह, ग्राम प्रधान सागर पंवार, बालम सिंह, पंचम सिंह रावत, विशाल पंवार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## आपदा प्रभावित उद्यम परिवारों को सहायता राशि के चेक दिए

**देहरादून।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को अपने कैंप कार्यालय में रीप परियोजना के तहत आपदा प्रभावित ग्राम पंचायतों की महिला समूह के उद्यम परिवारों को रुपये 14.25 लाख की लागत के आर्थिक सहायता के चैक वितरित किए। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रभावित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है और प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की आजीविका को पुन: सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार एवं आजीविका को बढ़ावा देने के साथ-साथ आपदा से प्रभावित परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है।

# स्वास्थ्य मंत्री का रायपुर सीएचसी में औचक निरीक्षण



■ अस्पताल में मुस्तैद मिले डॉक्टर सुबोध उनियाल ने परखीं व्यवस्थाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रायपुर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखी। औचक निरीक्षण से अस्पताल प्रबंधन में हड़कंप मच गया, हालांकि राहत की बात यह रही कि निरीक्षण के दौरान सभी चिकित्सक अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद मिले। मंत्री ने डॉक्टरों को पूरी निष्ठा से दायित्व निभाने की हिदायत देते हुए स्पष्ट किया कि मरीजों को बाहर की दवाइयां न लिखनी पड़ें।

स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल पहुंचते ही सबसे पहले पर्चा काउंटर का रुख किया। इसके बाद उन्होंने ओपीडी, दवा वितरण केंद्र, जनरल वार्ड, इमरजेंसी वार्ड और अस्पताल की साफ-सफाई का गहन जायजा लिया।

शुक्रवार को संचालित विशेष ईसीजी ओपीडी का भी उन्होंने बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री ने वहां मौजूद मरीजों और उनके तीमारदारों से बातचीत की और अस्पताल से मिल रही सुविधाओं का फीडबैक लिया।

# मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मनित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रेमनगर में डीएवी इंटर कॉलेज प्रेमनगर में ब्रह्मकमल शक्ति संस्था की और से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कौलागढ़, प्रेमनगर, पण्डितवाड़ी, बल्लूपुर व कैंट स्थित 5 विद्यालयों के 2026 में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं, उनके परिजनों, गुरुजनों एवं प्रधानाचार्यों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुल 289 छात्र-छात्राओं, 180 अभिभावक व 27 गुरुजनों व प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया।

■ मेधावी युवाओं को प्रोत्साहन देना समाज का कर्तव्य: थापर

■ मेधावी युवा समाज, प्रदेश व राष्ट्रनिर्माण का भविष्य हैं

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष अभिनव थापर ने कहा कि शिक्षा केवल सफलता प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि एक सशक्त एवं विक. सित समाज की नींव है।समारोह में खण्ड विकास अधिकारी कुंदन सिंह, प्रधानाचार्य विजय सिंह राजपूत, संस्था उपाध्यक्ष अमिता आहूजा, शालिनी कुड़ियाल, शिवानी पेटवाल प्रधानाचार्यदृ भ्ज्ञळळप्ब, कौलागढ़, पूनम नेगी प्रधानाचार्यदृ गोरखा मिलिटरी इंटर कॉलेज, अनीता जोशी प्रधानाचार्य- भवानी बालिका इंटर कॉलेज, बल्लूपुर, डी.ए.वी. प्रेमनगर विद्यालय के 1969 बैच के पूर्व छात्र अर्जुन कोहली, अवदेश कुमार एवं मोहित ग्रोवर आदि उपस्थित रहे।

## 29 मई को सेम गांव में होगा जन संवाद

**रुद्रप्रयाग।** जिला प्रशासन की ओर से आमजन की समस्याओं के स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान के उद्देश्य से संचालित सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी 29 मई को विकासखंड जखोली की ग्राम पंचायत सेम में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार जखोली कमलेश सिंह किरौला करेंगे। तहस. ीलदार कमलेश सिंह किरौला ने बताया कि डीएम के निर्देशन में मई माह के लिए ग्राम पंचायत सेम उन्हें आवंटित की गई है। इसी क्रम में वह 29 मई को प्रात: 11 बजे सेम गांव का भ्रमण करेंगे तथा ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनेंगे।

# ट्रैफिक क्रेन और ड्रोन से होगी चप्पे-चप्पे की निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** यदि आप इस वीकेंड (23 और 24 मई) को मसूरी, चकराता, ऋषिकेश या चारधाम यात्रा पर निकलने की सोच रहे हैं, तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है।

दिल्ली-एनसीआर सहित मैदानी इलाकों में चल रही भीषण हीट वेव और स्कूलों की छुट्टियां होने के कारण इस वीकेंड पर उत्तराखंड के ठंडे पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की अप्रत्याशित भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसके साथ ही हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने, चारधाम यात्रा के बढ़ते आवागमन, ऋषिकेश क्षेत्र में राफ्टिंग के क्रेज और नए दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे के कारण वाहनों का दबाव अचानक कई गुना बढ़ गया है।

संभावित भारी जाम से निपटने और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए देहरादून पुलिस ने एक विशेष और ठोस ट्रैफिक व डायवर्जन प्लान लागू किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पूरे क्षेत्र को 4 सुपर जोन, 10 जोन और 19 सेक्टरों में विभाजित किया गया है, जहां 130 से अधिक पुलिस अधिकारी व कर्मचारी तैनात रहेंगे। इसके अलावा, ट्रैफिक पर बारीक नजर रखने के लिए 02 ड्रोन टीमें भी तैनात की गई हैं, जो मसूरी और देहरादून के सभी प्रमुख मार्गों पर हवाई नजर रखेंगी।

## मैदानी राज्यों से आने-जाने वालों के लिए ये रहेंगे रूट

दिल्ली-यूपी से मसूरी आने वाले वाहनों के लिए प्लान । तय किया गया है। इसके तहत गाड़ियां डाटकाली से आरटीओ चौकपोस्ट, ट्रांसपोर्ट नगर तिराहा, आईएसबीटी, शिमला बाईपास, सेंट ज्यूड चौक, कमला पैलेस, बल्लीवाला फ्लाई ओवर, बल्लूपुर, कैन्ट तिराहा, सप्लाई डिपो, जोहड़ी तिराहा और पुरकुल गांव तिराहा होते हुए कुठालगेट से मसूरी जा सकेंगी। दबाव बढ़ने पर प्लान ठ लागू होगा, जिसके तहत ट्रांसपोर्ट नगर तिराहा से लक्ष्मी धर्मकांटा, सेन्ट ज्यूड चौक, कमला पैलेस, बल्लूपुर चौक, कैण्ट चौक, सर्किट हाऊस तिराहा और बीजापुर गाँव होते हुए किमाड़ी से हाथीपांव के रास्ते मसूरी भेजा जाएगा।

# चौथी बार कीर्तिनिधि सजवान बने जीआईसी डुंडा के पीटीए अध्यक्ष

**डुंडा/उत्तरकाशी( शाह टाइम्स संवाददाता )।** डुंडा में क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान स्व. लाखीराम सजवान राजकीय इंटर कॉलेज, डुंडा में अभिभावक-अध्यापक संघ (पीटीए) के वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुए। चुनाव में कीर्तिनिधि सजवान लगातार चौथी बार सर्वसम्मति से पीटीए अध्यक्ष निर्वाचित हुए। लगातार चौथी बार अध्यक्ष चुने जाने पर विद्यालय परिसर सहित क्षेत्र में खुशी का माहौल रहा। अभिभावकों और विद्यालय परिवार ने इसे उनके कुशल नेतृत्व, सक्रिय कार्यशैली और लोक. प्रियता का परिणाम बताया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष कीर्तिनिधि सजवान ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार और अभिभावकों द्वारा उन पर जताया गया विश्वास उनके लिए बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने, छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा अभिभावकों की समस्याओं व सुझावों को प्राथमिकता के साथ उठाने का रहेगा।

# एबीडीएम की मॉडल फैसिलिटी जीडीएमसी में कार्यशाला

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) की मॉडल फैसिलिटी राजकीय दून मेडिकल कॉलेज (जीडीएमसी )अस्पताल सभागार में आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञों ने एबीडीएम के विभिन्न पहलुओं की जानकारियां दी, साथ ही प्रतिभागियों ने भी मिशन के साथ अब तक की जर्नी के अनुभव साझा किए, और क्रियान्वयन की सुगमता को लेकर सुझाव भी दिए।

कार्यशाला में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की प्रबंधक प्रज्ञा पालीवाल ने कहा कि राज्य मिशन निदेशक रीना जोशी आईएएस के निर्देशों के अनुक्रम में एबीडीएम के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर कुमाउं से लेकर गढ़वाल मंडल के अंतर्गत कार्यशाला व जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

■ एक दिवसीय वर्कशॉप में प्रतिभागियों ने मिशन के लक्ष्य हासिल करने के प्रयासों का संकल्प दोहराया

उन्होंने कहा कि दून मेडिकल कॉलेज एबीडीएम की मॉडल फैसिलिटी है। आभा आईडी से लेकर हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री, हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री, स्कैन एंड शेयर का उपयोग एबीडीएम का आधार है। चिकित्सा क्षेत्र के प्रत्येक कार्मिकों को एबीडीएम से जुड़कर इस मिशन को सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि एबीडीएम के संचालन में कहीं भी कोई दिक्कत होती है मिशन की ओर से तकनीकी सपोर्ट किया जाता है। मिशन के शत प्रतिशत हासिल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

दून अस्पताल के विभागाध्यक्ष डा सुशील ओझा ने चिकित्सा क्षेत्र के डिजिटलाइजेशन में एबीडीएम उत्तराखंड के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से मिशन की सफलता में सहभागिता करने की अपील की। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा देवेश चौहान, डा संजय, डा विपिन, डा विद्याभूषण, डा ज्योति चौहान, राजेश रावत, अमित अग्रवाल, एबीडीएम टीम के पंकज नेगी, अमृतराज पोखरियाल, अंकुर यादव, प्रणव शर्मा, बीएफए के प्रतिनिधि नितेश यादव आदि शामिल रहे।

# 720 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूलों के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री के ड्रग्स फ्री देवभूमि विजन को साकार करने के लिए देहरादून पुलिस द्वारा चलाए जा रहे श्ऑपरेशन प्रहारश के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसएसपी देहरादून के कड़े रुख और निर्देशों के बाद एएनटीएफ की टीम ने पटेलनगर क्षेत्र से भारी मात्रा में प्रति. बंधित नशीले कैप्सूलों के साथ एक नशा तस्कर को दबोचा है। अभियुक्त के पास से कुल 720 नशीले कैप्सूल बरामद किए गए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों और एएनटीएफ टीम को मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में एएनटीएफ प्रभारी निरीक्षक मुकेश त्यागी के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में सक्रिय थी। विगत 21 मई को टीम को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध नशीली दवाओं की खेप लेकर जा रहा है। सूचना के आधार पर एएनटीएफ ने पटेलनगर क्षेत्र के लालपुल से सहारनपुर चौक की ओर आने वाले रास्ते पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध स्थिति में घूम रहे एक युवक को रो. ककर जब उसकी तलाशी ली गई, तो पुलिस के होश उड़ गए।

युवक के पास से पुलिस को कुल 720 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल मिले। इनमें 552 कैप्सूल एसेटामिनोफेन ट्रामाडोल एचसीएल डायसाइक्लोमाइन एचसीएल और 168 कैप्सूल एसेटामिनोफेन ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड डायसाइक्लोमाइन हाइड्रोक्लोराइड के शामिल थे। पुलिस ने तुरंत आरोपी को हिरासत में ले लिया और बरामद माल को जब्त कर लिया।

पकड़े गए आरोपी की पहचान लवकुश वर्मा (34 वर्ष) पुत्र मेवालाल, निवासी संजय कॉलोनी, देहरादून के रूप में हुई है।

# 20 हजार का इनामी भू-माफिया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** दून पुलिस ने श्ऑपरेशन प्रहारश के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने सेना के जवानों और पहाड़ के सीधे-साधे लोगों को जमीन बेचने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले 20 हजार के इनामी शातिर जालसाज प्रदीप सकलानी और उसके साथी अजय सजवाण को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य अभियुक्त प्रदीप सकलानी के खिलाफ देहरादून के विभिन्न थानों में गैंगस्टर एक्ट सहित भूमि धोखाधड़ी के 27 से अधिक मामले दर्ज हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक परम. ेंद्र डोभाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि विकास लोक (सहस्त्रधारा रोड) निवासी विक्रम सिंह ने थाना रायपुर में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि अभय कुमार, प्रदीप सकलानी और अजय सजवाण ने ग्राम सौंडा सरोली में स्थित एक जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार किए।

■ दो दर्जन से अधिक मुकदमे हैं दर्ज

अभियुक्तों ने उस जमीन को अपने किसी परिचित का बताकर विक्रम सिंह से तीस लाख रुपये बयाने के तौर पर हड़प लिए। जांच में पता चला कि जिन लोगों को जमीन का मालिक बताया गया था, वे असल में मालिक थे ही नहीं और न ही उन्होंने जमीन बेचने का कोई अधिकार अभियुक्तों को दिया था। जब पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे, तो अभियुक्तों द्वारा दिए गए चेक भी बैंक में बाउंस हो गए।

मामला दर्ज होने के बाद से ही मुख्य अभियुक्त प्रदीप सकलानी फरार चल रहा था, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा 20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। अभियुक्त बेहद शातिर किस्म का अपराधी है। वह पुलिस से बचने के लिए देहरादून में अलग-अलग जगहों पर किराए के मकान बदल रहा था और हर दो-तीन महीने में अपना ठिकाना बदल देता था।

इनामी आरोपी प्रदीप सकलानी एकता विहार (डालनवाला) में एक प्रॉपर्टी बेचने के सिलसिले में कुछ लोगों से बातचीत कर रहा है। प्रदीप सकलानी और उसके साथी अजय सजवाण को दबोच लिया।

## फौजियों और प्रवासियों को बनाता था निशाना

पूछताछ में सामने आया कि प्रदीप सकलानी खुद को उत्तराखंड के मूल निवासी के रूप में पेश करता था। वह देहरादून से बाहर रहने वाले उत्तराखंड मूल के लोगों, प्रवासियों और विशेष रूप से फौजियों को अपना निशाना बनाता था। उन्हें देहरादून में सस्ते दामों पर जमीन दिलाने का लालच देकर अपने जाल में फंसाता था। दूसरों की जमीन दिखाकर और फर्जी एग्रीमेंट तैयार कर वह मोटी रकम ऐंठ लेता था।

# जनता त्रस्त, भाजपा चुनावी मैनेजमेंट में व्यस्त: दसौनी

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददात**

**देहरादून।** भाजपा की और से 38 हजार युवाओं को चुनावी प्रशिक्षण दिये जाने की खबर सामने आने के बाद कांग्रेस की और से प्रतिक्रिया सामने आई है।

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने कहा कि भाजपा को पहले यह बताना चाहिए कि जिन 38 हजार कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने का दावा किया जा रहा है, क्या उन्हें जनता के असली मुद्दों, बेरोजगारी, महंगाई, पलायन, भ्रष्टाचार और महिलाओं की सुरक्षा पर जवाब देने का भी प्रशिक्षण दिया गया है? युवा नौकरी के लिए दर-दर भटक रहा है।

**बहुत देर कर दी मेहरबां आते-आते...:** कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने कहा कि धामी सरकार और प्रशासन ने तथाकथित हिंदूवादी संगठनों को जो सख्त निर्देश दिये है, वह बहुत देर बाद दिये है। कहा कि आम जनता को परेशान करने वालों पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए।

## गोदियाल की छवि धूमिल करने की कोशिश

दसौनी ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और गंभीर मामला है कि कुछ लोग कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व और संगठन के नाम का दुरुपयोग कर ठगी जैसे कृत्यों को अंजाम देने का प्रयास कर रहे थे। अब जिस प्रकार कथित फ्रॉड कनिष्क की गिरफ्तारी हुई है, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि यह एक सुनियोजित षड्यंत्र था। कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल की छवि को धूमिल करने और संगठन को बदनाम करने की कोशिश की गई। हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि कांग्रेस पार्टी में टिकट और पद मेहनत, संघर्ष और संगठन के प्रति समर्पण से मिलते हैं।

यूजेवीएन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष : 0135-2763808, फैक्स : 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGC025866 वेबसाइट : www.ujvnl.com

पत्र सं0: 432 दिनांक: 22/05/2026

ई-निविदा सूचना

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु0), छिबरो विद्युत गृह, इच्छुक निविदादाताओं से ऑन लाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

(1) ई0-निविदा सी0एच0(अनु0)-11/2026-27 छिबरो विद्युत गृह के 9000 एलपीएम डीवाटरिंग पम्प तथा 4500 एलपीएम ड्रेनेज पम्प हेतु बैरिंग की आपूर्ति का कार्य।

अनुमानित लागत: (1) रू0 12,52,696/- (जी.एस.टी. अतिरिक्त)
वेबसाईट पर निविदा उपलब्धता की तिथि:- 22.05.2026, 18:00 बजे
वेबसाईट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:- 15.06.2026, 13:00 बजे
अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल "http:/uktenders.gov.in" देखें।

अधिशासी अभियन्ता (अनु0), छिबरो

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTTHIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भागीरथी में बह रहे युवक को एसओजी जवान और बोट संचालक ने बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** शुक्रवार देर सांय उत्तरकाशी स्थित मणिकर्णिका घाट के पास भागीरथी नदी में बह रहे एक युवक को एसओजी उत्तरकाशी के जवान और बोट संचालक ने साहस एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए सुरक्षित बचा लिया।



बता दें कि मणिकर्णिका घाट के समीप एक व्यक्ति अचानक भागीरथी नदी के तेज बहाव में बह गया। घटना स्थल से करीब 200 मीटर आगे जोशियाडा मोटर पुल के पास दैनिक निगरानी ड्यूटी पर तैनात एसओजी के आरक्षी काशीष भट्ट ने लोगों की चीख-पुकार सुनते ही बिना समय गंवाए बोट संचालक संदीप रावत के साथ जोशियाडा झील में उतरकर सर्च अभियान शुरू किया। तेज बहाव और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच टीम ने करीब 150 से 200 मीटर तक बह चुके युवक की लगातार तलाश जारी रखी।

बाद में पुलिस ने युवक के परिजनों को अस्पताल बुलाकर उसे उनके सुपुर्द कर दिया। रेस्क्यू किए गए युवक की पहचान मनोहरी लाल (33) पुत्र खुशीराम निवासी ग्राम भैलूडा, उत्तरकाशी के रूप में हुई है।

रेस्क्यू अभियान में एसओजी प्रभारी उपनिरीक्षक निखिल देव चौधरी, आरक्षी काशीष भट्ट, आरक्षी सुनील मैठाणी, आरक्षी दीपक चौहान तथा बोट संचालक संदीप रावत शामिल रहे।

# पीड़ित विधवा के बेटे का स्कूल में दाखिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन और जिलाधिकारी सविन बंसल के नेतृत्व में जिला प्रशासन देहरादून ने संवेदनशीलता की मिसाल पेश करते हुए एक संकटग्रस्त परिवार को नई जिंदगी दी है। डोईवाला की रहने वाली कैंसर पीड़ित विधवा महिला सुनीता कलवार को प्रशासन ने न केवल तात्कालिक आर्थिक मदद पहुंचाई, बल्कि उनके दोनों बच्चों के भविष्य को भी सुरक्षित किया है।

सुनीता कलवार ने जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपनी व्यथा साझा की थी। उन्होंने बताया था कि पति के निधन के बाद वह खुद कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। आर्थिक तंगी के कारण उनके सामने खुद के इलाज के साथ-साथ बच्चों की पढ़ाई जारी रखना असंभव हो गया था। उन्होंने बच्चों की फीस माफी और आर्थिक सहायता की गुहार लगाई थी।

■ जिला प्रशासन की महत्वाकांक्षी योजना 'नंदा-सुनंदा' से संवरी बेटी की शिक्षा

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी सविन बंसल ने तत्काल कड़े निर्देश जारी किए। जिला प्रशासन द्वारा रायफल क्लब फंड से सुनीता को 50,000 रुपये की नकद आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई।

इसके साथ ही, उनके बेटे का स्कूल में दाखिला सुनिश्चित कराया गया और बेटी की छूटी हुई पढ़ाई को जिला प्रशासन की महत्वाकांक्षी योजना 'प्रोजेक्ट नंदा-सुनंदा' के तहत दोबारा शुरू करवाया गया।

उल्लेखनीय है कि सुनीता कलवार का जुलाई 2024 में जौलीग्रांट अस्पताल में कैंसर का ऑपरेशन हुआ था और उनका इलाज अब भी जारी है। जिला प्रशासन ने इस कठिन समय में परिवार को मानवीय और नैतिक सहारा दिया है।

यूजेवीएन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006, सिन नं: U40101UR2001SGC025866
दूरभाष सं0 0135-2763508, 2763808, फैक्स: 0135-2763507 वैबसाइट: www.ujvnl.com

सं0 434 दिनांक 22.05.2026

निविदा सूचना

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु0), छिबरो विद्युत गृह, इच्छुक निविदादाताओं से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा सं0:(1)सी0एच0(अनु0)-07/2026-27 छिबरो के अर्न्तगत विभिन्न उपकरणों/टीएंडपी इत्यादि के सेफ्टी आडिट का कार्य।

(2)सी0एच0(अनु0)-08/2026-27 छिबरो विद्युत गृह में डी एड डी टैंक की सफाई स्वच्छ जल टैंकों कह सफाई तथा अन्य विविध कार्य एवं छिबरो विद्युत गृह के सर्ज टेंक गेंट एवं ड्राफ्ट टयूबगेट की कॉल्किंग का कार्य।

(3)सी0एच0(अनु0)-09/2026-27 गोताखोरो की सेवाये उपलब्ध करवाने हेतु।

(4)सी0एच0(अनु0)-10/2026-27 छिबरो विद्युत गृह में एसआईटीसी ऑफ सबमर्सिबल पंप के साथ पाइप लाइन एवं फैब्रीकेशन का कार्य।

अनुमानितलागत(1)₹2,52,578/- (2)₹8,39,795/-(3)रू09,42,000/-(4) ₹ 24,84,529/- (जी.एस.टी. अतिरिक्त)

वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:-22.05.2026, 18:00 बजे
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:-15.06.2026, 13:00 बजे
अन्य जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट www.ujvnl.com से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

(अधि0अभि0, अनु0, छिबरो)

" बिजली के दुरूपयोग से बचें"

### आगामी मानसून से पूर्व तैयारियों एवं आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए जिला प्रशासन अलर्ट

# जिलाधिकारी ने सभी नालों की मानसून से पूर्व सफाई करने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** आगामी मानसून की पूर्व तैयारियों तथा आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबंधन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक एवं तहसील स्तर के अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहे।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानसून से पूर्व आवश्यक सभी तैयारियां एवं व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि जनपद के किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए नगर निगम, जिला पंचायत, पंचायतीराज विभाग, नगर पालिकाएं, नगर पंचायतें, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग तथा पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को अपने-अपने अधीनस्थ नालों, नालियों एवं कलमाटों की अनिवार्य रूप से मानसून से पूर्व सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने तहसील एवं खंड विकास स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपदा प्रबंधन से संबंधित सभी उपकरणों को सुचारू स्थिति में रखा जाए। साथ ही, संभावित आपदा के दृष्टिगत राहत केंद्रों को पूर्व से ही तैयार कर उनमें सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं तथा आपदा कंट्रोल रूम को भी सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में जलभराव एवं भूमि कटान की संभावना रहती है, उनका निरीक्षण कर चिन्हांकन किया जाए तथा आवश्यक कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएं। जिलाधिकारी ने जल संस्थान एवं पेयजल निगम को निर्देशित किया कि वर्तमान में बढ़ती गर्मी के दृष्टिगत किसी भी क्षेत्र में पेयजल की समस्या उत्पन्न न होने दी जाए। पेयजल लाइनों में लीकेज की स्थिति में त्वरित मरम्मत कार्य किया जाए। जनपदवासियों की सुविधा हेतु पेयजल संबंधी शिकायतें जल संस्थान के टोल फ्री नंबर 18001804100 पर दर्ज कराई जा सकती हैं। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया गया कि बढ़ती गर्मी के दौरान विद्युत आपूर्ति सुचारू रखी जाए तथा अनावश्यक कटौती से बचा जाए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए कि मानसून के दृष्टिगत सभी चिकित्सालयों में स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ रखी जाएं तथा डेंगू की रोकथाम हेतु प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। पशु चिकित्सा विभाग को भी निर्देशित किया गया कि भीषण गर्मी एवं संभावित आपदा की स्थिति को देखते हुए पशुओं के लिए चारे की समुचित व्यवस्था की जाए।

जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए गए कि जलभराव संभावित क्षेत्रों में संचालित राशन दुकानों का चिन्हांकन किया जाए तथा ऐसे क्षेत्रों में वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, जनपद में निरस्त एवं संबद्ध (अटैच) राशन दुकानों का विवरण भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

आगामी मानसून एवं कांवड़ मेले के दृष्टिगत एनडीआरएफ, एसडीआरएफ एवं पुलिस विभाग को आपसी समन्वय के साथ विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वैभव गुप्ता, एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह, परियोजना निदेशक नलिनीत घिल्डियाल, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित चंद, जिला पंचायत राज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी मुकेश पाल, अग्निशमन अधिकारी वंश यादव सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित रहे।

# एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को वितरित किया पेयजल, जूस और बिस्कुट

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** एसएसपी नवनीत सिंह ने भीषण गर्मी के बीच यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सड़कों और हाईवे पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें पानी, जूस और बिस्कुट वितरित किए। एसएसपी ने लगातार धूप एवं गर्मी में ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों का हालचाल जाना तथा आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। एसएसपी ने समस्त थाना चौकी प्रभारियों को ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को नियमित रूप से पानी एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। एसएसपी ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाधान करें तथा आवश्यकता पड़ने पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराएं। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि



लगातार बढ़ रही गर्मी को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं और स्वयं को हाईड्रेट रखें तथा धूप में अनावश्यक बाहर निकलने से बचें।

# पति पर मारपीट, सोशल मीडिया पर बदनाम करने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर क्षेत्र की एक महिला ने अपने पति पर मारपीट, मानसिक उत्पीड़न और सोशल मीडिया पर बदनाम करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिवालिक नगर निवासी आरती देवी ने पुलिस को बताया कि उसका पति भानु प्रताप लंबे समय से उसके साथ अभद्र व्यवहार कर रहा है। महिला का आरोप है कि पति शराब पीने के लिए पैसे मांगता है और मना करने पर मारपीट करता है। आरती देवी ने आरोप लगाया कि उसके पति ने फेसबुक पर उसके और उसके कार्यस्थल को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट भी डाली। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## संक्षिप्त खबर

### 16 वर्षीय किशोरी लापता, फोन पर बोली मुझे मत करना तलाश

**हरिद्वार।** कनखल क्षेत्र से 16 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। किशोरी सुबह घर से दक्ष मंदिर में पूजा करने की बात कहकर निकली थी, लेकिन कुछ घंटे बाद उसने फोन पर साफ कहा कि वह जा रही है और उसे तलाश न किया जाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। जगजीतपुर निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी 21 मई की सुबह करीब साढ़े नौ बजे घर से निकली थी। उसने कहा था कि वह कनखल स्थित दक्ष मंदिर में दर्शन करने जा रही है। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिवार के लोगों ने उसके मोबाइल पर कई बार कॉल की, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। सुबह करीब 11 बजकर 14 मिनट पर किशोरी के मोबाइल से उसकी मां के फोन पर कॉल आई। कॉल पर बेटी ने कहा कि वह कहीं जा रही है और उसे ढूंढने की कोशिश न की जाए। इसी दौरान फोन पर एक युवक की आवाज भी सुनाई दी, जिसने भी परिवार को तलाश न करने की बात कही। इसके बाद मोबाइल फोन बंद हो गया। कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मामल दर्ज कर किशोरी की तलाश में टीम लगाई गई है।

### गंगनहर में नॉनवेज बिरयानी फेंकने के आरोप में दो युवकों पर केस

**हरिद्वार।** गंगनहर में नॉनवेज बिरयानी फेंकने के आरोप में ज्वालापुर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हिंदू क्रांति दल के कार्यकर्ता चरनजीत पाहवा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 मई की रात दुर्गा विहार क्षेत्र के पास दो युवक बाइक पर नीले रंग का ड्रम लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि ड्रम में नॉनवेज बिरयानी भरी हुई थी, जिसे दोनों गंगनहर में डाल रहे थे। आसपास मौजूद लोगों ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो दोनों युवक ड्रम छोड़कर मौके से भाग निकले। युवक पहले भी इस तरह की गतिविधियों में शामिल रहे हैं। उनका आरोप है कि यह आस्था से जुड़ी भावनाओं को ठेस पहुंचाने की कोशिश है। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

### घर में काम करने वाले युवक पर अंगूठी व नकदी गायब करने आरोप

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपने घर में काम करने वाले युवक पर भरोसे का गलत फायदा उठाकर सोने की अंगूठी, नकदी और जरूरी दस्तावेज गायब करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में खड़खड़ी स्थित कौरा भाई कॉलोनी निवासी महेश कुमार सिंह ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले उन्होंने सचिन नाम के युवक को घर की साफ-सफाई और चौकीदारी के काम पर रखा था। सचिन मूल रूप से मेरठ जिले के ख्वाजा हसपुर, कुशावली का रहने वाला है। सचिन का व्यवहार शुरू से अच्छा था। मकान निर्माण के दौरान वह अक्सर उसे बाजार से सामान लाने और भुगतान करने के लिए पैसे देते थे। युवक समय पर दुकानदारों को भुगतान कर देता था, जिससे परिवार का उस पर भरोसा बढ़ता चला गया। आरोप है कि 27 अप्रैल की रात उन्होंने एक सोने की अंगूठी, 3200 रुपये नकद और कुछ जरूरी कागजात सचिन को सुरक्षित रखने के लिए दिए थे। सचिन ने बताया था कि सामान अलमारी में रख दिया गया है। अगले दिन शाम को वह बिना बताए गायब हो गया। बाद में अलमारी चेक करने पर सामान भी नहीं मिला। फोन पर बातचीत के दौरान सचिन ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए सामान लौटाने की बात कही थी, लेकिन अब उसने फोन उठाना भी बंद कर दिया है। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है।

# जगजीतपुर में बिजली-पानी के संकट पर फूटा गुस्सा, देर रात बिजलीघर पर प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जगजीतपुर क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से चल रहे बिजली और पानी के संकट ने स्थानीय जनता का जीना मुहाल कर दिया है। भयंकर गर्मी में पानी न मिलने से परेशान लोगों का सब्र गुरुवार रात को टूट गया। विधायक अनुपमा रावत की अगुवाई में क्षेत्रवासियों ने गुरुकुल बिजलीघर का घेराव किया। इसके बाद गुस्साए प्रदर्शनकारी दिल्ली-देहरादून हाइवे पर बीच सड़क पर बैठ गए और ऊर्जा निगम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे हाइवे पर जाम लग गया।

बताया जा रहा है कि ऊर्जा निगम द्वारा लाइन मरम्मत के काम की वजह से पिछले कुछ दिनों से सात-सात घंटे बिजली काटी जा रही थी। इस कटौती की वजह से पेयजल निगम की सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि रात को बिजली आने पर भी ओवरहेड टैंक में पानी जमा नहीं किया गया, जिसके चलते बुधवार से लेकर शुक्रवार शाम तक लोग पानी के लिए तरसते रहे।

हैरानी की बात यह रही कि संकट बढ़ने पर बिजली विभाग का कोई कर्मचारी मौके पर नहीं मिला और अधिकारियों ने अपने फोन बंद कर लिए। इससे नाराज होकर कुछ लोग सड़क पर ही लेट गए। देर रात मौके पर पहुंची कनखल पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने की कोशिश की और अधिकारियों से बात कर समस्या के जल्द समाधान का भरोसा दिया।

# चंडी घाट में बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वसुधैव कुटुंम्बकम् फाउंडेशन द्वारा चंडी घाट क्षेत्र में जरूरतमंद बच्चों के लिए पाठ्य सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिव्या प्रेम सेवा मिशन के पीछे स्थित आंगन में हुए कार्यक्रम में कक्षा 1 से 8 तक के 32 बच्चों को कॉपी, किताबें, पेन, पेंसिल और ज्योमेट्री बॉक्स वितरित किए गए। फाउंडेशन अध्यक्ष रेनू अरोड़ा ने कहा कि शिक्षा



हर बच्चे का मौलिक अधिकार है और संस्था का उद्देश्य आर्थिक अभाव के कारण कोई बच्चा पढ़ाई से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन भविष्य में अधिक बच्चों तक पहुंचने का लक्ष्य लेकर कार्य कर रही है। कोषाध्यक्ष विनीता सिकोरिया ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किया गया छोटा प्रयास भी बड़ा बदलाव ला सकता है। सदस्य रुचि तनेजा और सोनिया भाटिया ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए समाज से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने भी फाउंडेशन के प्रयास की सराहना की।

# मेयर किरण जैसल ने सड़क निर्माण कार्यों का किया उद्घाटन



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मेयर किरण जैसल ने शुक्रवार को गोविंदपुरी, लक्कड़हारन ज्वालापुर, नीलखुदाना, एवं बिल्केश्वर सहित विभिन्न क्षेत्रों में नगर निगम द्वारा प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्यों का विधिवत उद्घाटन किया। मेयर किरण जैसल ने कहा कि नगर निगम के प्रत्येक वार्ड में लोगों में बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना एवं विकास कार्यों को निरंतर गति देना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नगर निगम शहर को स्वच्छ, सुगम एवं विकसित बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। जनसेवा एवं जनसुविधाओं के विस्तार का यह संकल्प निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। इस अवसर पर पार्षद सचिन कुमार, पार्षद तन्मयी श्रोत्रिय, पार्षद ममता नेगी, पार्षद प्रतिनिधि मौहम्मद वशी, गंगा सभा के सभापति कृष्ण कुमार ठेकेदार, ज्वालापुर मंडल महामंत्री अंकुर पालीवाल, भाजपा नेता राहुल वर्मा सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# मासूम की मौत के कुछ घंटे बाद पिता ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मध्य प्रदेश के रहने वाले परिवार के जुड़वा बच्चों में से एक मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के कुछ घंटों बाद उसके पिता ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। फिलहाल मासूम की मौत और पिता के आत्मघाती कदम के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस बच्चे की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

गुरुवार सुबह करीब साढ़े दस बजे बबली पत्नी राघवेंद्र जोशी निवासी टीकमगढ़, मध्य प्रदेश, शिवमूर्ति गली स्थित होटल के एक कर्मचारी के साथ अपने दो जुड़वा बच्चों को लेकर जिला मेला अस्पताल पहुंची थी। चिकित्सकों ने जांच के बाद एक बच्चे को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे बच्चे को उपचार के लिए भर्ती कर लिया गया। डॉक्टरों के मुताबिक दूसरे बच्चे की हालत स्थिर है, लेकिन मृत बच्चे की मौत का कारण प्रथम दृष्टया स्पष्ट नहीं हो पाया। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंचे और महिला से पूछताछ की। महिला के पति राघवेंद्र जोशी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उसका मोबाइल बंद मिला।इसी बीच देर शाम कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्र स्थित रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची ज्वालापुर पुलिस ने आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान राघवेंद्र जोशी पुत्र निवासी टीकमगढ़, मध्य प्रदेश, उम्र करीब 30 वर्ष के रूप में की। बाद में अस्पताल में मौजूद पत्नी बबली ने भी शव की पहचान अपने पति के रूप में की। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। बता दें कि राघवेंद्र अपनी पत्नी और तीन साल के जुड़वा बच्चों के साथ रावली महदूद सिडकुल में किराए पर रहकर कपड़ों की फेरी करते थे। वह दो-तीन महीने से अपने घर मध्य प्रदेश गए हुए थे। बुधवार की रात ही वह परिवार के साथ वापस लौटे और यहां मूर्तिवाली गली में होटल में कमरा लेकर ठहर गए थे। गुरुवार की सुबह राघवेंद्र वाहन लेने की बात कहकर निकले थे, उसके बाद वापस नहीं आए और बच्चों की तबीयत बिगड़ने पर पत्नी उन्हें मेला अस्पताल लेकर पहुंची थीं। वहीं , सीओ सिटी शिशुपाल सिंह नेगी का कहना है कि मासूम की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले की गुत्थी सुलझ सकेगी।

# मिस्त्री पर फावड़े से हमला, पुलिस ने दो युवक किए गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान पर काम कर रहे मिस्त्री के साथ मारपीट और फावड़े से हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि नशे की हालत में पहुंचे युवक ने पहले गाली-गलौज की और फिर मिस्त्री को पीटना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभाली और बाद में दो युवकों को शांतिभंग में गिरफ्तार कर लिया। टिबड़ी निवासी संदीप कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके निर्माणाधीन मकान पर मिस्त्री जावेद काम कर रहा था। बृहस्पतिवार दोपहर क्षेत्र का रहने वाला गोविंदा वहां पहुंचा और बिना किसी वजह के अभद्रता करने लगा। गोविंदा नशे का आदी है और अक्सर इलाके में विवाद करता रहता है। आरोप है कि उसने मिस्त्री के साथ पहले गाली-गलौज की, फिर लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर उसने फावड़े से हमला कर जावेद को जमीन पर गिरा दिया। मारपीट में मिस्त्री को चोटें आईं और उसके कपड़े भी फट गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया और आरोपियों को थाने ले गई। कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं गोविंदा और संजीव निवासी टिबड़ी का शांतिभंग में चालान किया गया है।

# रेलवे ट्रैक पर मिला ट्रेन से युवक का कटा हुआ शव

**पथरी।** थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन से सुभाषगढ़ फाटक के बीच रेलवे ट्रेक पर एक अज्ञात व्यक्ति का ट्रेन से कटा हुआ शव मिला सुचना पर पहुँची पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया मगर पहचान नही हो पाई। पुलिस के अनुसार पथरी रेलवे स्टेशन व सुभाषगढ़ फाटक के बीच रेलवे ट्रेक पर एक अज्ञात व्यक्ति का ट्रेन से कटा हुआ शव मिला, सूचना पर पहुँची पथरी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव की पहचान कराने का प्रयास किया, मगर पहचान नही होने पर पुलिस ने शव का अज्ञात में पंचनामा भरकर जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में व्यक्ति ने खुदकुशी करने के लिए ट्रेन के सामने आया और ट्रेन की टक्कर से व्यक्ति चेहरा बुरी तरह जख्मी हो गया। इस लिए व्यक्ति के शव की पहचान नही हो पाई है। पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# एनडीआरएफ ने गंगा में डूब रहे युवक को बचाया, भेजा अस्पताल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सप्तऋषि घाट स्थित ठोकर नंबर-12 पर शुक्रवार को गंगा नदी में डूब रहे एक युवक को 15वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सुरक्षित बाहर निकाल लिया। युवक को घायल अवस्था में अस्पताल भिजवाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर करीब 3:07 बजे दूरभाष के माध्यम से सूचना मिली कि एक युवक गंगा नदी में डूब गया है। सूचना मिलते ही घाट ड्यूटी पर तैनात एनडीआरएफ की टीम तत्काल सक्रिय हो गई। टीम फ्लड वाटर रेस्क्यू उपकरणों, मोटर बोट और अन्य आवश्यक संसाधनों के साथ मौके पर पहुंची। एनडीआरएफ जवानों ने बेहद तेजी और पेशेवर तरीके से रेस्क्यू अभियान चलाते हुए महज कुछ ही मिनटों में युवक को नदी से बाहर



निकाल लिया। करीब 3:12 बजे युवक को घायल और रक्तस्राव की स्थिति में सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। मौके पर मौजूद जिला आपदा प्रबंधन विभाग के सहयोग से युवक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। रेस्क्यू किए गए युवक की पहचान हिमांशु (25 वर्ष) निवासी हरदोई, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। एनडीआरएफ और सिविल प्रशासन के संयुक्त समन्वय से चलाए गए इस अभियान में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य ने एक बड़ा हादसा टाल दिया। एनडीआरएफ की सतर्कता और प्रशिक्षित टीम की मुस्तैदी से युवक की जान बचाई जा सकी। एनडीआरएफ ने आमजन से अपील की है कि गंगा नदी और अन्य जल स्रोतों के किनारे अत्यधिक सावधानी बरतें तथा सुरक्षा मानकों का पालन करें।

# ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती पर भाजपा नेता ने सौंपा ज्ञापन



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष आशु चौधरी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग हरिद्वार प्रदीप कुमार से भेंट कर ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अनियमित विद्युत कटौती की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। आशु चौधरी ने कहा कि पिछले कुछ समय से ग्रामीण इलाकों में लगातार बिजली कटौती की जा रही है, जिससे भीषण गर्मी के बीच आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने विभाग से शीघ्र समाधान की मांग करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की बात कही। इस दौरान अधीक्षण अभियंता प्रदीप कुमार ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों के साथ योजना बनाकर जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया।

# श्री जगद्गुरू उदासीन आश्रम का 55वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री जगद्गुरू उदासीन आश्रम का 55वां वार्षिकोत्सव संतों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। आश्रम के परमाध्यक्ष स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि के संयोजन एवं महामंडलेश्वर स्वामी भगवतस्वरूप की अध्यक्षता में आयोजित संत सम्मेलन में संत समाज ने ब्रह्मलीन स्वामी सत्यनाम दास, ब्रह्मलीन म.मं. प्रियतम मुनि एवं ब्रह्मलीन म.मं. स्वामी कृष्णानंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही सनातन परंपरा के प्रचार-प्रसार और युवा पीढ़ी को धर्म से जोड़ने का आह्वान किया गया। भारत माता मंदिर के महंत म.मं. स्वामी ललितानंद गिरी ने कहा कि ब्रह्मलीन संतों का सनातन धर्म के संरक्षण और संवर्धन में योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को प्राचीन ऋषि परंपरा से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को संस्कारित करना चाहिए। म.मं. स्वामी भगवतस्वरूप ने कहा कि स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि अपने गुरुओं से प्राप्त संस्कारों और शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए धर्म, अध्यात्म और मानव सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। सभी संतजनों का आभार व्यक्त करते हुए स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि ने कहा कि वे स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें उच्चकोटि के संतों का सानिध्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि गुरुओं से प्राप्त ज्ञान और शिक्षाओं के अनुरूप आश्रम की सेवा परंपरा का विस्तार करना ही उनके जीवन का उद्देश्य है। स्वामी रविदेव शास्त्री एवं स्वामी निर्मलदास ने कहा कि गुरुओं के प्रति निष्ठा और विश्वास ही जीवन में प्रगति का मूलमंत्र है। इस दौरान स्वामी हरिहरानंद, स्वामी दिनेश दास, कान्ता दुग्गल, नितिन दुग्गल, तरुण तुग्गल, चीतेश दुग्गल एवं महेंद्र सेठी ने संत महापुरुषों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम में स्वामी अनंतानंद गिरी, स्वामी रामानुज सरस्वती, स्वामी विवेकानंद, महंत रूपेंद्र प्रकाश, महंत दामोदर दास, स्वामी राम मुनि, महंत सूर्यांश मुनि, महंत मोहन सिंह, विष्णुदत्त राकेश, महंत मुरलीदास, महंत सूरजदास, महंत जमनादास, महंत श्यामदास, महंत विनोद महाराज, स्वामी कृष्णानंद, स्वामी शिवम महंत एवं कथाव्यास पंडित लक्ष्मी नारायण शास्त्री सहित बड़ी संख्या में संत और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**सूचना ( संबंध विच्छेद )**

मेरा पुत्र सलमान व उसकी पत्नी रिहाना मेरे कहने सुनने में नहीं है इसलिए मैं उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूं भविष्य में उनके द्वारा किसी कृत्य कार्यों के वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। फरमान पुत्र हसन, निवासी जोरासी आहत, थाना कोतवाली रुड़की, जिला हरिद्वार उत्तराखंड ।

# एनडीआरएफ ने स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम में छात्राओं को दिए आपदा प्रबंधन के गुर

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** आपदा के समय सतर्कता और सही प्रशिक्षण ही जीवन बचाने में सबसे अहम भूमिका निभाते हैं। इसी उद्देश्य को लेकर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) की टीम द्वारा जनपद हरिद्वार में स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम (SSP) का आयोजन कर छात्राओं और शिक्षकों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम जिला अधिकारी हरिद्वार एवं 15वीं वाहिनी NDRF के सेनानी के निर्देश पर आयोजित किया गया। इस दौरान NDRF टीम ने प्राकृतिक और मानवजनित आपदाओं से बचाव के तरीकों की विस्तृत जानकारी देते हुए विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। प्रशिक्षण सत्र में CPR, FBAO,



बेसिक लाइफ सपोर्ट (BLS), ब्लीडिंग कंट्रोल तकनीक, अस्थायी स्ट्रेचर निर्माण, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस तैयार करने तथा भूकंप के दौरान सुरक्षित निकासी प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। साथ ही प्रतिभागियों को I-GOT ऐप के माध्यम से आपदा प्रबंधन संबंधी ज्ञान बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में कुल 432 लोगों ने भाग लिया, जिनमें 15 महिला अध्यापक, 415 छात्राएं और दो अन्य स्टाफ सदस्य शामिल रहे। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए इसे भविष्य में जीवनरक्षक साबित होने वाला महत्वपूर्ण प्रशिक्षण बताया। प्रतिभागियों का कहना था कि इस तरह की जानकारी आपदा के समय न केवल स्वयं की सुरक्षा में मददगार होगी, बल्कि दूसरों की सहायता करने में भी उपयोगी सिद्ध होगी। कार्यक्रम का संचालन निरीक्षक/जीडी तीरपन सिंह के नेतृत्व में किया गया। विद्यालय प्रशासन और उपस्थित प्रतिभागियों ने NDRF टीम द्वारा दिए गए प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे बेहद उपयोगी पहल बताया।

# निर्मल अखाड़े के सेवादार बहादुर सिंह को संतों ने दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल स्थित श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल के सेवादार बहादुर सिंह की षोड़शी पर अखाड़े के संतों ने उन्हे भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। निर्मल अखाड़े के अध्यक्ष श्रीमहंत ज्ञानदेव सिंह शास्त्री ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि युवा अवस्था में अखाड़े की सेवा में शामिल हुए सेवादार बहादुर सिंह ने पचास वर्ष तक अखाड़े के संतों और



श्रद्धालुओं की पूरी लगन से सेवा की। अखाड़े की सेवा में उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। कोठारी महंत जसविंदर सिंह महाराज ने कहा कि सेवादार बहादुर सिंह अत्यन्त ही सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। अखाड़े के सभी संतों का उनसे विशेष स्नेह था। महंत जसविंदर सिंह ने कहा कि सेवादार बहादुर सिंह का निधन अखाड़े के लिए बड़ी क्षति है। अखाड़े में उनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। श्रद्धांजलि देने वालों में महंत प्यारा सिंह, महंत निर्भय सिंह, संत बलवीर सिंह, महंत खेम सिंह, महंत अरूण दास, महंत गोविंद दास, स्वामी केशवानंद मंहत सुखमन सिंह, मंहत बाबा देवेन्द्र सिंह, मंहत अंग्रेज सिंह, स्वामी कैलाश मुनी, मंहत गुरमीत सिंह मंहत जसकरण सिंह सहित कई संत महंत शामिल रहे।

# परम् कल्याणकारी है श्रीमद् भागवत कथा : हरितोष

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पंचायती धड़ा फिराहेडियान समिति एवं रघुनाथ सत्संग मंडल एवं समस्त तीर्थ पुरोहित समाज द्वारा पुरूषोत्तम मास के अवसर पर गुघाल मंदिर प्रांगण पांडेवाला ज्वालापुर में आयोजित की जा रही श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कराते हुए कथावाचक पंडित ब्रह्मरात हरितोष ने कहा कि परम् कल्याणकारी श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से परिवारों में सुख समृद्धि का वास होता है। कष्टों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से प्रेरणा लेनी चाहिए और धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। उमाशंकर वशिष्ठ एवं सचिन कौशिक ने व्यासपीठ का पूजन कर आशीर्वाद लिया और कथा श्रवण करने आए भक्तों का अभिनंदन किया।

**सूचना ( नाम परिवर्तन )**

मैंने अपना नाम आशुतोष से बदलकर आशुतोष त्यागी ( Aashutosh Tyagi ) रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए। आशुतोष त्यागी पुत्र सुखपाल, निवासी वृंदा पैथोलोजी लैब, रुड़की, हरिद्वार उत्तराखंड।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**

ब्यूरो चीफ

**शाह टाइम्स हरिद्वार**

कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार

मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# उप जिला चिकित्सालय विकासनगर का विधायक चौहान ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** शुक्रवार को विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने उप जिला चिकित्सालय विकासनगर का निरीक्षण कर अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की लैब, वार्डों का निरीक्षण किया तथा भर्ती मरीजों और डॉक्टरों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली।



■ लैब, वार्ड और मरीजों से ली जानकारी

निरीक्षण के दौरान विधायक ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से उपचार और मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। वहीं डॉक्टरों से भी अस्पताल की व्यवस्थाओं, संसाधनों और आवश्यकताओं को लेकर चर्चा की। विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि उप जिला चिकित्सालय में सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं और डॉक्टर पूरी ईमानदारी एवं समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल की बिल्डिंग भले ही किसी होटल जैसी न हो, लेकिन यहां के डॉक्टरों की सेवाएं और मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं कई निजी अस्पतालों से बेहतर हैं।

उन्होंने मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पर्ची काउंटर के बाहर टीन शेड लगाए जाने की बात कही। साथ ही भर्ती वार्डों में आवश्यकता अनुसार एसी लगाए जाने का आश्वासन भी दिया। विधायक ने कहा कि जहां अतिरिक्त एसी की आवश्यकता होगी, वहां भी जल्द व्यवस्था की जाएगी, ताकि गर्मी के मौसम में मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।


विधायक ने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए व्यवस्थाओं को लगातार मजबूत किया जाए तथा साफ-सफाई और मरीजों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस दौरान अस्पताल के सभी डॉक्टर, पूर्व प्रधान नरेंद्र चौहान, श्याम सिंह थापा, दिनेश शेट्टी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सेलाकुई पुलिस ने नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना सेलाकुई पुलिस ने 6.20 ग्राम अवैध स्मैक के साथ 1 शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया।

गुरूवार को थानाध्यक्ष थाना सेलाकुई द्वारा थाना सेलाकुई पर पूर्व से गठित पुलिस टीम को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। गठित टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी व कारोबार पर



■ पुलिस ने की 6.20 ग्राम स्मैक बरामद

प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चौकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन, रोकथाम जुर्म जरायम तथा चौकिंग अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब एंव आकस्मिक चौकिग के दौरान बीते रोज 20 तारीख को बहादरपुर रोड से आरोपी रोहित रावत पुत्र किशन सिंह रावत निवासी मकान नंबर 107 बहादरपुर रोड सेलाकुई के कब्जे से 6.20 ग्राम अवैध स्मैक बरामद होने पर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सेलाकुई परएनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में एसआई सुमेर सिंह, सिपाही सुशील कुमार, मुकेश कुमार शामिल रहे।

# मीनस के पास वाहन दुर्घटना में एसडीआरएफ द्वारा चलाया गया सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** देहरादून के थाना चकराता क्षेत्रांतर्गत मीनस के पास पाटम नामक स्थान पर वाहन दुर्घटना की सूचना पर एसडीआरएफ टीमों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सर्च एवं रेस्क्यू अभियान चलाया गया। 19 मई 2026 को मीनस के पास पाटम क्षेत्र में एक बोलेरो वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर गहरी खाई से नदी में जा गिरा था। घटना की सूचना पर एसडीआरएफ की 03 टीमों (पोस्ट त्यूणी, चकराता व डाकपत्थर) द्वारा तत्काल आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुँचकर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। सर्चिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो वाहन संख्या एचपी85 एए0548 नदी से बरामद कर लिया गया, किन्तु वाहन चालक/लापता व्यक्ति का प्रारंभिक चरण में कोई पता नहीं चल पाया। इसके उपरांत एसडीआरएफ की टीमों द्वारा नदी में गहन सर्चिंग एवं डीप डाइविंग अभियान चलाया गया। आज शुक्रवार को अपर उप निरीक्षक सुरेश तोमर के नेतृत्व में एसडीआरएफ टीम द्वारा डीप डाइविंग कर लापता व्यक्ति का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान 'खुशी राम पुत्र लायक राम, उम्र लगभग 48 वर्ष, निवासी ग्राम कांडों, सिलाई, हिमाचल प्रदेश' के रूप में हुई है। एसडीआरएफ टीम द्वारा शव को नदी से बाहर निकालकर आवश्यक कार्रवाई हेतु स्थानीय पुलिस के सुपुर्द किया गया।

# भीषण गर्मी के बीच साहिया बाजार में गहराया पेयजल संकट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिया।** भीषण गर्मी के बीच साहिया बाजार में पेयजल संकट गहराने लगा है। पेयजल स्रोत सूखने के कारण पूरे बाजार की जलापूर्ति अब केवल एकमात्र स्रोत पर निर्भर हो गई है। ऐसे में ऊंचाई वाले इलाकों तक पर्याप्त प्रेशर से पानी नहीं पहुंच पा रहा, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस स्थिति को देखते हुए बाजार के नागरिकों से पानी की बर्बादी रोकने की अपील की गई है। लोगों से कहा गया है कि वे अपने घरों के नलों को ठीक रखें और अनावश्यक रूप से पानी बहने न दें।



विशेष रूप से सुबह के समय मुख्य मोटर मार्ग पर पानी का छिड़काव कर सड़क भिगोने और वाहनों को धोने जैसी गतिविधियों से बचने को कहा गया है। स्थानीय लोगों रूपराम राठौर, अनुज गर्ग, सविता देवी, संदीप चौधरी, राजा गुप्ता, मुकेश चौधरी, सुरेश चौधरी, शिवम चौधरी, रविन्दर सिंह, पूर्व उप प्रधान

■ सहिया की नई पाइप लाइन में पानी के साथ आ रहे कीड़े, छिपकलीए पानी बचाने की अपील के साथ सख्त चेतावनी

अमन कौर, विनोद भसीन, सुनील चौहान आदि का कहना है कि सहिया की नई लाइन में कीड़े, छिपकली पानी के साथ आ रहे है, कहा कि गर्मियों के इन दो महीनों में सभी लोगों को मिलकर पानी की समस्या का सामना करना होगा, तभी हर घर तक पर्याप्त पानी पहुंच सकेगा।

कहा कि सहिया में लगभग 250 परिवार रहते है, पानी की आपूर्ति नहीं होने से लोगों को परेशानीयों का सामना करना पड रहा है, वहीं सहिया के ऊंचाई वाले इलाके में रहने वाले लोगों ने बाजार के लोगों से सड़क पर पानी का छिड़काव, वाहन धोना या होटल व घरों में नल खुला न छोड़ने व अनावश्यक पानी खुला न छोड़ने की अपील की है।

स्थानीय लोगों ने जल संकट को गंभीर बताते हुए सभी से पानी बचाने में सहयोग की भी अपील की है। इस सम्बन्ध में जल संस्थान के अधिशासी अभियंता राजेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि गर्मी बढ़ने के कारण जलस्त्रोत सूखने लगे है सहिया में बीते दिन जलस्रोत व टेंक की सफाई कर दी गई है।

## एक नजर .......

### जिले में अभी तक 151 किसानों का पंजीकरण

**नई टिहरी।** अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी के मार्गदर्शन में जनपद में फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इन कैंपों में कृषि विभाग एवं उद्यान विभाग के समन्वय से किसानों का पंजीकरण कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार को तहसील टिहरी के अंतर्गत आयोजित कैंपों में राजीव गांधी सेवा केंद्र दिखोल गांव में 33 किसानों, पंचायत भवन तिवाड़ गांव में 18 किसानों, पंचायत भवन नकोट लग्गा जौलंगी में 10 किसानों तथा पंचायत भवन लामकोट में 40 किसानों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण कराया गया। टिहरी में कुल 151 किसानों का पंजीकरण हुआ। इसके अतिरिक्त घनसाली क्षेत्र में चामी, दोपी बल्ली, बजियाल गांव, पिपोला, कांडार गांव, घनसाली, बोंगा, पोली में कैंप आयोजित कर किसानों का पंजीकरण किया गया। संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों से अब तक कुल 146 किसानों का सफलतापूर्वक पंजीकरण किया जा चुका है। प्रशासन द्वारा किसानों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में कैंपों में पहुंचकर फार्मर रजिस्ट्री में अपना पंजीकरण कराएं, ताकि उन्हें शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

### प्रांत स्तरीय खेलकूद में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

विकासनगर। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज डाकपत्थर में प्रांत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। गुरूवार को ढालीपुर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मैं हुई इस प्रतियोगिता में डाकपत्थर की टीम ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कबड्डी और खो-खो में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज डाकपत्थर के छात्र छात्राओं ने अंडर 14 कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि अंडर 17 कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान और अंडर-19 खो खो प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने और स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुसुया प्रसाद जखमोला ने सभी छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य अनुसूया प्रसाद जखमोला ने बताया कि संकुल स्तरीय प्रतियोगिता और प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के पश्चात अब विद्यालय की टीम क्षेत्रीय स्तर पर प्रतिभाग करेगी जो कि उत्तर प्रदेश में जुलाई में संपन्न होगी।

### बेस अस्पताल श्रीनगर में शुरू हुआ वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण अभियान

**श्रीनगर।** वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली राजकीय आयुर्विज्ञान शोध संस्थान एवं हेमवती नंदन बहुगुणा बेस अस्पताल में कार्यरत पर्यावरण मित्रों और स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण अभियान की शुरुआत की गई। अस्पताल प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले कर्मियों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यह पहल संस्थान के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना के निर्देशन में शुरू की गई। संस्थान में पहले एमबीबीएस छात्रों के स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी, जिसके बाद अब पर्यावरण मित्रों एवं स्वच्छता कर्मियों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। अभियान के पहले दिन हेमवती नंदन बहुगुणा बेस अस्पताल में कार्यरत 103 से अधिक पर्यावरण मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान कर्मियों की टेटनिस एवं हेपिटाइटिस वैक्सीनेशन, चेस्ट एक्स-रे, ब्लड जांच सहित विभिन्न आवश्यक चिकित्सकीय जांचें नि:शुल्क कराई गईं। कार्यक्रम के दौरान मनोरोग विभाग के चिकित्सकों द्वारा सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य, लचीलापन एवं खुशहाली को बढ़ावा देना विषय पर विशेष व्याख्यान भी आयोजित किया गया। चिकित्सकों ने कर्मियों को तनाव प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य के महत्व और कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण बनाए रखने के बारे में जानक. ारी दी। प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने कहा कि अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में पर्यावरण मित्रों और स्वच्छता कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कहा कि ये कर्मचारी दिन-रात मरीजों और अस्पताल परिसर की सेवा में जुटे रहते हैं, इसलिए उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा भी संस्थान की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कहा कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण से न केवल बीमारियों की समय पर पहचान हो सकेगी, बल्कि कर्मियों को सुरक्षित कार्य वातावरण भी उपलब्ध कराया जा सकेगा।

# बालिका इंटर कॉलेज कोटी कनासर में नई एसएमडीसी कार्यकारिणी का गठन

■ लक्ष्मी राणा को चुना गया अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विकास खंड चकराता के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कोटी कनासर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रथम शिक्षक-अभिभावक संघ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, छात्राओं के सर्वांगीण विकास और विद्यालय की भावी योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पुरानी एसएमडीसी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक-अभिभावक संघ अध्यक्ष



देवी सिंह राणा ने की। सर्वसम्मति से ग्राम कोटी कनासर निवासी लक्ष्मी राणा को विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति (एसएमडीसी) की नई अध्यक्षा चुना गया। प्रधानाचार्या सपना तोमर ने नव निर्वाचित अध्यक्षा का माला पहनाकर स्वागत किया तथा उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। बैठक में विद्यालय विकास, पाठ्यक्रम संचालन, अतिरिक्त शिक्षण गतिविधियों, छात्राओं के अनुशासन, मानसिक स्वास्थ्य तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। प्रधानाचार्या सपना तोमर ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि जुलाई 2023 से विद्यालय लगातार हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम दे रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में शामिल 11 छात्राओं में से 7 ने प्रथम तथा 4 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की, जबकि इंटरमीडिएट में 6 छात्राओं में 5 प्रथम और 1 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुई।

प्रधानाचार्या ने कहा कि विद्यालय की शिक्षिकाओं और कर्मचारियों की मेहनत व समर्पण के कारण विद्यालय लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। इस अवसर पर रति राम नौटियाल, हीरा सिंह राणा, बालम राणा, प्रवीण कुमार, वीर सिंह चौहान, नीलम, बिंद्रा राणा, प्रीतम राणा कृष्णा देवी, गोपाल राणा, शिव कुमार सहित कई अभिभावक एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# गंगा दशहरा पर्व गणेश प्रयाग मुनि तीर्थ में होगा भव्य धार्मिक आयोजन

**नई टिहरी।** गंगा हिमालय जन जागृति समिति अन्दरिया सेंदुल द्वारा आगामी 25 मई सोमवार को गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर गणेश प्रयाग मुनि तीर्थ में भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समिति की ओर से क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया है।

समिति के अध्यक्ष धर्म सिंह बिष्ट, गोविन्द बडोनी, सुंदरलाल पेटवाल, केदार सिंह रौतेला, विरेन्द्र सेमवाल द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षों से बालगंगा एवं भिलंगना नदी के संगम स्थल गणेश प्रयाग मुनि तीर्थ में गंगा दशहरा पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाता रहा है। इस वर्ष भी देव डोलियों, क्षेत्रीय देवी-देवताओं एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के तहत सुंदरकांड पाठ, कीर्तन, यज्ञ, पितृ तर्पण, ऋषि तर्पण, दीपदान, गंगा आरती एवं प्रसाद वितरण जैसे धार्मिक आयोजन होंगे। समिति ने बताया कि सुबह 8 बजे ग्राम सेंदुल से श्रद्धालु गणेश प्रयाग मुनि तीर्थ के लिए प्रस्थान करेंगे जिसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं घनसाली बाजार से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। गंगा हिमालय जन जागृति समिति ने सभी सनातन प्रेमियों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों से गंगा दशहरा पर्व में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने तथा आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# राजस्व वृद्धि को लेकर एडीएम ने सभी विभागों को दिए लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** अपर जिलाधिकारीकी अध्यक्षता में जिला स्तरीय राजस्व सम्बर्द्धन एवं अनुश्रवण समिति की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु निर्धारित वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष मासिक वसूली की समीक्षा की गयी। बैठक में बताया गया कि आबकारी विभाग द्वारा राजस्व वृद्धि गतवर्ष अप्रैल माह में 2259 लाख के सापेक्ष 2370 लाख, जो 4.89 प्रतिशत, परिवहन विभाग द्वारा 113.57 लाख के सापेक्ष 121.58 लाख प्रतिशत की वृद्धि की गई। खनन विभाग द्वारा 355 लाख के सापेक्ष 609 लाख जो 171.54 प्रतिशत अधिक, राज्य कर विभाग द्वारा 826 लाख के सापेक्ष 824 लाख जो 40.41 प्रतिशत, निबन्धन विभाग द्वारा 407 लाख के सापेक्ष 370.46 लाख जो -8.99 प्रतिशत कम, विद्युत विभाग द्वारा 467.57 लाख के सापेक्ष 700.69 लाख जो 49.86 प्रतिशत अधिक तथा जिला पंचायत द्वारा 17.47 लाख के सापेक्ष 35.64 लाख जो 15.54 प्रतिशत अधिक तथा नगर पालिका, नगर पंचायतों की द्वारा भी गतवर्ष की अपेक्षा अधिक राजस्व वृद्धि की गयी है। सभी विभागीय अधिकारियों को राजस्व वृद्धि करने के निर्देश दिये गये है। गत वर्ष अप्रैल, 2025 एवं इस वित्तीय वर्ष 2026-27 के माह अप्रैल, 2026 के सापेक्ष की गयी राजस्व वसूली में 15.77: अधिक वसूली की गयी है। सभी नगर पालिका, नगर पंचायतों के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि वह पालिका की बोर्ड बैठक कर वार्षिक लक्ष्य निर्धारित करना सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि वह वार्षिक एवं मासिक लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व में वृद्धि करना सुनिश्चित करेंगें। बैठक में जिला आबकारी अधिकारी केपी सहि, उप निबंधन प्रतीक पुंडीर, सहायक आयुक्त खाद्य सुरखा एवं औषधि प्रशासन प्रमोद सिंह रावत, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेंद्र विटारिया, सहायक अभियंता जल संस्थान राजीव महर, वासुदेव डंगवाल आदि मौजूद रहे।

# दुर्गम क्षेत्रों में कार्यरत बीएलओ कर्मचारियों ने उठाई मांगें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विधानसभा क्षेत्र 15 चकराता के अंतर्गत कार्यरत बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड को ज्ञापन प्रेषित किया है। यह ज्ञापन सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी चकराता के माध्यम से भेजा गया।

ज्ञापन में बीएलओ कर्मचारियों ने बताया कि चकराता विधानसभा क्षेत्र दुर्गम एवं विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाला क्षेत्र है, जहां निर्वाचन संबंधी कार्यों को संपादित करने में उन्हें कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कर्मचारियों ने मांग की है कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने के लिए अन्य विभागों की



■ दुर्गम क्षेत्रों में कार्यरत बीएलओ कर्मचारियों ने उठाई मांगें

भांति यात्रा भत्ता एवं दैनिक भत्ता उपलब्ध कराया जाए।

इसके अलावा कर्मचारियों ने प्रत्येक बीएलओ को कार्य सुविधा के लिए स्मार्टफोन उपलब्ध कराने तथा वार्षिक मोबाइल डाटा हेतु अलग से बजट स्वीकृत करने की मांग भी उठाई। उनका कहना है कि वर्तमान में दिया जा रहा मानदेय अत्यंत कम है, इसलिए बीएलओ कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाकर लगभग 25 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाना चाहिए।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि वर्ष 2024 का मोबाइल डाटा भुगतान अब तक कर्मचारियों को प्राप्त नहीं हुआ है। कर्मचारियों ने लंबित भुगतान को शीघ्र जारी करने की मांग की है।

बीएलओ कर्मचारियों ने चेता. वनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो एसआईआर कार्य प्रभावित हो सकता है। ज्ञापन पर कलम सिंह, दीवान सिंह, अजब सिंह, चंद्रा देवी, ऊषा देवी, विक्रम सिंह, सरिता, रंगीता शाह, विनीता राय, निर्मला चौहान, अनीता देवी, शूरवीर सिंह चौहान, राजेंद्र नौटियाल, रणवीर वर्मा, सीमा, रीता, आसीना बानो, महावीर चौहान, दर्शन लाल, जगवीर चौहान सहित विधानसभा क्षेत्र 132 चकराता के समस्त बीएलओ कर्मचारियों के हस्ताक्षर बताए गए हैं।

# छात्रों को साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** एसएसपी श्वेता चौबे की पहल पर टिहरी पुलिस की ओर से स्कूलों में लगातार साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ढालवाला में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूक किया गया। अभी तक जिले के कई विद्यालयों में अभियान चलाया गया है। साइबर अपराध के अलावा छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी व नशा उन्मूलन व बाल अपराध आदि के बारे में भी जारूक किया जा रहा है। शुक्रवार को साइबर क्राइम की ओर से सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, ढालवाला मुनिकीरेती में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकगण एवं अन्य स्टाफ सदस्यों को वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, सोशल मीडिया हैकिंग, फेक लिंक, ओटीपी, केवाईसी धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट एवं बैंकिंग फ्रॉड आदि साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साइबर टीम द्वारा उपस्थित लोगों को सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने, किसी भी अनजान कॉल, लिंक अथवा मैसेज पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने तथा साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने हेतु जागरूक किया गया।

# 20 दिनों से बंद पड़ा है जोगियों का बीएसएनएल टावर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** तीन खतों के करीब 25 गांवों के लोगों के लिए संचार का प्रमुख साधन बना जोगियों स्थित बीएसएनएल टावर इन दिनों पूरी तरह शोपीस बनकर रह गया है। पिछले 15 से 20 दिनों से टावर खराब पड़ा हुआ है, जिससे हजारों ग्रामीणों का संपर्क अपने नाते-रिश्तेदारों और बाहरी दुनिया से लगभग कट गया है। मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सेवाएं बंद होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।


ग्रामीणों के अनुसार जोगियों गांव में स्थापित बीएसएनएल टावर क्षेत्र के दूरस्थ गांवों के लिए संचार का एकमात्र भरोसेमंद माध्यम है। लेकिन बीते कई दिनों से नेटवर्क सेवाएं पूरी तरह ठप पड़ी हैं। हालत यह है कि लोग जरूरी फोन कॉल तक नहीं कर पा रहे हैं। वहीं विद्यार्थियों की ऑनलाइन पढ़ाई, व्यापारियों के कार्य और इंटरनेट आधारित सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय ग्रामीण एवं पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष सूर्यपाल चौहान ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार बीएसएनएल के उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक टावर की कनेक्टिविटी बहाल नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि विभागीय लाप. रवाही के कारण ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।

ग्रामीण नारायण सिंह, टीकम सिंह, बहादुर सिंह, अजब सिंह, बलबीर सिंह, गुड्डू सिंह, रमेश नेगी, प्रमेश जोशी, आनंद सिंह, सुभाष जोशी, गजवीर सिंह, चमन सिंह, शांति प्रकाश, देवलाल, कमलदास और सुभाष सहित अन्य लोगों ने बताया कि नेटवर्क बंद होने से आपातकालीन परिस्थितियों में भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि किसी बीमार व्यक्ति या आपदा की स्थिति में तत्काल सहायता की जरूरत पड़ जाए, तो संपर्क करना तक मुश्किल हो गया है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बीएसएनएल टावर को दुरुस्त कर सेवाएं सुचारु नहीं की गईं तो क्षेत्रवासी उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और प्रशासन की होगी। वहीं दूरभाष पर सहायक अभियंता चतर सिंह ने बताया कि तकनीकी कर्मचारियों को मौके पर भेज दिया गया है और शाम तक सेवाएं सुचारु करने का प्रयास किया जा रहा है।

# नन्हे विद्यार्थियों ने उठाया मूवी शो का भरपूर आनंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सेलाकुई।** शिवालिक एकेडमी में ग्रीष्मकालीन अवकाश से पूर्व नन्हे विद्यार्थियों के लिए एक विशेष मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक मूवी शो का आयोजन किया गया। इस गतिविधि के अंतर्गत कक्षा प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा 2 तक के विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर में ही बड़े पर्दे पर उनकी आयु के अनुरूप शिक्षाप्रद एवं मनोरंजक फिल्म दिखाई गई। फिल्म के दौरान बच्चों ने पॉपकॉर्न एवं जूस का भी भरपूर आनंद उठाया, जिसने उन्हें बिल्कुल सिनेमा हॉल जैसा अनुभव कराया। अपने मित्रों के साथ बड़े पर्दे पर फिल्म देखने का यह अनुभव बच्चों के लिए अत्यंत रोमांचक, आनंदमय एवं यादगार रहा।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह और खुशी का विशेष वातावरण देखने को मिला। फिल्म के माध्यम से बच्चों ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि अनेक नई एवं प्रेरणादायक बातें भी सीखीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी त्यागी जी ने कहा कि छोटे बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार की गतिविधियाँ समय-समय पर आयोजित की जानी चाहिए, जिससे वे पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक एवं सामाजिक अनुभव भी प्राप्त कर सकें। इस गतिविधि का संचालन शम्मी चौहान, प्रतिभा रानी, स्वाति पुन एवं वर्णिका शर्मा द्वारा किया गया।

## घनेली के समीप जंगल में अचानक लगी आग

**अल्मोड़ा।** विकासखंड घनेली के समीप जंगल में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें तेजी से फैलते हुए जंगल के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में लेने लगीं। घटना की सूचना मिलते ही फायर टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। दरअसल, इन दिनों बढ़ती गर्मी के बीच वनाग्नि की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है।

**सूचना**

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या UA-0720090077190 में मेरा नाम एवं पता त्रुटिवश Shaikh Furquan Ahmad S/o Late Taha R/O-14 Nadi Rispana, Dehradun-248001 अंकित हो गया है। जबकि मेरा सही नाम एवं पता SHAIKH FURQUAN AHMED S/o MOHAMMAD TAHA R/o Jollygrant, Dehradun-248140 है, जैसा कि मेरे आधार कार्ड में अंकित है। HAIKH FURQUAN AHMED जॉलीग्रांट, देहरादून।

# मुख्यमंत्री ने दी विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 36 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि के अन्तर्गत ग्रामीण निर्माण विभाग की मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के तहत कुल 06 नई ग्रामीण सड़क योजनाओं के लिए 23.86 करोड स्वीकृत किये जाने के साथ ही चारधाम यात्रा मार्ग पर संचालित अश्ववंशीय पशुओं के बीमा के लिए1.05 करोड़ की धनराशि राज्य आकस्मिकता निधि से स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री द्वारा तामली क्षेत्र में पेयजल के स्थायी समाधान के लिए लिफ्ट पेयजल योजना के निर्माण के लिए अनुमोदित 14.57 करोड़ की स्वीकृति प्रदान करते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में 1.00



करोड की धनराशि अवमुक्त किए जाने के साथ ही जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र चम्पावत के बनबसा नगर पंचायत के अन्तर्गत अत्यन्त खराब मोटर मार्गों एवं नालियों के निर्माण के लिए 1.00 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा क्षेत्र सल्ट के मुख्य बाजारों में 10 हाई माक्स लाईट लगाए जाने के लिए 29.32 लाख, विकासखण्ड

**■ मुख्यमंत्री ने सामुदायिक भवन, मसूरी का नाम पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष स्व. दीपक पुण्डीर के नाम पर रखे जाने का किया अनुमोदन**

दुगडडा के अर्न्तगत महाबगढ़ मंदिर के सौन्दर्यीकरण के लिए

1.69 करोड तथा हरबर्टपुर शहर के मध्य स्थित उदिया खाला के समीप आवासीय क्षेत्रों में सुरक्षा दीवार एवं आवागमन हेतु पुलियों के निर्माण के लिए 97.79 लाख स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद अल्मोड़ा की विधानसभा क्षेत्र रानीखेत के विकासखण्ड भिक्यासैण के अन्तर्गत नवाड शिव मन्दिर, श्रीकोट नाहोरी में काल भैरव मंदिर, भतरौजखान श्री हिरानन्द महाराज मंदिर, उगलिया शिव मंदिर, उणूली महादेव मंदिर, त्रिलोकेश्वर मंदिर गैरगॉव का सौन्दर्यीकरण किये जाने के लिए 5.54 करोड के सापेक्ष ध 1.50 करोड तथा जनपद पौड़ी की विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर के विकासखण्ड द्वारीखाल के अन्तर्गत कठुड़ बड़ा, देवीखाल में स्थित माँ बाल कुँवारी माता मंदिर के सौन्दर्यीकरण किये जाने के लिए 72.67 लाख स्वीकृत किये जाने के साथ ही टनकपुर, बनबसा क्षेत्र में 220/33 के०वी० विद्युत स्टेशन स्थापित किये जाने के लिए 150.40 करोड के सापेक्ष ध3.00 करोड़ स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने किच्छा विधानसभा के ग्राम दरूऊ में डॉ० भीमराव अम्बेडकर पार्क एवं तालाब के सौन्दर्यीकरण के लिए 25.00 लाख तथा राजा हरूहीत मंदिर कढोली नगर पंचायत भिकियासैंण के सौन्दर्यीकरण एवं जीर्णोद्वार किए जाने हेतु ध93.36 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री धामी ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अर्न्तगत पुरूकुल गांव में मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित सामुदायिक भवन का नाम पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष स्व० श्री दीपक पुण्डीर के नाम पर स्व० दीपक पुण्डीर सामुदायिक भवन रखे जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

# केदारनाथ यात्रा मार्ग पर सोनप्रयाग पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** "ड्रग्स फ्री देवभूमि" अभियान के तहत चारधाम यात्रा के दौरान नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए रुद्रप्रयाग पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गौरीकुण्ड क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाकर 1.080 किलोग्राम अवैध चरस के साथ एक नेपाली तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत ध2.16 लाख बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग नीहारिका तोमर के निर्देश पर चारधाम यात्रा मार्ग में नशीले पदार्थों की तस्करी और अपराधों की रोकथाम को लेकर लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बीती 21 मई को चौकी प्रभारी गौरीकुण्ड उपनिरीक्षक रघुवीर सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा

**■ 1.08 किलोग्राम चरस के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार**

क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की जा रही थी। इस दौरान एक नेपाली मूल के संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई, जिसके कब्जे से 1.080 किलोग्राम चरस बरामद हुई। इसके अलावा आरोपी के पास से एक इनफिनिक्स कंपनी का मोबाइल फोन, जिसमें भारतीय और नेपाली दोनों सिम सक्रिय थीं, ध6,070 भारतीय मुद्रा तथा 450 नेपाली रुपये भी बरामद किए गए।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह चरस नेपाल से लेकर आया था और केदारनाथ यात्रा मार्ग पर ऊंचे दामों में बेचने की फिराक में था। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कोतवाली सोनप्रयाग में मुकदमा संख्या 19ध2027, धारा 8ध20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान हस्त बहादुर शाही (37 वर्ष), पुत्र लोक बहादुर शाही, निवासी गांव पालिका रास्कोट वार्ड नंबर 5, जिला कालीकोट, कर्णाली प्रदेश नेपाल, हाल निवासी गौरीकुण्ड के रूप में हुई है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी गौरीकुण्ड उपनिरीक्षक रघुवीर सिंह रावत, आरक्षी विनोद सिंह तथा आरक्षी अर्जुन सिंह शामिल रहे। चारधाम यात्रा के दौरान रुद्रप्रयाग चवसपबम की इस कार्रवाई को नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस का कहना है कि यात्रा मार्ग पर संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और नशा तस्करों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# 2 लाख 41 हजार के चालान पर भड़के ट्रांसपोर्टर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुलिस द्वारा ओवरलोडिंग के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को लेकर ट्रांसपोर्ट कारोबारियों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। रानीखेत-चौखुटिया क्षेत्र में एक गुड्स कैरियर वाहन का 2 लाख 41 हजार रुपये का चालान किए जाने पर देवभूमि ट्रक ओनर महासंघ ने कड़ी आपत्ति जताई है। ट्रांसपोर्ट कारोबारियों ने पुलिस इस कार्रवाई को उत्पीडन बताते हुए इसका खुलकर विरोध किया है। जानकारी के अनुसार मामला बीते 21 मई का है, जब सिविल पुलिस रानीखेत के निरीक्षक ने रामपुर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक गुड्स कैरियर वाहन का चालान किया। चालान में 2,39,000 रुपये की राशि ओवरलोडिंग के आरोप में जबकि 2,000 रुपये विधिक आदेश की अवहेलना और जानकारी न देने के आरोप में जोड़े गए। ट्रांसपोर्ट कारोबारियों का कहना है कि पुलिस यह स्पष्ट करे कि वाहन में आखिर कितना ओवरलोड था, जिसके आधार पर इतनी बड़ी राशि का चालान किया गया। महासंघ का आरोप है कि ओवरलोडिंग चालान का मूल शुल्क करीब 7 हजार रुपये होता है और अतिरिक्त वजन पर प्रति टन 2 हजार रुपये के हिसाब से जुर्माना लगाया जाता है। ऐसे में 2.39 लाख रुपये का चालान यह दर्शाता है कि वाहन में लगभग 130 टन अतिरिक्त भार था, जो पहाड़ी क्षेत्रों में चलने वाले किसी भी ट्रक के लिए संभव नहीं है। महासंघ ने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में इस प्रकार की कार्रवाई दोहराई गई तो संगठन सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन और चक्का जाम करने को मजबूर होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। विरोध जताने वालों में राकेश जोशी, जसपाल सिंह कोहली, हरजीत सिंह चड्ढा, पंडित दया किशन शर्मा, ललित रौतेला, भास्कर जोशी, ललित पाठक, किशन कोश्यारी, शिव सिंह, विक्रम सिंह बिष्ट समेत कई ट्रांसपोर्ट कारोबारी मौजूद रहे।

# केदारनाथ धाम के प्रसाद निर्माण में ग्रामोत्थान परियोजना की अभिनव पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा में इस वर्ष रिकॉर्ड संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालुओं को शुद्ध, गुणवत्तायुक्त और आकर्षक प्रसाद उपलब्ध कराने के लिए ग्रामोत्थान परियोजना (रीप) एवं आईएफएडी सहायतित योजना द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से परियोजना ने 'केदारेश्वर एंटरप्राइजेज' के साथ रणनीतिक साझेदारी कर एक नया मॉडल प्रस्तुत किया है।

इस अभिनव पहल के तहत ग्रामोत्थान परियोजना द्वारा केदारेश्वर एंटरप्राइजेज को पांच लाख की परियोजना सहायता राशि

**■ केदारेश्वर एंटरप्राइजेज और महिला स्वयं सहायता समूहों के संगम से आत्मनिर्भर बन रही देवभूमि**

प्रदान की गई है। इस सहयोग का उद्देश्य केवल बाबा केदार के भक्तों तक उच्च गुणवत्ता वाला प्रसाद पहुंचाना ही नहीं, बल्कि स्थानीय महिलाओं को स्थायी रोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ना भी है।

परियोजना के अंतर्गत 'जय स्वयं सहायता समूह' की महिलाओं को विशेष रूप से जोड़ा गया है। समूह की महिलाएं प्रसाद की पैकेजिंग, तैयारियों और व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इससे महिलाओं को नियमित रोजगार मिलने के साथ-साथ उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो रही है। यह पहल ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम साबित हो रही है।

केदारेश्वर एंटरप्राइजेज द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से तैयार 'पंचमेवा', 'ड्राई फ्रूट्स' और 'श्री केदारनाथ मंदिर सोविनियर' आकर्षक एवं इको-फ्रेंडली पैकेजिंग में उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रसाद की गुणवत्ता, स्वच्छता और धार्मिक आस्था का विशेष ध्यान रखा गया है ताकि बाबा केदार के भक्त अपने साथ पवित्र और यादगार प्रसाद लेकर लौट सकें।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि यह पहल यात्रा सीजन में प्रसाद की संभावित कमी को दूर करने के साथ-साथ स्थानीय उत्पादों को बड़ा बाजार उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि "हमारा लक्ष्य एक करोड़ के सेल्स टारगेट को प्राप्त करना है।

हमारा प्रयास है कि केदारनाथ धाम आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु स्थानीय महिलाओं के हाथों से तैयार शुद्ध और गुणवत्तायुक्त प्रसाद अपने साथ लेकर जाए।

इस सफल पहल ने स्थानीय स्तर पर रोजगार, स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण की नई उम्मीद जगाई है। ग्रामोत्थान परियोजना का यह मॉडल भविष्य में अन्य धार्मिक स्थलों और पर्यटन क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन सकता है। बाबा केदार की आस्था से जुड़ी यह पहल अब देवभूमि की महिलाओं के सपनों को नई उड़ान देने का माध्यम बन रही है।

# केदारनाथ धाम में सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया व्यापक जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, राहत एवं आपदा प्रबंधन व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सेनानायक एसडीआरएफ अर्पण यदुवंशी स्वयं ग्राउंड जीरो पर पहुंचे और केदारनाथ धाम सहित संपूर्ण पैदल यात्रा मार्ग का विस्तृत निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने यात्रा मार्ग पर संचालित सुरक्षा व्यवस्थाओं, भीड़ प्रबंधन, आपातकालीन रिस्पॉन्स सिस्टम, मेडिकल सहायता, राहत कार्यों एवं संवेदनशील स्थलों का गहन निरीक्षण कर मौके पर तैनात अधिकारियों एवं जवानों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

**■ ग्राउंड जीरो पर पहुंचे सेनानायक एसडीआरएफ अर्पण यदुवंशी**

निरीक्षण के दौरान सेनानायक एसडीआरएफ ने विभिन्न स्टेक होल्डर्स, पुलिस, प्रशासन एवं राहत एजेंसियों के अधिकारियों-कर्मचारियों से संवाद कर यात्रा के दौरान सामने आने वाली चुनौतियों एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर तत्काल दिशा-निर्देश जारी करते हुए व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत बनाने तथा समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

उन्होंने एटीएस टीम के साथ भी बैठक कर किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित एवं समन्वित रिस्पॉन्स को लेकर विस्तृत चर्चा की। साथ ही सभी एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल एवं समन्वय के साथ कार्य करने पर विशेष बल दिया। सेनानायक एसडीआरएफ ने केदारनाथ धाम में स्थापित एसडीआरएफ पोस्टों का निरीक्षण कर ड्यूटी में तैनात जवानों से मुलाकात की तथा उनके रहने, भोजन एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। कठिन परिस्थितियों में लगातार सेवाएं दे रहे जवानों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्होंने उनकी कार्यकुशलता एवं समर्पण की सराहना की। उत्कृष्ट कार्य करने वाले एसडीआरएफ कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पारितोषिक देकर सम्मानित भी किया गया। धाम परिसर स्थित अस्पताल पहुंचकर उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से मुलाकात की तथा यात्रा अवधि के दौरान एसडीआरएफ की ओर से हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इसके उपरांत सेनानायक एसडीआरएफ पैदल मार्ग से होते हुए लिनचोली पहुंचे, जहां उन्होंने एसडीआरएफ टीम एवं मेडिकल फर्स्ट रेस्पॉन्डर पोस्ट पर तैनात पैरामेडिक्स से वार्ता कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी दौरान पोस्ट पर मौजूद एक बुजुर्ग महिला श्रद्धालु को अचानक सांस लेने में परेशानी होने पर तत्काल ऑक्सीजन उपलब्ध कराई गई तथा उनका मनोबल बढ़ाया गया।

यात्रा मार्ग में सेनानायक एसडीआरएफ ने श्रद्धालुओं से भी संवाद कर उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने। साथ ही यात्रियों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित यात्रा हेतु आवश्यक जानकारी देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। सेनानायक एसडीआरएफ अर्पण यदुवंशी ने कहा कि चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, त्वरित राहत एवं बेहतर समन्वय एसडीआरएफ की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। सभी संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित बनाए रखने को लेकर एसडीआरएफ पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## बस अड्डे पर यात्री की अचानक मौत

**हल्द्वानी।** रोडवेज बस स्टेशन पर शुक्रवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई जब उत्तर प्रदेश के अमरोहा निवासी एक व्यक्ति की अचानक तबीयत बिगड़ने से उकसी मौत हो गई। मृतक की पहचान अमरोहा जनपद निवासी 59 वर्षीय भूपाल सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा कि भूपाल सिंह लंबे समय से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज अमरोहा में भी चल रहा था। शुक्रवार को परिजन उन्हें उपचार के लिए गेठिया सेनिटोरियम लेकर पहुंचे थे, लेकिन वहां बेड उपलब्ध नहीं होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें 10 दिन की दवा देकर वापस भेज दिया। इसके बाद भूपाल सिंह अपनी पत्नी, भाई और अन्य रिश्तेदारों के साथ हल्द्वानी बस स्टेशन पहुंचे, जहां वे अमरोहा जाने वाली बस का इंतजार कर रहे थे। बताया गया कि शाम करीब 7 बजे अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी, और देखते ही देखते उन्होंने बस स्टेशन परिसर में ही दम तोड़ दिया। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एक नजर .......

### बिना पंजीकरण संचालित एक अस्पताल कराया बंद, चार को नोटिस

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** स्वास्थ्य मंत्री , जिलाधिकारी देहरादून एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी देहरादून के आदेशों के क्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश चौहान ने शुक्रवार को जनपद के निजी चिकित्सालयों में औचक निरीक्षण किया गया। सेलाकुई में एक दांतों का अस्पताल बिना पंजीकरण संचालित किया जा रहा था। जिसे टीम द्वारा मौके पर बंद कराया गया तथा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया स सहसपुर के यश हॉस्पिटल में साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं पाए जाने के कारण कारण बताओं नोटिस दिया गया। सहसपुर में सार वेदा क्लीनिक का पंजीकरण नहीं पाया गया जिस कारण उन्हें कारण बताओ नोटिस दिया गया। सेलाकुई में संचालित आयुष्मान हेल्थ केयर क्लीनिक में पैरामेडिकल स्टाफ पूर्ण नहीं पाया गया, जिसपर उनको भी कारण बताओं नोटिस दिया गया। सहसपुर में. दून पल्स केयर क्लीनिक में ओपीडी रजिस्टर मेंटेन नहीं किया गया था, इन्हें भी कारण बताओं नोटिस दिया गया। औचक निरीक्षण करने वाली टीम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश चौहान एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की टीम द्वारा निरीक्षण किया गयास इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि इन सभी चिकित्सालय एवं क्लीनिक के विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### रोजमर्रा की नेटवर्क जाम की चुनौतियों को हल है प्रायोरिटी पोस्टपेड

**देहरादून।** एयरटेल के ग्राहकों को ईमेल किए गए एक पत्र में, भारती एयरटेल इंडिया के एमडी और सीईओ शाश्वत शर्मा ने कहा कि कंपनी ने भीड़-भाड़ वाले इलाकों में नेटवर्क समस्याओं के बारे में मिले फीडबैक के बाद यह सेवा शुरू की है। शर्मा ने कहा कि आपमें से कई लोगों ने हमें बताया कि कभी-कभी आप भीड़-भाड़ वाले बाजार, ट्रैफिक जाम या किसी इवेंट में वीडियो कॉल करने, ईमेल डाउनलोड करने या फोटो अपलोड करने में संघर्ष करते हैं। यह एक ऐसी समस्या है जिसे हम हल करना चाहते थे। इसलिए हमने एयरटेल प्रायोरिटी पोस्टपेड लॉन्च किया है। शर्मा के अनुसार, एयरटेल प्रायोरिटी पोस्टपेड को एयरटेल के 5जी नेटवर्क के नवीनतम अपग्रेड स्लाइसिंग के माध्यम से भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में अधिक सुसंगत अनुभव देने के लिए "विशेष रूप से डिजाइन" किया गया है।

### 25 मई को मनाया जाएगा गंगा दशहरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** इस वर्ष पुरुषोत्तम मास में गंगा दशहरा पर्व पड़ने से इसका धार्मिक और ज्योतिषीय महत्व और अधिक बढ़ गया है। मान्यता है कि इस दिन गंगा तट पर स्नान, माता गंगा की श्रद्धापूर्वक पूजा तथा दान करने से दैहिक, वाचिक और मानसिक पापों का नाश होता है। उक्त जानकारी देते हुए ज्योतिषी अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि इस वर्ष गंगा दशहरा ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि सोमवार 25 मई को पुरुषोत्तम मास (अधिक मास) में मनाया जाएगा, जो भक्तों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार 25 मई की प्रातः हस्त नक्षत्र का संचरण होगा। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जिस दिन मां गंगा का अवतरण हुआ था, उस दिन भी हस्त नक्षत्र, सूर्य वृषभ राशि में और वृष लग्न स्थित थे। इस वर्ष भी प्रातः 6 बजकर 51 मिनट पर हस्त नक्षत्र रहेगा तथा कन्या राशि में चंद्रमा, सूर्य वृषभ राशि में, वज्र योग एवं तैतिल करण जैसे शुभ संयोग बन रहे हैं। ज्योतिषी अशोक वार्ष्णेय ने यह भी बताया कि जो श्रद्धालु गंगा तट पर जाकर स्नान नहीं कर सकते, वे घर पर ही जल में गंगाजल मिलाकर स्नान, पूजा और दान कर समान पुण्य प्राप्त कर सकते हैं।

### निचली अदालत के आदेश पर लगायी रोक

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने चंपावत की शक्तिपुर बुंगा सीट से जिला पंचायत सदस्य कृष्णानंद जोशी को फिलहाल कुछ राहत देते हुए उनके निर्वाचन को रद्द करने वाले निचली अदालत के आदेश पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की पीठ ने अगली सुनवाई तक के लिये रोक लगायी है।

# सोनप्रयाग में पहाड़ी से गिरे पत्थर युवक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा मार्ग परएक दर्दनाक हादसा हो गया। सोनप्रयाग स्थित हनुमान मंदिर के पास अचानक पहाड़ी से भारी पत्थर और मलबा गिरने से अफरा-तफरी मच गई। हादसे में एक स्थानीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नेपाली मूल का एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद प्रशासन ने संवेदनशील क्षेत्रों में कार्रवाई तेज करते हुए खतरे वाले स्थानों पर बनी दुकानों को हटाना शुरू कर दिया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शुक्रवार को यात्रा मार्ग पर यात्रियों और स्थानीय लोगों की आवाजाही जारी थी। इसी दौरान अचानक तेज गर्जना के साथ पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थर नीचे आ गिरे। पत्थरों की चपेट में आने से आसपास मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। कई दुकानों और आसपास के क्षेत्र को भी नुकसान पहुंचा।

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग, पुलिस और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। गंभीर



रूप से घायल नेपाली नागरिक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि हादसे में ग्राम बड़ेत निवासी 48 वर्षीय उमेद सिंह नेगी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नेपाल निवासी 42 वर्षीय बम बहादुर घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा गया, लेकिन एक व्यक्ति ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

घटना के बाद प्रशासन ने एहतियातन संवेदनशील क्षेत्रों को खाली कराना शुरू कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि लगातार बदलते मौसम और पहाड़ियों के दरकने के कारण यात्रा मार्ग पर भूस्खलन और पत्थर गिरने का खतरा बना हुआ है। इसी को देखते हुए यात्रियों और स्थानीय लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई है।

गौरतलब है कि केदारनाथ यात्रा मार्ग पर पिछले कुछ समय से भूस्खलन और पत्थर गिरने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। खासकर सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच कई स्थान अत्यधिक संवेदनशील बने हुए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से यात्रा मार्ग की सुरक्षा के लिए स्थायी और मजबूत इंतजाम करने की मांग की है।

# एसआईटी की गिरफ्त में आया धनंजय

## हल्द्वानी में करोड़ों की वित्तीय और भूमि संबंधी धोखाधड़ी का है आरोपी

**धनंजय की गिरफ्तारी के लिए आईजी रिद्धिम अग्रवाल निरंतर कर रही थीं मॉनिटरिंग**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** करोड़ों रुपये के लेनदेन और कथित वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े चर्चित मामले में एसआईटी ने आरोपी ठेकेदार धनंजय गिरी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ठेकेदार धनंजय गिरी पर करीब 25 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय और भूमि संबंधी धोखाधड़ी करने का आरोप है। जिसकी गिरफ्तारी के बाद एसआईटी की टीम शुक्रवार की सुबह उसे काठगोदाम थाने लेकर पहुंची। जिसके बाद पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार यह मामला कुमाऊं क्षेत्र के बड़े कथित धोखाधड़ी प्रकरणों में गिना जा रहा है।

आरोप है कि धनंजय गिरी ने बैंकिंग लेनदेन से जुड़े मामलों में लोगों को आर्थिक नुकसान पहुंचाया। पीड़ितों द्वारा इस मामले में बैंक अधिकारियों और आरोपी के खिलाफ शिकायतें तथा एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। इसके साथ ही इस मामले में कुछ लोगों ने राष्ट्रीयकृत पीएनबी और उत्तराखंड राज्य सहकारी बैंक लि. के कर्मचारियों की कथित मिलीभगत के आरोप भी लगाए हैं। हालांकि इन आरोपों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पहले चार नवंबर 2025 को अपर पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की गई थी। हालांकि जांच में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने 17 अप्रैल 2026 को पुरानी एसआईटी को भंग कर दिया। इसके बाद एसएसपी ऊधमसिंह नगर अजय गणपति के पर्यवेक्षण और पुलिस अधीक्षक अपराध एवं यातायात जितेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में नई एसआईटी का गठन किया गया, और विशेष जांच टीम एसआईटी गठित कर मामले की मॉनिटरिंग शुरू की गई। पुनर्गठित एसआईटी ने जांच को तेज करते हुए 21 मई को मुख्य आरोपित धनंजय गिरी को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया है कि आरोपितों ने एक संगठित सिंडिकेट बनाकर अवैध वित्तीय लाभ कमाने के उद्देश्य से कई लोगों को जमीन दिलाने के नाम पर ठगी का शिकार बनाया। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। एसएसपी अजय गणपति ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ धारा 111 बीएनएस के तहत संगठित अपराध की धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। वहीं अपराध से अर्जित संपत्तियों को चिह्नित कर उन्हें जब्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक आरोपितों की संपत्तियों को धारा 107 बीएनएसएस के तहत फ्रीज करने की कार्रवाई प्रचलित है, ताकि भविष्य में पीड़ितों को आनुपातिक रूप से नुकसान की भरपाई कराई जा सके। साथ ही इन संपत्तियों की खरीद-फरोख्त रोकने के लिए जिलाधिकारी नैनीताल को भी पत्र भेजा गया है।

**फा. सं. 17/56/2022-FPD**
**भारत सरकार**
**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**
**खतरनाक पदार्थ प्रबंधन प्रभाग**

इंदिरा पर्यावरण भवन, जल ब्लॉक, द्वितीय तल
जोर बाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली 110003
दिनांक: 08 अप्रैल 2026

विषय: पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के परिसंकटमय पदार्थ प्रबंधन प्रभाग के 24x7 संकट नियंत्रण कक्ष में संविदा के आधार पर चार (04) अनुसंधान सहयोगियों की नियुक्ति हेतु विज्ञापन।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के परिसंकटमय पदार्थ प्रबंधन प्रभाग के 24x7 संकट नियंत्रण कक्ष (CCR) में अनुसंधान सहयोगी के चार (04) पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को मंत्रालय के दिनांक 15.04.2025 के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रति अनुसंधान राहयोगी रु. 40,000/- प्रतिमाह समेकित मानदेय देय होगा। रिक्ति से संबंधित विस्तृत विवरण मंत्रालय की वेबसाइट www.moel.nic.in पर 'भर्ती' लिंक' के अंतर्गत उपलब्ध है।

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि मंत्रालय की वेबसाइट पर इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिन है।

**(अमित वशिष्ठ)**
वैज्ञानिक 'ई'

**cbc 13101/11/0001/2627**

# SRH ने RCB को 256 रन का टारगेट दिया

■ ईशान, अभिषेक और क्लासन के अर्धशतक, रसिख सलाम को 2 विकेट



**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 256 रन का टारगेट दिया है।

राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में हैदराबाद ने टॉस जीतकर 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 255 रन बनाए। हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा ने 22 गेंदों में 56 रन की पारी खेलकर टीम को तेज शुरुआत दिलाई, जबकि ईशान किशन ने 46 गेंदों में 79 रन बनाकर पारी को संभाला। हेनरिक क्लासन ने भी 24 गेंदों में 51 रन की पारी खेली। आखिर में नितीश कुमार रेड्डी ने 12 गेंदों में नाबाद 29 रन जोड़कर टीम को 250 के पार पहुंचाया। बेंगलुरु के गेंदबाज पूरी तरह संघर्ष करते नजर आए, जहां रसिख सलाम ने 2 विकेट लिए, जबकि सुयश शर्मा और क्रुणाल पंड्या को 1-1 सफलता मिली। आखिरी ओवर में सनराइजर्स हैदराबाद ने 9 रन जोड़े और टीम का स्कोर 4 विकेट पर 255 रन तक पहुंचा। रसिख सलाम ने ओवर की आखिरी गेंद पर ईशान किशन को आउट कर उनकी शानदार पारी का अंत किया। किशन ने 46 गेंदों में 79 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। नितीश रेड्डी ने भी अंत में तेज 29 रन जोड़े। बेंगलुरु को 17वें ओवर में विकेट मिला, जब क्रुणाल पंड्या ने हेनरिक क्लासन को आउट कर दिया। क्रुणाल ने लो-आर्म एक्शन से धीमी गेंद डाली, जिस पर क्लासन बड़ा शाट खेलने गए। हालांकि गेंद बल्ले पर सही तरीके से नहीं आई और लान्ग आन पर खड़े वेंकटेश अ"यर ने आसान कैच पकड़ लिया। क्लासन 24 गेंदों में 51 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में 2 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। हालांकि इसके बाद आए नीतीश कुमार रेड्डी ने पहली गेंद पर डीप मिडविकेट के ऊपर छक्का जड़कर खाता खोला।

फिर अगली ही गेंद पर लॉन्ग ऑन के ऊपर से सिक्स लगा दिया। सनराइजर्स हैदराबाद ने 16 ओवर में 2 विकेट पर 209 रन बना लिए हैं। ईशान किशन और हेनरिक क्लासन ने सिर्फ 51 गेंदों में 100 रन की साझेदारी पूरी कर ली। रसिख सलाम डार के ओवर में 20 रन बने। ओवर की पहली ही गेंद पर ईशान किशन ने बैक आफ द हैंड स्लोअर बाल को डीप मिडविकेट के ऊपर छक्के के लिए भेज दिया। इसके बाद उन्होंने लगातार दो चौके जड़ते हुए गेंदबाज पर दबाव बढ़ा दिया। ओवर की आखिरी गेंद पर हेनरिक क्लासन ने 2 रन लेकर इस सीजन की अपनी छठी फिफ्टी पूरी की। ईशान 35 गेंदों में 65 रन और क्लासन 23 गेंदों में 51 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। ईशान किशन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए आईपीएल 2026 में अपना एक और अर्धशतक पूरा किया। 14.2 ओवर में भुवनेश्वर कुमार की फुलटॉस गेंद पर उन्होंने डीप मिडविकेट की ओर एक रन लेकर अपनी फिफ्टी पूरी की। ईशान का यह रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ लगातार चौथा अर्धशतक भी रहा। 13वें ओवर में जोश हेजलवुड के इस ओवर में कुल 27 रन आए, जिसमें हेनरिक क्लासन ने तीन छक्के और एक चौका जड़ा। हेजलवुड की यार्कर और स्लोअर गेंदें दोनों ही असरदार नहीं रहीं, जबकि दो वाइड ने बेंगलुरु की मुश्किलें और बढ़ा दीं। क्लासन ने महज 14 गेंदों में 28 रन बना लिए, वहीं ईशान किशन भी 38 रन पर टिके रहे।

## गेंदबाजी में सुधार के लिए मैने अपने वीडियो देखे: मोहम्मद सिराज



**अहमदाबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में गुजरात टाइटंस के तेज गें. दबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि गेंदबाजी में सुधार के लिए मैंने अपने वीडियो देखे और नई गेंद से अभ्यास किया। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले में 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए मोहम्मद सिराज ने कहा कि गेंद मेरे हाथ से काफी अच्छी तरह से निकल रही है। वर्ल्ड कप के ज्यादातर मैचों से मैं बाहर ही रहा था और मुझे खेलने का मौका नहीं मिला था। इसी वजह से गेम के लिए जिस लय की जरूरत होती है, वो मेरे पास नहीं थी। मैं पहले कुछ मैचों में अच्छी गेंदबाजी नहीं कर रहा था। लेकिन इसके बाद मैंने अपने वीडियोज देखे और उसके बाद से गेंद अच्छी तरह से पड़ने लगी। उन्होंने कहा कि अभ्यास के दौरान मैंने अपनी लाइन और लेंथ सुधारने के लिए नई गेंद का प्रयोग किया। इसके बाद यॉर्कर की भी प्रैक्टिस की। लाल मिट्टी वाली पिच पर मैं हमेशा संजू सैमसन से ड्राइव करवाने की को. शिश करुंगा। पावरप्ले में गेंदबाजी करते हुए मेरा काम होता है कि बल्लेबाजों पर दबाव बनाकर रखूं।

### खेल विशेष

## आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी का करेगा विस्तार

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने पिछले साल शुरु हुई महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी विस्तार करने का फैसला किया है। आईसीसी की गुरुवार को हुई ऑनलाइन मुख्य कार्यकारी की बैठक में यह फैसला लिया गया। नवम्बर 2025 में हुए पहले एडिशन में आठ एसोसिएट टीमें शामिल थीं, लेकिन दूसरे संस्करण में 10 टीमें होंगी, जिसमें पांच टेस्ट खेलने वाले देश शामिल हैं। यह टूर्नामेंट इस साल नवम्बर में आयोजित होगा। 10 टीमों की चैंपियनशिप में श्रीलंका, बंगलादेश, पाकिस्तान, जिम्बाब्वे और आयरलैंड के साथ नीदरलैंड्स, स्कॉटलैंड, थाईलैंड, यूएई और पापुआ न्यू गिनी भी शामिल होंगे। जैसा कि इस वेबसाइट ने पहले बताया था।

## नैनीताल में शुरू हुआ 21वां गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट, 179 गोल्फर ले रहे हिस्सा

**नैनीताल, वार्ता।** उत्तराखंड लोक भवन की ओर से आयोजित 21वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट का शुक्रवार राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (अप्रा) गुरमीत सिंह ने टी-ऑफ कर शुभारम्भ किया। तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रतिठित टूर्नामेंट में विभिन्न श्रेणियों के कुल 179 गोल्फर हिस्सा ले रहे हैं। इस वाZ प्रतियोगिता को पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व0 भुवन चंद्र खंडूड़ी की स्मृति को समर्पित किया गया है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि गवर्नर्स कप केवल खेल आयोजन नहीं बल्कि उत्तराखण्ड की खेल क्षमताओं और पर्यटन संभावनाओं को राट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का प्रभावशाली मंच है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय भुवन चंद्र खंडूड़ी का राट्र और प्रदेश के विकास के प्रति योगदान सदैव प्रेरणादाई रहेगा। टूर्नामेंट में 110 सामान्य श्रेणी, 27 जूनियर खिलाड़ी, 9 महिला खिलाड़ी, 29 वेटरन तथा 4 सुपर वेटरन खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

## अंडर 18 एशिया कप काकामिगाहारा के लिए भारतीय महिला टीम घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को 18-सदस्ईय भारतीय महिला अंडर-18 टीम की घोाणा की, जो आगामी महिला अंडर 18 एशिया कप काकामिगाहारा 2026 में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। जापान द्वारा आयोजित यह प्रतिठित महाद्वीपीय टूर्नामेंट 29 मई से 6 जून, 2026 तक चलेगा। भारतीय टीम भोपाल में राट्रीय शिविर में कई हफ्तों की तैयारी के बाद इस टूर्नामेंट में उतर रही है, जहां रानी के नेतृत्व वाले कोचिंग स्टाफ ने टीम के तालमेल बनाने, मैच फटिनेस सुधारने और रणनीतिक क्रियान्वयन को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया। यह टूर्नामेंट स्वीटी कुजूर की कप्तानी वाली युवा भारतीय टीम के लिए एक अवसर के रूप में काम करेगा।

## सानिया और सोमदेव फ्रेंच ओपन का गहन विश्लोण करेंगे

**मुंबई, वार्ता।** सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क, फ्रेंच ओपन 2026 की पूरी कवरेज देने के लिए पूरी तरह तैयार है। 24 मई, 2026 से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में, पूरे भारत के टेनिस प्रेमियों को क्ले-कोर्ट पर होने वाले मुकाबलों का रोमांच देखने को मिलेगा। यह ग्रैंड स्लैम नेटवर्क के स्पोर्ट्स चैनलों पर लाइव दिखाया जाएगा और सोनी लिव पर इसकी लाइवस्ट्रीमिग होगी। यह कवरेज अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भााओं में उपलब्ध होगी। फ्रेंच ओपन, प्रोफेशनल टेनिस की सबसे कठिन चुनौतियों में से एक माना जाता है। पेरिस की लाल क्ले (मिट्टी) पर ही टेनिस के कुछ सबसे यादगार मुकाबले खेले गए हैं। चोट के कारण कार्लोस अल्काराज के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद, इस ग्रैंड स्लैम में जैनिक सिनर, इगा स्वीयाटेक, आर्यना सबालेंका और कोको गॉफ जैसे खिलाड़ी मुख्य आर्काण होंगे।

# पंजाब किंग्स के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला

■ सीजन के आखिर में अचानक आई गिरावट ने उनके उस अभियान को खतरे में डाल दिया



**लखनऊ, वार्ता।** पंजाब किंग्स को शनिवार को पहले ही बाहर हो चुकी लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 'करो या मरो' वाली स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। वे आईपीएल 2026 प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि सीजन के आखिर में अचानक आई गिरावट ने उनके उस अभियान को खतरे में डाल दिया है, जो कभी खिताब जीतने वाला लग रहा था। 25 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रिकॉर्ड तोड़ 265 रनों का पीछा करने के बाद पंजाब का सीजन एक नाटकीय मोड़ पर आ गया है। एक समय तो वे टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीमों में से एक लग रहे थे,

उन्होंने अपने पहले सात मैचों में से छह जीते थे और खिताब के असली दावेदार लग रहे थे। हालांकि, श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली इस टीम को तब से लगातार छह हार का सामना करना पड़ा है, जिससे वे पॉइंट्स टेबल में पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं और उनकी प्लेऑफ की उम्मीदें बहुत पतली हो गई हैं। पंजाब को अब अपने आखिरी लीग मैच में एलएसजी को हराना होगा और साथ ही रविवार के मैचों के नतीजों का भी अपने पक्ष में आने का इंतजार करना होगा। उन्हें उम्मीद करनी होगी कि मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स, क्रमशः राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स से हार जाएं। अगर राजस्थान मुंबई को हरा देता है, तो पंजाब आधिकारिक तौर पर टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा, वहीं अगर केकेआर दिल्ली को हरा देता है, तो नेट रन रेट (एनआरआर) का समीकरण बीच में आ सकता है। फिलहाल, एनआरआर के मामले में पंजाब कोलकाता से थोड़ा आगे है। लेकिन समीकरणों की चिंता करने से पहले, पंजाब को अपनी समस्याओं को ठीक करने की जरूरत है। हाल के खराब प्रदर्शन ने टीम के सभी विभागों की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। उनका आक्रामक टॉप ऑर्डर-जिसमें प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह और कूपर कॉनली शामिल हैं-हाल के मैचों में बुरी तरह से संर्घा कर रहा है, जबकि सीजन की शुरुआत में टीम की सफलता में इसी टॉप ऑर्डर का अहम योगदान था। प्रियांश ने अपनी पिछली सात पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक बनाया है, और पिछले मैच में वे बिना कोई रन बनाए (डक पर) आउट हो गए थे। प्रभसिमरन भी अपनी पिछली पांच पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक बना पाए हैं, जबकि कॉनली अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे हैं। कप्तान अय्यर-जो सीजन की शुरुआत में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक थे-की फॉर्म में भी हार के इस सिलसिले के दौरान गिरावट आई है, पिछली छह हार वाले मैचों में वे सिर्फ एक बार ही पचास का आंकड़ा पार कर पाए हैं। पंजाब का मिडिल ऑर्डर-जिसने दिल्ली के खिलाफ उस मशहूर जीत में अहम भूमिका निभाई थी-भी अपनी लय खो चुका है, जबकि उनका गेंदबाजी आक्रमण अहम मौकों पर रनों को रोकने में संर्घा करता नजर आया है। खराब फीलि्डग और छूटे हुए कैचों ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। इस बीच, लखनऊ सुपर जायंट्स अपने पिछले 10 मैचों में से सिर्फ दो मैच जीतने के बाद पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। पिछले मैच में उन्हें राजस्थान रॉयल्स के हाथों सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था, जहां युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी ने अपनी शानदार पारी से सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया था। फिर भी, एलएसजी को एकाना स्टेडियम में अपने हालिया घरेलू प्रदर्शन से आत्मविश्वास मिलेगा, जहां उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपने पिछले दो मैच जीते थे।

# अशिमता चालिहा की हार के साथ भारत की चुनौती समाप्त

**कुआलालंपुर, वार्ता।** कुआलालंपुर में चल रहे मलेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती शुक्रवार को महिला सिंगल्स के क्वार्टर-फाइनल में अशिमता चालिहा की हार के साथ समाप्त हो गई।

चालिहा को डेनमार्क की पूर्व यूरोपीय गेम्स चैंपियन लाइन कजर्सफेल्ट ने हराया। बैडमिंटन रैंकिग में 71वें स्थान पर मौजूद चालिहा ने पहला गेम जीता, लेकिन आखिरकार 61 मिनट चले इस मैच में वह 23वें स्थान पर मौजूद अपनी प्रतिद्वंद्वी से 21-23, 21-18, 21-11 से हार गईं। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने शुरुआत में मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और पहले गेम के ब्रेक तक 11-6 की बढ़त बना ली। हालांकि, लाइन कजर्सफेल्ट ने जोरदार वापसी करते हुए स्कोर 17-17 से बराबर कर दिया, लेकिन अशिमता चालिहा ने मैच के आखिरी पलों में अपना संयम बनाए रखा और अपने तीसरे गेम-पॉइंट के मौके पर पहला गेम अपने नाम कर लिया। लेकिन, दूसरे गेम में मैच का रुख बदल गया। अशिमता ने एक बार फिर शानदार शुरुआत करते हुए 10-5 की बढ़त बना ली, लेकिन लाइन कजर्सफेल्ट ने जोरदार वापसी करते हुए गेम के ब्रेक तक स्कोर का अंतर घटाकर सिर्फ एक अंक का कर दिया। डेनमार्क की इस शटलर ने स्कोर 13-13 से बराबर किया और लगातार चार अंक हासिल करते हुए 18-15 की बढ़त बना ली, जिसके बाद उन्होंने यह गेम भी जीत लिया। शुरुआत में मुकाबला बराबरी का रहने के बाद, निर्णायक गेम पूरी तरह से एकतरफा हो गया। जब स्कोर 4-4 से बराबर था, तब लाइन कजर्सफेल्ट ने लगातार चार अंक हासिल करते हुए 8-4 की बढ़त बना ली। अशिमता ने कुछ देर के लिए स्कोर का अंतर घटाकर 8-6 किया, लेकिन लाइन ने लगातार पांच अंक हासिल करते हुए अपनी बढ़त को 13-6 तक पहुंचा दिया और आसानी से यह मैच जीत लिया। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच यह दूसरी भिड़ंत थी। लाइन केयर्सफेल्ट ने थाईलैंड मास्टर्स 2023 में भी अशिमता को तीन गेम में हराया था। इससे पहले, राउंड ऑफ 16 में, अशिमता चालिहा ने मलेशिया की गोह जिन वेई को सीधे गेम में हराया था।

# 84 रन बनाकर सुदर्शन ने किया ऑरेंज कैप पर कब्जा



**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटंस (जीटी) का दबदबा ऑरेंज कैप की सूची में पूरी तरह दिखाई दे रहा है और विकेट लेने वालों की तालिका में भी काफी हद तक जीटी के गेंदबाज छाए हुए हैं। अहमदाबाद में जीटी की चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर 89 रन की बड़ी जीत के बाद आईपीएल 2026 की ऑरेंज और पर्पल कैप लीडरबोर्ड की स्थिति कुछ ऐसी है।

ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड इस मैच में शुभमन गिल सबसे पहले शीर्ा पर पहुंचे, जब उन्होंने 37 गेंदों में 64 रन की पारी खेली और इससे उनके इस सीजन में 616 रन हो गए। इस मैच के शुरू होने से पहले गिल के 552 रन थे, जबकि उनके सलामी जोड़ीदार साई सुदर्शन के नाम 554 रन थे। जैसे ही गिल ने अपनी 125 रन की ओपनिग साझेदारी में साई सुदर्शन से ज्यादा रन बनाए, ऑरेंज कैप उनके पास चली गई। लेकिन पारी खत्म होते-होते गिल फिर दूसरे स्थान पर पहुंच गए और साई सुदर्शन 53 गेंदों में 84 रन बनाकर 638 रन के साथ शीर्ा स्थान पर आ गए। इस तरह जीटी के दो बल्लेबाज, शीर्ा दो स्थानों पर हैं और तीसरे नम्बर पर हैं राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के वैभव सूर्यवंशी, जिनके नाम 579 रन हैं। उनके बाद 563 रन के साथ चौथे नम्बर पर लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मिचेल मार्श का नाम आता है,

जबकि सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के हेनरिक क्लासेन 555 रन के साथ शीर्ा-5 को पूरा करते हैं। शुक्रवार रात एसआरएच और आरसीबी के मुकाबले के बाद यह तस्वीर फिर बदल सकती है।

क्लासेन के पास अपने रनों की संख्या को और बढ़ाने का मौका होगा, वहीं आरसीबी के विराट कोहली (542 रन) भी आगे बढ़ सकते हैं। एसआरएच के अभिोक शर्मा 507 रन के साथ आठवें और इशान किशन 490 रन के साथ नौवें स्थान पर हैं। पर्पल कैप लीडरबोर्ड आरसीबी के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार काफी आगे निकलते दिख रहे थे, लेकिन जीटी के कगिसो रबाडा ने सीएसके के खिलाफ 3 विकेट लेकर कुल 24 विकेटों के साथ भुवनेश्वर की बराबरी कर ली।

# गायकवाड़ पर लगा 24 लाख का जुर्माना



**अहमदाबाद, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर जुर्माना लगाया गया है, क्योंकि अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 66वें मैच के दौरान उनकी टीम ने धीमा ओवर-रेट बनाए रखा। चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत इस सीजन में उनकी टीम का दूसरा अपराध था पहला अपराध मैच 18 में हुआ था,

जो न्यूनतम ओवर-रेट से जुड़े अपराधों से संबंधित है - इसलिए गायकवाड़ पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। प्लेइंग एक्सआई के बाकी सदस्यों पर, जिसमें इम्पैक्ट प्लेयर भी शामिल है, या तो 6 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाएगा, इन दोनों में से जो भी राशि कम होगी, वही लागू होगी।

## बदलाव के दौर में टीम के प्रदर्शन पर मुझे गर्व है: गायकवाड़

**अहमदाबाद, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रितुराज गायकवाड़ ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की शुरुआत खिलाड़ियों के चोटों और तीन हार के साथ करने के टीम ने आखिरी लीग मैच तक प्लेऑफ की उम्मीद को बनाए रखा। उन्होंने कहा कि बदलाव के इस दौर में मुझे टीम के प्रदर्शन पर गर्व है। चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल सीजन का अंत 14 मैचों में छह जीत और आठ हार के साथ किया। गुरुवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मिली हार के बाद गायकवाड़ ने कहा कि वह इस टीम पर गर्व महसूस करते हैं क्योंकि यह एक बदलाव के दौर से गुजर रही टीम है। सीजन के आखिरी हिस्से में लगी चोटें, खासकर तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर जेमी ओवर्टन और रामकृण घोा की गैरमौजूदगी टीम को उस समय पीछे ले गई, जब उन्होंने अच्छी लय पकड़ ली थी। उन्होंने कहा कि हमारी शुरुआत बेहद मुश्किल रही थी क्योंकि हमें लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद जब हमें मोमेंटम मिला, तब खिलाड़ियों को सही जगह पर खिलाना, सही कॉम्बिनेशन बनाना, यह सब कुछ काम करने लगा। फिर लगातार कुछ चोटें लगीं, जिससे हमें फिर नुकसान हुआ। विशोकर जेमी और एक अन्य ऑलराउंडर रामकृण घोा की कमी ने हमारी प्लेइंग 11 को अस्थिर कर दिया। आखिरी तीन मैचों में हम या तो एक बल्लेबाज कम खेल रहे थे या हमारे पास एक गेंदबाज कम था। बहुत लोग इस बात को नहीं मानते कि हम एक युवा टीम हैं और बदलाव के दौर में हैं। विशोकर इतनी कठिन प्रतियोगिता में, हमारे पास इतने अनुभवी खिलाड़ी नहीं हैं। लेकिन यह भी सच है कि हमारी टीम में आठ से दस खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्होंने 20 से भी कम मैच खेले हैं। ऐसे में इस साल उन्हें जो अनुभव मिला, वह बेहद अहम है। हमें यह समझ आया कि हमारी कमी कहां है, लेकिन फिर भी छह जीत हासिल करना और कुछ शानदार जीत दर्ज करना, इस यूनिट पर गर्व करने वाली बात है।

# बड़े खिलाड़ी लौटे, पाक ने ऑस्ट्रेलिया वनडे के लिए मजबूत टीम चुनी

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए 15 सदस्ईय टीम की शुक्रवार को घोाणा की।

शाहीन अफरीदी टीम की कप्तानी करेंगे, जिसमें कई बड़े नाम वनडे टीम में वापसी कर रहे हैं। बाबर आजम, शादाब खान, नसीम शाह, हारिस रऊफ और साथ ही सुफियान मुकीम, जो बांग्लादेश के खिलाफ वनडे में नहीं खेले थे, इस लिस्ट का हिस्सा हैं। हालांकि, मोहम्मद रिजवान, जिनका पीएसएल में प्रदर्शन खराब रहा था, उन्हें टीम से बाहर रखा गया है। टीम में तीन ऐसे खिलाड़ी भी शामिल हैं जिन्होंने अभी तक वनडे फॉर्मेट में डेब्यू नहीं किया है: अहमद दानियाल, अराफात मिन्हास और रोहेल नजीरद्ध इन सभी ने पहले ही टी 20 मैच खेले हैं। पीसीबी के बयान के अनुसार, उस्मान खान को बीमारी के कारण चयन के लिए नहीं चुना गया, जबकि मोहम्मद गाजी घोरी और नजीर दो मुख्य विकेटकीपर होंगे। पाकिस्तान की टीम शुक्रवार को इस्लामाबाद में एक ट्रेनिग कैंप के लिए इकट्ठा होगी। फखर जमान और सईम अयूब को भी पिछली चोटों के कारण चयन के लिए नहीं चुना गया और वे पीसीबी मेडिकल पैनल की देखरेख में अपना रिहैबिलिटेशन जारी रखेंगे। ऑस्ट्रेलिया 23 मई को पाकिस्तान पहुंचेगा।

ईद-उल-अजहा को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का फरमान

# आपसी भाईचारे से मनाएं त्योहार : एसएसपी

## प्रतिबंधित पशुओं को कुर्बानी से पूरी तरह परहेज किया जाए : नवनीत सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आने वाली ईद उल अजहा यानि बकरा ईद के त्यौहार को लेकर एसएसपी हरिद्वार नवनीत सिंह ने जहां आवाम को आपसी भाई-चारे व प्रेम के साथ इस त्यौहार को मनाने का आह्वान किया है तो वही अपने अधीनस्थों को भी सख्त आदेश दिए हैं कि त्योहार पर माहौल खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।




एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर जहां जनपद की तमाम आवाम से अहवान किया है कि वह आने वाले त्योहार को मिलजुल कर आपसी भाईचारे के साथ एन्जाय करें लेकिन दूसरे धर्म के लोगों की भावनाओं का भी जरूर ख्याल रखें। किसी भी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न की जाये वहीं कुर्बानी के अवशेष को खुले में न फेंके और साथ ही कुर्बानी का खून भी नालियों में न बहाया जाये। पुलिस कप्तान ने अपने अधीनस्थों को भी आदेश दिया है कि वह अपने क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक का आयोजन कर इस त्यौहार को सकुशल संपन्न करायें। पुलिस कप्तान ने गणमान्य लोगों से बकरीद के पर्व को शांति व सौहार्दपूर्वक मनाने की अपील करते हुए कहा कि बकरीद पर कोई भी प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करे। कुर्बानी खुले स्थान पर न करके, निश्चित स्थान पर करते हुए एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि कोई भी नई परंपरा डालने की कोशिश न करें।

एसपी ने कहा कि ने कहा कि जनपद हरिद्वार के लोग एक दूसरे के सहयोग से जाने जाते हैं। यह सौहार्द हमेशा बना रहे । उन्होंने कहा कि कुर्बानी खुले में न करें और अवशेषों को इधर-उधर नहीं फेंकें। नालियों में कुर्बानी का रक्त न बहाएं, कुर्बानी से निकलने वाले रक्त को नालियों में प्रवाहित न करके गड्ढा खोदकर एकत्र कर दबाया जाए।

> ❖सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई : भुललर
>
> ❖बकरा ईद के मद्देनजर सफाई व्यवस्था बिजली एवं पानी की व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए

एसएसपी ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दिया जाए।, यदि कहीं पर किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो प्रशासन व पुलिस प्रशासन को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सौहार्द बिगाड़ने कोशिश करने की जरूरत करते हैं तो ऐसे लोगों को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई कि जाएगी। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने कहा की बकरीद पर्व के दिन ईद की नमाज ईदगाह परिसर में ही पढ़ी जाए कोई भी व्यक्ति सड़क पर नमाज अदा न करें यदि ईदगाह के परिसर में जगह ना हो तो अपने नजदीकी मस्जिद के परिसर में नमाज पढ़ी जाए। उन्होंने कहा कि ईद पर्व पर यदि कोई सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालता है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी हर जगह पर सीसीटीवी कैमरा लगे हैं ऐसी कोई गतिविधि ना करें जिससे माहौल खराब होने की आशंका हो अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी हर क्षेत्र में पुलिस की ड्यूटी रहेगी तथा सुरक्षा एवं निगरानी रखी जाएगी।

# कलियर क्षेत्र में विजिलेंस टीम ने 45 लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** देहरादून से आई विजिलेंस और ऊर्जा निगम की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को कलियर क्षेत्र के गांवों में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने छापेमारी कर करीब 45 लोगों को अवैध रूप से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है।टीम के अचानक छापे से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। ऊर्जा निगम के उपखंड अधिकारी अश्वनी कुमार ने बताया कि विजिलेंस के सहायक विकास कुमार ,अनिल के नेतृत्व में क्षेत्र के सोहलपुर, कोटा मुरादनगर और रांघडवाला में अभियान चलाकर करीब 25 लोगों को कटिया डालकर बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है।वहीं दूसरी ओर ऊर्जा निगम की उपखंड अधिकारी अनिता सैनी ने इमलीखेड़ा और मेहवड में अभियान चलाकर करीब 20 लोगों को कटिया डालकर बिजली चोरी करते हुए पकड़ है।उपखंड अधिकारी अश्वनी कुमार और अनिता सैनी ने बताया कि टीम ने मौके से बिजली चोरी में इस्तेमाल की जा रही केबिल को जब्त कर लिया हैं। पकड़े गए सभी लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बताया कि ऊर्जा निगम को लंबे समय से आसपास के क्षेत्रों में बिजली चोरी की शिकायतें मिल रही थी जिसके बाद यह अभियान चलाया गया है। बिजली चोरी रोकने के लिए आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। इस मौके पर टीम में जेई योगेंद्र रावत,अनिता काला, सपना,प्रशांत सैनी, गोपाल सैनी, राहुल गिरी,सरिता शाह, और संजीव त्यागी मौजूद रहें।

# रंगरलियां मनाते एक महिला व पुरुष को रंगेहाथ किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** झबरेड़ा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत इकबालपुर चौकी पुलिस ने जंगल में स्थित एक कमरे से रंगरलिया करते हुए एक महिला और पुरुष को रंगे हाथों दबोचा है। पुलिस ने पुरुष का पुलिस एक्ट में चालान किया है, जबकि महिला को सख्त चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार इकबालपुर चौकी प्रभारी योगेश कुमार ने बताया कि पुलिस को ग्राम सुनेहटी के एक ग्रामीण द्वारा सूचना दी गई थी कि गांव के ही एक खेत में स्थित खेत में बने कमरे में एक महिला और पुरुष संदिग्ध परिस्थितियों में मौजूद हैं और अनैतिक काम कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर छापेमारी की और दोनों को हिरासत में ले लिया। पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर चौकी आई, जहां उनसे गहन पूछताछ की गई। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपनी पहचान बिजेंद्र सिंह, निवासी ग्राम गागालेहड़ी, जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश के रूप में बताई है। मामले में विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपित बिजेंद्र सिंह के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत चालान किया गया है। वहीं, पकड़ी गई महिला को भविष्य के लिए सख्त हिदायत और चेतावनी देते हुए छोड़ दिया गया है।क्षेत्र में इस कार्रवाई को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं।

### संबंध विच्छेद-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र साजिद का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने साजिद को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। आज के बाद साजिद के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **शहीद पुत्र रसीद नि. भारापुर भौंरी थाना बहादराबाद, तह. रूडकी हरिद्वार।**

# स्माल स्केल इंडस्ट्रियल एसो. की कार्यकारिणी घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की स्माल स्केल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन की 60वीं वार्षिक आम सभा का आयोजन सिविल लाइन स्थित एक होटल में किया गया। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी का चुनाव भी सम्पन्न हुआ, जिसमें मुकेश शर्मा को अध्यक्ष एवं राजीव मित्तल को सचिव चुना गया। नई कार्यकारिणी में विनीत सिंघल को उपाध्यक्ष, विकास सिंघल को संयुक्त सचिव तथा अजय अग्रवाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रवि प्रकाश, निपुण धवन, अजय कंसल, विभु शर्मा, रोहित सिंघल, एम. मुसाकिम, इरफान अल्वी, नवीन गुप्ता, विनीत कुमार मित्तल, शहनवाज मलिक, नीरज शिवा एवं यथार्थ गुप्ता को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने कहा कि उनका स्माल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन से काफी पुराना संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि रुड़की के उद्योग देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। यहां इंजीनियरिंग, रक्षा एवं रेलवे उपकरणों का निर्माण किया जाता है। सरकार उद्योगपतियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा उन्हें प्रदेश का कैबिनेट मंत्री बनाकर जनता की सेवा का अवसर दिया गया है। वह प्रदेश और अपने नगर की सेवा पूरी निष्ठा के साथ करेंगे तथा प्रधानमंत्री के विकास के विजन को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे।




कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि अनिता अग्रवाल ने कहा कि यह क्षेत्र ऐतिहासिक औद्योगिक क्षेत्र है। नगर निगम की ओर से सड़क, बिजली, सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले सभी नालों की सफाई कराई जाएगी, जिससे जल निकासी की समस्या से राहत मिलेगी। राज्य कर विभाग के अधिकारियों आर.एल. वर्मा, अभय कुमार पाण्डेय एवं संजीव सचदेवा ने कहा कि विभाग का उद्योगों से सीधा संवाद रहता है। सरकार द्वारा समय-समय पर किए गए परिवर्तनों की जानकारी उद्योगों तक पहुंचाई जाती है तथा कानूनी दायरे में रहकर उद्योगों की समस्याओं का समाधान किया जाता है। इस अवसर पर लेबर विभाग, जिला उद्योग केन्द्र, कोतवाली गंगनहर, राज्य कर विभाग एवं फायर विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष विजय कुमार, सचिव अजय भारद्वाज, उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, सहसचिव अजय कंसल, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल सहित नवीन गुप्ता, मुकुल गर्ग, मौ. मुस्तकीम, धीरज शर्मा, विवेक सिंघल, इरफान अस्वी, पवन हांडा, वंदना मोहन, विशाल सिंघल, शाहनवाज, निपुण धवन, रवि प्रकाश, दीपक गुप्ता एवं नवीन अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में उद्योगपति उपस्थित रहे।

एसआईआर प्रशिक्षण में बीएलओ को दिए गए विशेष दिशा-निर्देश

# अंतिम मतदाता सूची 15 सितंबर तक प्रकाशित होगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** तहसील सभागार में एसआईआर प्रथम चरण को लेकर बीएलओ, सुपरवाइजर, बीएलए एवं आईटी एक्सपर्ट्स के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीएम लक्सर अनिल कुमार शुक्ला, तहसीलदार दीवान सिंह राणा, बीडीओ लक्सर प्रवीण भट्ट, नगरपालिका ईओ मोहम्मद कामिल खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी सुधा त्रिपाठी और कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालेश्वर सिंह सहितसंबंधित विभागों के तमाम अधिकारी मौजूद रहे। निर्वाचन कार्य की महत्वपूर्ण समय-सारणी प्रशिक्षण के दौरान एसडीएम अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रथम चरण के तहत अभी फिजिकल प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जबकि निर्वाचन कार्य का पूरा शेड्यूल इस प्रकार रहेगा एक जून से 5 जून द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आयोजित होगा। 29 मई से 7 जून आवश्यक सामग्री का वितरण किया जाएगा। ।8 जून से 7 जुलाई बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर फॉर्म वितरण एवं संग्रहण का कार्य 14 जुलाई ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन और आपत्तियों का निस्तारण 15 सितंबर: अंतिम मतदाता सूची का अंतिम रूप से प्रकाशन अधिकारियों को निर्देश और जनता से अपील एसडीएम ने जोर देकर कहा कि लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण कार्य में बीएलओ की भूमिका सबसे अहम है। इस बार नई मतदाता सूची पूरी तरह ऑनलाइन अपलोड किए गए फॉर्म के आधार पर तैयार की जाएगीउन्होंने जनता से अफवाहों से बचने की अपील करते हुए साफ किया कि बीएलओ अनिवार्य रूप से घर-घर जाकर कार्य करेंगे। अधिकृत बीएलए-2 भी 50 तक भरे हुए फॉर्म बीएलओ को सौंप सकते हैं। यदि किसी भी नागरिक को मतदाता सूची में नाम जोड़ने या काटने में कोई समस्या आती है, तो वे सीधे एआरओ कार्यालय में संपर्क कर अपनी शिकायत का समाधान करा सकते हैं।



# भयंकर गर्मी के चलते घरों में कैद हुए लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** उत्तर भारत में सूर्यदेव के तीखे तेवरों ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। लक्सर क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी और लू (हिटवेव) का तांडव देखने को मिल रहा है, जिससे आम जनता का जीना दुश्वार हो चुका है। दोपहर के समय हालात ऐसे हो जाते हैं मानो सड़कों पर अघोषित कर्फ्यू लग गया हो। लोग अपने घरों में कैद होने को मजबूर हैंराहत की तलाश में भटकते लोगगर्मी से निजात पाने के लिए लोग ठंडे पेयों का सहारा ले रहे हैं। क्षेत्र में जूस, कुल्फी और गन्ने के रस की दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है। लोग अपनी प्यास बुझाने और शरीर को ठंडक पहुंचाने के लिए लाइनों में खड़े नजर आ रहे हैं, लेकिन सूरज की तपिश के आगे ये सारे इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं10 बजे के बाद बाहर निकलना खतरे से खाली नहींस्थानीय निवासी बॉबी चौधरी, जोगेंद्र चौधरी और सुखविंदर सिंह ने क्षेत्र के हालातों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा दोपहर की तो बात छोड़िए अब तो सुबह 10 बजे के बाद ही धूप इतनी तीखी हो जाती है कि घरों से बाहर निकलना जान जोखिम में डालने जैसा है इस भयंकर गर्मी में जरा सी लापरवाही किसी को भी गंभीर रूप से बीमार कर सकती है। इसलिए बहुतजरूरी होने पर ही लोग बाहर निकलें और अपने बच्चों को धूप से बचाकर रखें किसान वहीं इस भीषण गर्मी ने सबसे ज्यादा कहर अन्नदाता पर बरपाया है ग्रामीणों ने बताया कि इस मौसम ने किसानों की कमर तोड़कर रख दी हैपानी की भारी किल्लत गर्मी के कारण खेतों की नमी तुरंत गायब हो रही है किसान आज फसल में पानी लगाता है और अगले ही दिन खेत फिर से सूखा नजर आता हैबढ़ती लागत का बोझ एक तरफ जहां फसलों को बार-बार सिंचाई की जरूरत है, वहीं दूसरी तरफ डीजल तेल के दामों में लगातार हो रही बढ़ोतरी ने किसानों की जेब पर भारी डाका डाला है इंजन चलाकर सिंचाई करना अब किसानों के बजट से बाहर होता जा रहा है। सरकार से राहत की गुहारक्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि इस संकट की घड़ी में किसानों को विशेष राहत पैकेज या बिजली-डीजल पर सब्सिडी दी जाए, ताकि वे अपनी सूखती फसलों को बचा सकें।



# चोरी के माल समेत शातिर चोर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है इसी के तहत 01 शातिर चोर पुलिस की गिरफ्त में लिया है जिससे चोरी का सामान भी बरामद कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली मंगलौर पर ठेकेदार लोकेश कुमार द्वारा निर्माणाधीन मकान से अज्ञात चोर द्वारा, एसी के तार, फिटिंग का तार, पाईप, स्टील को टोन्टी आदि सामान चोरी कर लगे जाना के सम्बन्ध मे अभियोग पंजीकृत कराया। उक्त चोरी की घटना के अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मंगलौर द्वारा अलग-अलग टीमो का गठन कर कार्यवाही करते हुये 01 शातिर चोर को धर दबोचा। आरोपी के कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया गया। आरोपी का नाम फरमान पुत्र इकबाल निवासी ईमली रोड रुडकी कोतवाली रुडकी हरिद्वार। है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ कोतवाली में 5 वर्षीय बच्चे का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है ।पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र की एक महिला द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि गुरुवार शाम उसका 5 वर्षीय बच्चा घर के बाहर खेल रहा था। काफी देर तक घर न आने पर परिजनों को उसकी चिंता हुई। परिजनों ने बच्चे को ढूंढना शुरू किया कुछ देर बाद बच्चा रोता हुआ घर आया तथा उसने आप बीती बताइ । महिला द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया है कि ग्राम मौलाना निवासी शुभम उम्र लगभग 45 वर्ष उसके पांच वर्षीय बच्चे का अपहरण कर गांव से बाहर ले गया था तथा गांव से बाहर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया ।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर शुभम पुत्र अरविंद निवासी ग्राम मौलाना के खिलाफ अपहरण व पोक्सो की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।बच्चे के साथ गलत काम हुआ है या नहीं मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा ।उक्त आरोपी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर चालान करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# माहौल खराब करने पर 9 लोग पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में नौ लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि इमलीखेड़ा क्षेत्र में घर के सामने सड़क पर ट्रैक्टर खड़ा करने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। मामले में पुलिस ने आठ लोगों को हिरासत में लिया। वहीं कलियर महमूदपुर में बच्चों के क्रिकेट खेलने के दौरान गेंद लगने को लेकर पड़ोसी महिला से विवाद हो गया। जिसमें एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने लाखन, मुनेश कुमार, विशाल, अंकित, अजय, अजीत, सचिन, मोहित सैनी निवासी मोहम्मदपुर पांडा तथा शमी निवासी महमूदपुर का शांतिभंग में चालान किया गया।कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

झबरेड़ी खुर्द में बहुउद्देशीय शिविर अचानक रणक्षेत्र में हुआ तब्दील

# दर्जा राज्यमंत्री कर्णवाल व असपा कार्यकर्ताओं में जमकर नोक झोंक, हाथापाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** झबरेडा विधानसभा क्षेत्र के झबरेडी खुर्द गांव में शुक्रवार को सरकार की नीतियों और जनसमस्याओं के निस्तारण को लेकर आयोजित एक बहुउद्देशीय शिविर अचानक रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। सरकार के कामकाज पर सवाल-जवाब से शुरू हुआ यह विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। इस घटना में पूर्व विधायक व दर्जाधारी देशराज कर्णवाल की पत्नी, उनका भतीजा और दूसरे पक्ष का एक युवक घायल हो गए हैं। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में भारी राजनीतिक सरगर्मी और तनाव का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार, पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल गांव झबरेडी खुर्द में सरकार की नीतियों, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार और जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए एक बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन कर रहे थे। शिविर से पहले प्रचार के लिए एक ई-रिक्शा भी चलाई गई थी। पूर्व विधायक का आरोप है कि कार्यक्रम शुरू होने से पहले उनके प्रचार गाड़ी के चालक बबलू के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की, जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस हंगामा कर रहे शिविर के सामने रहने वाले स्थानीय युवक सौरभ के भाई को हिरासत में लेकर थाने आ गई। इसी दौरान, कार्यक्रम स्थल पर मौजूद सौरभ ने सरकार के कामकाज और नीतियों को लेकर पूर्व विधायक से सीधे और तीखे सवाल करने शुरू कर दिए। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच बहस इतनी बढ़ गई कि इसने एक बड़े विवाद का रूप ले लिया। जैसे ही इस पूरे घटनाक्रम और हिरासत में लिए जाने की भनक आजाद समाज पार्टी के स्थानीय नेता महक सिंह को लगी, वह तुरंत अपने भारी समर्थकों के साथ झबरेडा थाने पहुंच गए। तथा पुलिस हिरासत से युवक को छुड़वाया गया। बाद में मामला शांत होने के बजाय और बिगड़ गया। तथा दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल का कहना है कि आसपा नेता महक सिंह ने युवक को शराब पिलाकर गांव भेज दिया। शराब के नशे में धुत होकर उक्त युवक ने कार्यक्रम में बाधा डालने के उद्देश्य से तेज आवाज में डीजे बजा दिया। जब उन्हें रोकने का प्रयास किया गया, तो विरोधियों ने लामबंद होकर उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इस मारपीट में पूर्व विधायक की पत्नी और उनका भतीजा घायल हो गए। कर्णवाल का आरोप है कि विपक्ष जानबूझकर सरकारी कार्यों में बाधा डाल रहा है। वहीं दूसरी ओर, आसपा नेता महक सिंह और पीड़ित सौरभ का कहना है कि जब बाद में युवक शांतिपूर्वक अपने घर आ गया था, तो पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल खुद अपने समर्थकों के साथ उनके घर पर झगड़ा करने पहुंचे। महक सिंह ने आरोप लगाया कि विवाद के दौरान पूर्व विधायक ने मर्यादा खो दी और युवक सौरभ को दांतों से काट खाया। महक सिंह ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ऐसे नेता को तुरंत जेल में बंद रखना चाहिए, जो समाज के लिए हानिकारक हैं। और अपने पद से भी इस्तीफा दे देना चाहिए। घटना के बाद दोनों ही पक्षों के घायल लोग थाने पहुंचे और एक पक्ष के खिलाफ तहरीर देते हुए सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। फिलहाल सभी घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जैसे ही घायलों की मेडिकल रिपोर्ट और दोनों पक्षों की औपचारिक तहरीर प्राप्त होती है, मामले की गहन जांच कर उचित और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। दोनों राजनीतिक गुटों के बीच उपजा यह तनाव क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।




> ❖राज्य मंत्री की पत्नी, एक भतीजा व दूसरे पक्ष से एक युवक बताया जा रहा घायल, दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ दी तहरीर

# चर्चाओं में अभिजीत

एक्स पर बैन के बावजूद कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके चुप होते दिखाई नहीं दे रहे हैं। शुक्रवार को सोशल मीडिया पेज बनाने के सात दिन बाद वह पहली ऑनलाइन पिटीशन लेकर आए हैं। इस पॉजिशन में उन्होंने नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है। इस पिटीशन में लोगों से विशेषकर युवाओं से साइन करने के लिए कह रहे हैं। ताकि सिस्टम की गलती पर सवाल उठ सकें। ऐसा कम ही होता है कि कोई व्यक्ति कुछ ही दिनों में जीरो से हीरो बनने की तरफ अपना सफर तय करे। जिस तरह अभिजीत दीपके के इस आइडिया पर फॉलोवर्स जुड़े हैं वह किसी चमत्कार से कम नहीं है। इतने फॉलोवर्स तो भाजपा व कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय राजनीति में स्थापित पार्टियों के पास भी नहीं हैं। फॉलोवर्स का यह आंकड़ा मात्र छह दिन में ही दो करोड़ के पास पहुंच गया है और यह सिलसिला बराबर जारी है। यहीं इस तस्वीर का दूसरा पहलू भी है। अभिजीत दीपके के माता-पिता अपने पुत्र की लोकप्रियता से सहमे भी दिखाई दे रहे हैं और अपने बयान में अपने पुत्र को यह नसीहत देते दिखाई दे रहे हैं कि उनको राजनीति से दूर ही रहना चाहिए। उनके माता-पिता को डर है कि कहीं उनका बेटा किसी मुसीबत में पड़ जाए। अभिजीत दीपके के पिता भगवान ने एक मराठी न्यूज चैनल को बताया कि वह अपने बेटे को राजनीति में नहीं भेजना चाहते थे। उसकी प्रसिद्धि से हमारी रातों की नींद उड़ी हुई है। भगवान ने साफ कहा कि आज का माहौल देखकर डर लगना स्वाभाविक है, अपने इंटरव्यू में वह यह कहते दिखाई दे रहे हैं कि चाहे उनके पुत्र के कितने भी फॉलोवर्स क्यों न हों। अभिजीत ने खुद भी भारत लौटने पर गिरफ्तार होने का डर जाहिर किया है। उनकी माता के भी ऐसे ही विचार हैं वह नहीं चाहती कि उनका पुत्र राजनीति में आए और किसी पचड़े में पड़े। माता के अनुसार उनका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है और वह चाहती हैं कि उनका पुत्र कोई नौकरी कर ले। अब सवाल यह है कि अभिजीत के माता-पिता के डर को किस रूप में लिया जाए। आखिर एक लोकतांत्रिक देश में डरने की वजह क्या हो सकती है। लोकतांत्रिक देश का मतलब ही यह होता है कि जहां लोग खुलकर अपनी राय रख सकें, चाहे कोई इससे सहमत हो या असहमत। अभिव्यक्ति पहली प्राथमिकता होती है, लेकिन उसके माता-पिता का डर बता रहा है कि भले ही चाहे हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश हैं, लेकिन खुलकर अपनी आवाज को उठाना अभी भी इतना आसान नहीं है। विशेषकर सरकार को लेकर। इस तरह का वातावरण नहीं होना चाहिए और इस पर सरकार को भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि उसके क्रियाकलापों से देश के भीतर किस तरह का संदेश जा रहा है।

# काला सोना या देश का हरा भविष्य?



प्रो. आर.के. जैन

ऊर्जा और विकास की जटिल धारा में बहता सिंगरौली आज फिर सुर्खियों के शिखर पर है। यह वही क्षेत्र है जहां कोयले की परतों के नीचे आर्थिक आकांक्षाएं और पर्यावरणीय प्रश्न साथ-साथ सांस लेते हैं। 21 मई 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने अजय दुबे की याचिका विलंब के आधार पर खारिज की, जिसमें अडानी समूह की महान एनर्जन लिमिटेड (धीरौली कोल ब्लॉक) की वन/पर्यावरण मंजूरी को चुनौती दी गई थी। यह आदेश केवल न्यायिक प्रक्रिया की औपचारिकता नहीं, बल्कि विकास की रफ्तार और नीति-स्थिरता को नई दिशा देने वाला संकेत भी है। कोयला उत्पादन के लिए प्रसिद्ध यह इलाका अब एक बार फिर राष्ट्रीय ऊर्जा विमर्श के केंद्र में मजबूती से उभर आया है, जहां भविष्य की राह अब अधिक स्पष्ट दिखाई देने लगी है।



कानूनी अनिश्चितता की परत हटते ही परियोजना के लिए स्थिरता का नया आधार तैयार हो गया है, जो बड़े निवेश और खनन गतिविधियों को गति देता है। सुप्रीम कोर्ट ने समयबद्ध न्याय व्यवस्था का महत्व स्पष्ट करते हुए कहा कि देरी से दाखिल याचिकाएं विकास की प्रक्रिया को बाधित नहीं कर सकतीं। इसी संदर्भ में सिंगरौली की यह परियोजना राष्ट्रीय ऊर्जा ढांचे में एक मजबूत कड़ी बनती दिखाई दे रही है। बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के बीच यह निर्णय वर्तमान मांगों को संभालते हुए भविष्य की दिशा भी निर्धारित करता है। यह फैसला न्याय और विकास के बीच संतुलन का सशक्त उदाहरण है। ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में यह परियोजना एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। धीरौली कोल ब्लॉक की अधिकतम उत्पादन क्षमता 6.5 मिलियन टन प्रति वर्ष (6.5 एमटीपीए) निर्धारित है, जिसमें मुख्य रूप से ओपन-कास्ट खनन शामिल है। इस कोयला उत्पादन से अडानी पावर की बिजली उत्पादन श्रंखला मजबूत होने की उम्मीद है। तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और ऊर्जा की बढ़ती मांग को देखते हुए यह परियोजना बिजली आपूर्ति को स्थिर बनाए रखने, उत्पादन लागत को नियंत्रित करने और औद्योगिक विकास को गति देने में सहायक सिद्ध हो सकती है। आधुनिक खनन प्रौद्योगिकी के उपयोग से न केवल उत्पादकता बढ़ेगी बल्कि ऊर्जा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता को भी मजबूती मिलेगी।

इस परियोजना से मध्य प्रदेश में आर्थिक संभावनाओं का विस्तार होने की संभावना है। स्थानीय स्तर पर हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे, जिससे सिंगरौली और आसपास के क्षेत्रों में बेरोजगारी दर कम करने में मदद मिलेगी। छोटे-मध्यम उद्योगों, ट्रांसपोर्ट, होटल, दुकानों और सेवा क्षेत्र को नई गति मिलने की उम्मीद है। राज्य सरकार को रॉयल्टी, टैक्स और अन्य मदों से पर्याप्त राजस्व प्राप्त होगा। साथ ही सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास को भी गति मिलेगी। विकास की दौड़ जितनी तेज हो रही है, पर्यावरणीय चेतावनी उतनी ही स्पष्ट और गंभीर स्वर में सामने खड़ी है। सिंगरौली की धरती पहले से ही कोयला खनन के दबाव तले संतुलन बनाए रखने की कोशिश करती रही है। वन भूमि का घटता दायरा, वृक्षों की कटाई और जैव विविधता पर बढ़ता संकट अब अनदेखा नहीं किया जा सकता। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि आधुनिक तकनीकों जैसे धूल नियंत्रण प्रणाली, जल पुनर्चक्रण और उन्नत प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों का प्रभावी उपयोग किया जाए, तो पर्यावरणीय क्षति को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके साथ ही अनिवार्य वनरोपण, मिट्टी संरक्षण और जल स्रोतों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना आवश्यक है। किसी भी बड़े विकास की असली कसौटी उसकी सामाजिक स्वीकार्यता और स्थानीय भागीदारी होती है। यह परियोजना भी केवल आर्थिक या तकनीकी सफलता पर नहीं, बल्कि समुदायों के समावेशन पर निर्भर करेगी। प्रभावित क्षेत्रों के हजारों परिवारों के लिए पुनर्वास और उचित मुआवजा जरूरी है। वन अधिकार अधिनियम के तहत सभी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए उनकी आजीविका की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। कौशल विकास के जरिए स्थानीय युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करना और उन्हें प्राथमिकता देना भी आवश्यक है।

जब समुदाय विकास का हिस्सा बनेगा, तभी यह परियोजना वास्तव में टिकाऊ और स्वीकार्य होगी। न्यायिक निर्णयों की दिशा में यह फैसला एक स्पष्ट संदेश छोड़ता है कि प्रक्रिया में अनावश्यक देरी विकास की गति को रोक नहीं सकती। याचिका को विलंब के आधार पर खारिज करना इस बात का संकेत है कि बड़े प्रोजेक्ट लंबे कानूनी ठहराव में नहीं फंसाए जा सकते। यह निर्णय आने वाली परियोजनाओं के लिए एक मजबूत मार्गदर्शक बनकर उभर रहा है। साथ ही यह भी अपेक्षित है कि विकास कार्य पर्यावरणीय मानकों और सामाजिक दायित्वों का सख्ती से पालन करें। कानून का वास्तविक उद्देश्य अनुमति के साथ-साथ संतुलन स्थापित करना भी है। सतत विकास आज विकास की दिशा तय करने वाला सबसे निर्णायक सिद्धांत बन चुका है।

## श्रीमुख से...

### मेहनतकशों का जीवन अति कष्टदायी बना



सरकार को बिजली संकट से आमजन को निजात दिलाने के त्वरित उपाय करने चाहिए, बिजली संकट से गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, छोटे व्यापारी और करोड़ों मेहनतकश लोगों का जीवन अति-कष्टदायी बन गया है, उत्तर प्रदेश जैसे विशाल आबादी वाले राज्य में भीषण गर्मी के इस मौसम में बिजली की कम आपूर्ति व कटौती आदि की आम शिकायतों को लेकर लोग विभिन्न रूपों में अपना आक्रोश भी प्रकट कर रहे हैं, जिसकी चर्चा समाचार माध्यमों में भी काफी व निरन्तर रहती है, सरकार बिजली आपूर्ति सम्बंधी लोगों के कष्ट व परेशानियों को ध्यान में रखते हुए जरूरी उपाय तत्काल सुनिश्चित करे, साथ ही, नए बिजलीघर के माध्यम से भी आगे के लिए बिजली आपूर्ति की स्थिति को सुधारने का प्रयास करे तो यह व्यापक जनहित में उचित होगा।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बसपा**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**

**Dainikshahtimes@gmail.com**

# खरीफ सीजन से पहले उर्वरक संकट बढ़ा



खरीफ सीजन के नजदीक आते ही देशभर में उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। कई राज्यों के किसान धान, मक्का, कपास और गन्ने जैसी फसलों के लिए आवश्यक उर्वरकों की समय पर आपूर्ति को लेकर परेशान हैं। भारत में कृषि करोड़ों लोगों की आजीविका का आधार है, इसलिए उर्वरकों की कमी सीधे फसल उत्पादन और खाद्य सुरक्षा को प्रभावित करती है। भारत दुनिया में उर्वरकों का सबसे बड़ा उपभोक्ता देशों में से एक है। देश में यूरिया का उत्पादन बड़े स्तर पर होता है, लेकिन मांग को पूरा करने के लिए अब भी काफी मात्रा में आयात करना पड़ता है। वहीं पोटाश की बात करें तो भारत लगभग 90 प्रतिशत पोटाश विदेशों से आयात करता है। यह अधिक आयात निर्भरता भारतीय कृषि को वैश्विक कीमतों, आपूर्ति संकट और अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों पर निर्भर बना देती है। पिछले कुछ वर्षों में ईंधन और परिवहन लागत बढ़ने के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। सरकार किसानों को 45 किलो यूरिया की बोरी लगभग ₹270 की सब्सिडी दर पर उपलब्ध कराती है, लेकिन कमी के समय कई किसानों को यही बोरी काले बाजार में ₹400 से ₹700 तक में खरीदनी पड़ती है।

इसका सबसे अधिक असर छोटे और सीमांत किसानों पर पड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीभी कई बार उर्वरकों में आयात निर्भरता कम करने और नैनो यूरिया, जैविक खाद तथा संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने की बात कर चुके हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि भारत उर्वरकों के घरेलू उत्पादन को बढ़ाए और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाए, तो यह कृषि क्षेत्र के लिए एक बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। यदि हम अभी से सही कदम उठाते हैं, तो इसका लाभ केवल खरीफ ही नहीं बल्कि रबी सीजन की फसलों को भी मिलेगा। इससे किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध होंगे, खाद्य सुरक्षा मजबूत होगी और भारतीय कृषि अधिक आत्मनिर्भर बन सकेगी।

**-साक्षी रोहिल्ला, अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर**

## क्या है भारत में विद्या व विद्यार्थियों का भविष्य

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्वारा देश से की जा रही श्मन की बातश के 131वें एपिसोड में गत 22 फरवरी 2026 को छात्रों से श्परीक्षा पे चर्चाश की थी। अपने इस संवाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने छात्रों को दिए गए श्उपदेशोंश में कहा कि ष्अंकों से किसी की योग्यता तय नहीं होती। शिक्षा जीवन को संवारने का एक माध्यम है, जबकि परीक्षा केवल आत्म-मूल्यांकन का जरिया है। उन्होंने छात्रों से परीक्षा को किसी बड़े बोझ या हौवे के रूप में देखने के बजाय इसे एक उत्सव की तरह मनाने की अपील की थी। पढ़ाई, आराम, शारीरिक खेलकूद और अपने शौक के बीच एक सही संतुलन बनाने को जरूरी बताया था। मोदी ने छात्रों को सलाह दी थी कि कुछ छात्र रात में पढ़ना पसंद करते हैं तो कुछ सुबह जल्दी, अपनी इसी मूल शैली पर विश्वास रखें। उन्होंने छात्रों को यह सलाह भी दी कि वे अपने मन की चिंताओं को अपने माता-पिता और परिवार के साथ खुलकर साझा करें, जिससे मानसिक तनाव कम होता है। अभिभावकों को सलाह देते हुए उन्होंने कहा था कि माता-पिता को बच्चों पर उनकी इच्छा के विरुद्ध विशिष्ट करियर चुनने का दबाव नहीं बनाना चाहिए। हर बच्चा अपने आप में अनूठा होता है। इसी तरह उन्होंने शिक्षकों को भी सलाह दी कि उन्हें छात्रों की सीखने की गति को समझना चाहिए और उनके लिए ऐसे लक्ष्य तय करने चाहिए जो पहुंच में हों लेकिन जिन्हें प्राप्त करने के लिए थोड़ी मेहनत करनी पड़े। प्रधानमंत्री के उपरोक्त कथन में यह बात पूरी तरह विरोधाभासी है कि ष्अंकों से किसी की योग्यता तय नहीं होती। क्योंकि आज के दौर में एडमिशन, वरीयता सूची,श्रेणी निर्धारण आदि हर जगह अंक प्रतिशत की ही होड़ लगी हुई है। परन्तु पीएम ने इन्हीं छात्रों को कभी यह नहीं बताया कि यदि आपकी जी तोड़ मेहनतों के बाद परीक्षा के पर्चे लीक हो जाएं व परीक्षा ही स्थगित कर दी जाए तो आखिर छात्रों को ऐसे सदमे से कैसे उबरना चाहिए।

**-निर्मल रानी**

# गन्ना अधिनियम 2026 पर टिप्पणी एवं सुझाव



सुबोध कुमार राजपुर

भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित गन्ना अधिनियम 2026 का उद्देश्य चीनी उद्योग, एथेनॉल उत्पादन तथा किसानों के भुगतान तंत्र को आधुनिक बनाना है। यह अधिनियम पुराने कानूनों में सुधार कर नई तकनीक और उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार व्यवस्था बनाने का प्रयास है हालांकि इस अधिनियम में शुगर रिकवरी आधारित मूल्य निर्धारण का प्रावधान किसानों के हित में पूर्ण रूप से उचित नहीं माना जा सकता।

वर्तमान समय में गन्ना केवल चीनी उत्पादन का स्रोत नहीं रह गया है बल्कि इससे एथेनॉल, बिजली उत्पादन, पेपर उद्योग के लिए अवशेष, बायो फ्यूल तथा अन्य कई बायो प्रोडक्ट भी तैयार किए जाते हैं।

यदि किसी गन्ने में शुगर रिकवरी कम होती है तो उसमें अवशेष एवं अन्य पदार्थ अधिक मात्रा में प्राप्त होते हैं। जिनका औद्योगिक उपयोग और आर्थिक मूल्य भी महत्वपूर्ण होता है। इसलिए केवल शुगर रिकवरी के आधार पर किसानों को मूल्य देना उचित नहीं है। यदि रिकवरी आधारित कानून लागू करना आवश्यक हो तो गन्ने से बनने वाले सभी उत्पादों और उनके आर्थिक मूल्य को भी गणना में शामिल किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त गन्ने में चीनी की रिकवरी बढ़ाने में पोटाश एवं मैग्नीशियम की सीधी और महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह भी समझना आवश्यक है कि लगभग 1000 क्विंटल प्रति हेक्टेयर गन्ना उत्पादन लेने पर फसल मिट्टी से लगभग 250 किलोग्राम पोटाश ग्रहण करती है।

यदि इस 250 किलोग्राम पोटाश की कीमत बाजार में उपलब्ध मोप के आधार पर गणना की जाए तो इसकी लागत लगभग 8750 रुपये या उससे अधिक बैठती है अर्थात किसानों की भूमि में मौजूद पोषक तत्वों का उपयोग चीनी मिल मालिकों एवं उद्योगों द्वारा वर्षों से किया जाता रहा है लेकिन किसानों को उसका वास्तविक मूल्य कभी नहीं दिया गया। जब मिट्टी में पुनः पोषक तत्व डालने और उर्वरकों पर खर्च करने की बारी आती है तब रिकवरी आधारित भुगतान की बात की जाती है।

यह व्यवस्था किसानों के साथ न्यायसंगत नही कही जा सकती। बायो प्रोडक्ट उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है। नई तकनीकों और उपयोगों के कारण गन्ने का औद्योगिक महत्व हर वर्ष बढ़ रहा है। इसलिए यह कानून स्थाई रूप से न बनाकर प्रत्एक 10 वर्ष बाद पुनः समीक्षा और संशोधन के साथ लागू किया जाना चाहिए। रिकवरी आधारित मूल्य निर्धारण किसानों के शोषण का कारण बन सकता है। वर्तमान व्यवस्था में कई मामलों में यह निर्णय उद्योगों और बाजार की आवश्यकता के अनुसार चलता है। यदि रिकवरी वास्तव में उद्योग के लिए हानिकारक होती तो देश में चीनी मिलों की संख्या लगातार ना बढ़ती और नई मिलें स्थापित करने की योजनाएं न बनती। अतः गन्ना अधिनियम 2026 बनाते समय किसानों के हितों की रक्षा, गन्ने से बनने वाले सभी उत्पादों का आर्थिक मूल्यांकन, मिट्टी की उर्वरता की वास्तविक लागत तथा उद्योग और किसानों के बीच संतुलित व्यवस्था को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।



# अमेरिका ने ताइवान को बेचे जाने वाले हथियारों पर लगाई रोक

■ ईरान एवं अमेरिका के बीच जारी तनाव के कारण के चलते वाशिंगटन का अहम फैसला

**वाशिंगटन।** ईरान एवं अमेरिका के बीच जारी तनाव के कारण अमेरिका ने ताइवान को बेचे जाने वाले 14 अरब डॉलर के हथियारों के सौदे पर फिलहाल रोक लगा दी है।

ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) के अनुसार, अमेरिकी नौसेना के कार्यवाहक सचिव हंग काओ ने सीनेट की सुनवाई के दौरान इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि यह फैसला इसलिए लिया गया है, ताकि ईरान युद्ध के लिए अमेरिका के पास पर्याप्त गोला-बारूद सुरक्षित रहे। काओ ने स्पष्ट किया कि जैसे ही प्रशासन को सही लगेगा, विदेशी सैन्य बिक्री की इस प्रक्रिया को दोबारा शुरू कर दिया जाएगा। कार्यवाहक सचिव ने हालांकि, यह भी माना कि इस संबंध में उन्होंने अभी तक ताइवान के अधिकारियों से कोई बातचीत नहीं की है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब कुछ ही दिनों पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिग के बीच मुलाकात हुई थी। इस बैठक के बाद ट्रम्प ने ताइवान को हथियारों की बिक्री पर कोई ठोस प्रतिबद्धता नहीं दिखाई थी। महीनों से राष्ट्रपति की मंजूरी का इंतजार कर रहे इस भारी-भरकम सुरक्षा पैकेज में लॉकहीड मार्टिन के पीएसी-3 एयर डिफेंस मिसाइल और सतह से हवा में मार करने वाली आधुनिक मिसाइल प्रणालियां शामिल हैं। दूसरी ओर, इस बड़े फैसले से ताइवान पूरी तरह अनजान नजर आ रहा है।

# भारत-साइप्रस ने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का रूप दिया

## दोनों देशों में सहमति बनी है, साइप्रस भारत में निवेश को दोगुना करेगा: प्रधानमंत्री

■ दोनों देशों ने साइबर और समुद्री सुरक्षा तथा आतंकवाद रोधी सहयोग को भी और मजबूत करने का निर्णय लिया है: पीएम
■ भारत और साइप्रस ने शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग बढाने के लिए भी समझौते किए हैं



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि साइप्रस भारत और समूचे यूरोप के बीच एक महत्वपूर्ण 'निवेश द्वार' के रूप में उभर रहा है और इसे देखते हुए हमने अपने संबंधों को साम. रिक साझेदारी में बदलकर संबंधों को सहयोग से सह-निर्माण तक,और साझेदारी से साझा समृद्धि तक ले जाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों में सहमति बनी है कि साइप्रस भारत में निवेश को दोगुना करेगा।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने साइबर और समुद्री सुरक्षा तथा आतंकवाद रोधी सहयोग को भी और मजबूत करने का निर्णय लिया है। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में सुधार की जरूरत पर भी बल दिया है। साथ ही भारत और साइप्रस ने शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग बढाने के लिए भी समझौते किए हैं। दोनों पक्षों ने हिन्द प्रशांत महासागर और भारत-पश्चिम एशिया यूरोप आर्थिक गलियारे जैसी महत्वपूर्ण पहलों के माध्यम से कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए भी साथ मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की है। मोदी ने भारत की तीन दिन की यात्रा पर आए साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के साथ शुक्रवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में, साइप्रस से भारत में निवेश बध्कर लगभग दोगुना हो गया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच विश्वास बढ़ने और भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से तमाम नई संभावनाएं बनी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसका लाभ उठाते हुए कि हम अगले पांच वर्षों में इस निवेश को फिर से दोगुना करने का लक्ष्य रख रहे हैं। और इस संकल्प को साकार करने के लिए, आज हम अपने विश्वसनीय संबंधों को एक रणनीतिक साझेदारी का रूप दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और साइप्रस के बीच यह साझेदारी दोनों देशों के वित्तीय और सेवाओं को जोड़कर, वाणिज्य के लिए पूंजी लाएगी। यह साइप्रस के अवसंरचना, ऊर्जा, और कृषि क्षेत्र में भारतीय कंपनियों के लिए नए अवसर प्रदान करेगी। इससे भारत के तेजी से बढ़ रहे नौवहन और समुद्री क्षेत्रों में नया निवेश भी आएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम साइप्रस के साथ मिलकर, गिफ्ट सिटी को एक ग्लोबल फाइनैन्शल और सर्विसे हब बनाने के विघ्न को गति देंगे। और दोनों देशों के इनोवेशन और स्टार्ट-अप एकोसिस्टम के बीच कनेक्ट बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि रक्षा और सुरक्षा सहयोग भी संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तम्भ है। उन्होंने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के बीच मिलिटरी एक्सचेंज और ट्रैनिंग सहयोग बढ़े है। आज हमने साइबर सिक्युरिटी, मैरीटाइम सिक्युरिटी और काउन्टर- टेररिम सहयोग को भी और मजबूत करने का निर्णय लिया।

# शेख हसीना कानूनी प्रक्रिया से वापस लौटें: बांग्लादेश

**ढाका।** बांग्लादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने कहा है कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को कानूनी प्रक्रियाओं के माध्यम से वापस लाना चाहती है। यह टिप्पणी हसीना की हालिया बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने मृत्युदंड का सामना करने के बावजूद बहुत जल्द घर लौटने की उम्मीद जताई थी। हसीना अगस्त 2024 से भारत में रह रही हैं, जब छात्र-नेतृत्व वाले विद्रोह के बाद उनकी अवामी लीग सरकार को गिरा दिया गया था। अहमद ने पत्रकारों से कहा, हम उन्हें कानूनी प्रक्रियाओं के माध्यम से वापस लाना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें हसीना की वापसी में कोई कानूनी बाधा नहीं दिखती, यदि वह ऐसा करना चाहें। हसीना को नवम्बर 2025 में एक न्यायाधिकरण द्वारा अनुपस्थिति में मृत्युदंड सुनाया गया था, जिसकी उनके समर्थकों ने आलोचना की थी। गृह मंत्री अहमद की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री तारिक रहमान के सूचना मामलों के सलाहकार जाहेदुर रहमान के बयान के एक दिन बाद आई है। जाहेदुर रहमान ने कहा था कि यदि हसीना बांग्लादेश लौटती हैं तो उनके खिलाफ कोई अतिरिक्त-न्यायिक उपाय नहीं किए जाएंगे। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि पूर्व प्रधानमंत्री को न्यायपालिका के सामने आत्मसमर्पण करना होगा।

# होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों से फीस वसूलेगा ईरान

## ओमान के साथ पेमेंट सिस्टम पर बातचीत जारी, होर्मुज स्ट्रेट के मैनेजमेंट सुपरविजन एरिया की सीमा तय कर दी है: पीजीएसए



■ दुनिया के करीब 20 प्रतिशत समुद्री तेल और प्राकृतिक गैस की सप्लाई होर्मुज स्ट्रेट से गुजरती है
■ ईरान सीधे टोल लगाने के बजाय सर्विस फीस मॉडल पर काम कर रहा है

**तेहरान।** ईरान और ओमान होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर फीस वसूली के सिस्टम को लेकर बातचीत कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की नई बनाई गई पर्सियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी (पीजीएसए) ने कहा कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के 'मैनेजमेंट सुपरविजन एरिया' की सीमा तय कर दी है। अथारिटी के मुताबिक, यहां से गुजरने के लिए परमिट जरूरी होगा। फरवरी में अमे. रिकी और इजरायली हमलों के बाद ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में कमर्शियल ट्रैफिक लगभग रोक दिया था। इससे अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग प्रभावित हुई और ऊर्जा कीमतों में तेजी आई। इसके बाद ईरानी अधिकारियों ने इस जलमार्ग से राजस्व जुटाने के विकल्पों पर चर्चा शुरू की।

दुनिया के करीब 20 प्रतिशत समुद्री तेल और प्राकृतिक गैस की सप्लाई होर्मुज स्ट्रेट से गुजरती है। ऐसे में यहां किसी भी तरह के शुल्क या प्रतिबंध का असर वैश्विक ऊर्जा बाजार और शिपिंग पर पड़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान सीधे टोल लगाने के बजाय सर्विस फीस माडल पर काम कर रहा है। इसमें जहाजों से ट्रांजिट फीस, पर्यावरण शुल्क और अन्य सेवाओं के नाम पर रकम ली जा सकती है। दो ईरानी अधिकारियों के मुताबिक ओमान अब इस प्रस्ताव में संभावित आर्थिक फायदे देखते हुए हिस्सेदारी पर चर्चा कर रहा है। ओमान खाड़ी देशों और अमेरिका के साथ इस योजना को आगे बढ़ाने की को. शिश कर सकता है। अमेरिका की धमकियों के बीच ईरान ने दावा किया कि उसके पास कई आधुनिक और अनटेस्टेड हथियार मौजूद हैं। ईरानी सैन्य सूत्रों ने कहा कि अगली बार हमला हुआ, तो जवाब बिना किसी संयम के दिया जाएगा। ईरान युद्ध और सप्लाई संकट की आशंका के बीच ब्रेंट क्रूड 105 डालर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। होर्मुज स्ट्रेट को लेकर तनाव और अमेरिकी तेल भंडार में गिरावट से बाजार में चिंता बढ़ी है। ईरान ने अमेरिका और इजरायल के हमले को संयुक्त राष्ट्र चार्टर का स्पष्ट उल्लंघन बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने जर्मन राष्ट्रपति फैंक-वाल्टर स्टाइनमायर को संबोधित सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि किसी भी संप्रभु देश पर हमला अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। बघाई ने कहा कि फरवरी के अंत में ईरान पर हुआ अमेरिका-इजरायल हमला और उसके बाद का युद्ध संयुक्त राष्ट्र चार्टर का खुला उल्लंघन है। उनके मुताबिक, संयुक्त राष्ट्र चार्टर किसी भी देश को मनमाने तरीके से दूसरे संप्रभु राष्ट्र पर बल प्रयोग का अधिकार नहीं देता। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर में 'आवश्यक युद्ध' जैसी किसी अवधारणा को मान्यता नहीं दी गई है और अमेरिका अपने 'मनमाने और आक्रामक फैसलों' के आधार पर किसी अन्य देश पर हमला करने का अधिकार नहीं ले सकता। ईरानी प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका-इजरायल हमले को केवल 'अनावश्यक युद्ध' कहकर कमतर नहीं आंका जा सकता। उन्होंने इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2(4) का स्पष्ट उल्लंघन और 'संप्रभु राष्ट्र के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई' बताया। बघाई ने कहा कि जो देश कानून के शासन और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करते हैं, उन्हें इस हमले की स्पष्ट निंदा करनी चाहिए और जवाबदेही तय करने की मांग करनी चाहिए। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) नौसेना ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटों में 35 जहाज, जिनमें तेल टैंकर और कंटेनर पोत शामिल हैं, होर्मुज स्ट्रेट से गुजरे। आईआरजीसी ने कहा कि यह आवाजाही उसकी अनुमति और समन्वय से हुई।

## होर्मुज में शुल्क लगाने की व्यवस्था को स्वीकार न करे विश्व समुदाय: अमेरिका

**हेल्सिंगबर्ग (स्वीडन)।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शुक्रवार को कहा कि संघर्ष रोकने के लिए ईरान के साथ जारी बातचीत में थोड़ी प्रगति हुई है। हालांकि, उन्होंने एक बार फिर उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगियों के रुख नारा. जगी जताई। रुबियो ने स्वीडन में नाटो के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा, वार्ता में मामूली प्रगति हुई है। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नाटो सहयोगियों के रुख को लेकर निराश हैं। हेलसिंगबर्ग में प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान रुबियो ने कुछ मामूली प्रगति हुई है। मैं इसे बढ़ा-चढ़ाकर नहीं बताना चाहता। थोड़ी हलचल जरूर हुई है और यह अच्छी बात है। अमेरिका की मुख्य रणनीतिक मांगों पर रुबियो ने कहा कि वाशिंगटन का रुख अब भी साफ है। अमेरिका चाहता है कि तेहरान अपनी परमाणु महत्वकांक्षाएं रोके और बिना बाधा के समुद्री मार्गों पर आवाजाही जारी रहे।



वाराणसी। बकरीद (ईद-उल-अज़हा) के त्योहार से पहले पशु बाजार में बकरा खरीदने के बाद उसको गोद में उठाकर ले जाता एक बच्चा।

# हमजा बुरहान की हत्या का आरोपी हथियार समेत गिरफ्तार

■ दो संदिग्ध फरार पुलवामा हमले में शामिल था बुरहान, इस्लामाबाद में दफनाया गया

**इस्लामाबाद।** पुलवामा हमले में शामिल आतंकी हमजा बुरहान की हत्या के मामले में मुजफ्फराबाद के काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) ने अब्दुल्ला कमाल नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

अब्दुल्ला कमाल पाकिस्तान के वाह कैंट का रहने वाला है। कार्रवाई के दौरान आरोपी के पास से हथियार भी बरामद किया गया। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि हत्या में इसी हथियार का इस्तेमाल हुआ था या नहीं। दो अन्य संदिग्ध मौके से भाग निकले। आरोपी अब्दुल्ला कमाल की फोटो भी सामने आई है। हमजा बुरहान 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में शामिल था। जिसमें सीआरपीएफ काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ था, जिसमें 40 जवान शहीद हुए थे। हमजा बुरहान को इस्लामाबाद के फातिमा स्कूल में दफनाया गया। भारत ने 2022 में उसे यूएपीए के तहत आतंकी घोषित किया था। वह अबू दुजाना, अबू कासिम, बुरहान वानी और जाकिर मूसा का करीबी सहयोगी माना जाता था। उसके पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से भी करीबी संबंध थे। सरकार के मुताबिक, अर्जुमंद गुलजार डार उर्फ हमजा बुरहान उर्फ डाक्टर पुलवामा के रत्नीपोरा इलाके का रहने वाला था। 23 साल का हमजा, आतंकी संगठन अल बद्र से जुड़ा हुआ था। अल बद्र को सरकार ने आतंकवादी संगठन घोषित किया हुआ है। वह कानूनी तरीके से पाकिस्तान गया था। वहां जाकर वह अल बद्र में शामिल हो गया और बाद में संगठन का सक्रिय आतंकी और कमांडर बन गया।

# ईरान कर सकता है अचानक इजरायल पर हमला

■ अमेरिका-ईरान के बीच सीजफायर को लेकर चल रही बातचीत के बीच खौफ में नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इजरायल को अंदेशा है कि ईरान उस पर और खाड़ी देशों पर अचानक मिसाइल और ड्रोन से हमला कर सकता है। यह डर ऐसे समय में जताया गया है जब अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर को लेकर पर्दे के पीछे बातचीत चल रही है।

'जेरूसलम पोस्ट' की एक रिपोर्ट के अनुसार, खुफिया अधिका. रियों ने इस संभावित खतरे की जानकारी दी है। इस खतरे को देखते हुए इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज और वरिष्ठ सैन्य अधिका. रियों ने सुरक्षा हालात की समीक्षा की है। सुरक्षा अधिकारियों का मानना है कि ईरान कूटनीतिक कोशिशों के पूरी तरह नाकाम होने से पहले ही हमला करने की कोशिश कर सकता है। अधिकारियों ने इस संभावित हमले की तुलना 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' और 'ऑपरेशन रोरिंग लायन' के शुरुआती चरणों से की है। वहीं रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच कुछ मतभेदों की खबरें भी आई हैं। इसके बावजूद, दोनों देशों की सेनाएं किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। इजरायली वायुसेना और आईडीएफ के अधिकारी अमेरिकी सैन्य अधिका. रियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। वे ईरान की संदिग्ध सैन्य गति. विधियों पर नजर रखने के लिए खुफिया जानकारी साझा कर रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल ईयाल जमीर लगातार अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में हैं ताकि हमले की स्थिति में मिलकर जवाब दिया जा सके। पिछले एक महीने में अमेरिका से इजरायल आने वाले सैन्य सामान की सप्लाई में काफी तेजी आई है। दोनों देशों ने मिलकर मिसाइलों को रोकने वाले सिस्टम, तकनीक और साफ्टवेयर को और भी बेहतर बनाया है। श्वल्लाश की एक रिपोर्ट के अनुसार, खतरों की पहचान करने और उन्हें हवा में ही नष्ट करने की क्षमता को बढ़ाने के लिए एक व्यापक समीक्षा की गई है।

# होंडुरास में छह पुलिसकर्मियों समेत 25 लोगों की हत्या

**ट्रूजिलो नगर।** मध्य अमेरिकी देश होंडुरास से एक बेहद खौफनाक और दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां हथियारबंद बदमाशों ने दो अलग-अलग जगहों पर अंधाधुंध गोलीबारी की है। इस भयानक हमले में कम से कम 25 लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई है। मरने वालों में पुलिस के छह जवान भी शामिल हैं। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। यह खूनी खेल गुरुवार को होंडुरास के तटीय इलाकों में खेला गया। अधिकारियों के मुताबिक, पहला हमला उत्तरी होंडुरास के ट्रूजिलो नगर पालिका क्षेत्र के एक बागान में हुआ। यहां काम कर रहे कम से कम 19 मजदूरों को गोलियों से भून दिया गया। इसके बाद दूसरा हमला ग्वाटेमाला सीमा के पास ओमोआ इलाके में हुआ, जहां बदमाशों ने पुलिस टीम पर घात लगाकर हमला कर दिया। इस हमले में एक वरिष्ठ अधिकारी समेत छह पुलिसकर्मियों की जान चली गई। ट्रूजिलो का इलाका प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है और यहां दशकों से जमीन और खेती को लेकर खूनी संघर्ष चलता आ रहा है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

RADHA KRISHNA SR. SEC. PUBLIC SCHOOL, AMROHA
RADHA KRISHNA PUBLIC SCHOOL विद्या सर्वस्व भूषणम् AMROHA
Affiliated to CBSE Delhi | Affiliation No. : 2130347
HIGHLIGHTS OF CBSE RESULT CLASS X & XII (2025-26)
Our Achievers
CLASS X
Raghav Rajput 98%
Arpit Mathur 97%
Hasnain Ali 94%
Priyanshi Chaudhary 93%
Lakshaya Kaushik 92%
Ramansh Tyagi 91%
Ahil Ali 91%
Ishmita Singh 90%
Prashant Kumar 90%
CLASS XII
Kanika Saini 96% Commerce
Daksh Kumar 96% Science
Mayank Chaudhary 93% Science
Jatin rana 93% Science
Shraiyanshi Trivedi 92% Science
Siiya Gera 92% Commerce
Tushar Sirohi 92% Science
Anishant 92% Science
Kartik Chauhan 92% Science
Shivi Agarwal 91% Commerce
Amrita 91% Humanities
CLASS XII ACHIEVERS
Student's Scored 90+ in English
Shreyanshi (99), Dhairya Agarwal (96)
Dhairya Chaudhary (96), Jatin Rana (95)
Kanika Saini (95), Mayank Chaudhary (94)
Siya Gera (94), Zaib Noor (94), Aryan Kumar (92)
Emira Hashmi (92), Fareha (92), Kartik Chauhan (92)
Anushka Verma (92), Amrita (92), Sabiha (91), Tushar (91)
Anshika Yadav (90), Parth Saxena (90), Daksh Kumar (90)
Student's Scored 90+ in Maths
Anishant (92), Kartik Chauhan (91)
Student's Scored 90+ in Accountancy
Kanika Saini (96), Shivi Agarwal (95)
Siya Gera (94)
Student's Scored 90+ in B. Studies
Kanika Saini (96), Siya Gera (94)
Student's Scored 90+ in IP
Jatin Rana (99), Kanika Saini (94)
Vedant Gupta (94)
Aryan Kumar (91)
Student's Scored 90+ in Chemistry
Jatin Rana (97), Kartik Chauhan (95)
Mayank Choudhary (95),
Tushar Sirohi (95), Daksh Kumar (93)
Student's Scored 90+ in Biology
Daksh Kumar (99),
Address : Kailsa Road Amroha - 244221 (U.P.) Call : 09837097452, 09837127111
E-Mail : rkpschool@gmail.com https://www.facebook.com/RkpsSchoolAmroha www.rkpschool.com